गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

भाजन

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करश

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेवसाइड पर क्लिक करें
www.ajhindidaily.com

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६



आगरा, 30 अक्टूबर 2026, शुक्रवार, वर्ष 40 अंक 287 सौर 5 कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

यूपी : चरित्र सत्यापन के इंतजार में नहीं अटकेगी नौकरी

चयनित अभ्यर्थियोंको सत्यापनसे पहले ही मिल सकेगा नियुक्ति पत्र



३० दिनमें देनी होगी सत्यापन रिपोर्ट, देरी होने पर गृह विभाग करायेगा काररवाई

लखनऊ (आससे.)। सरकारी नौकरी के लिए चयनित होने के बाद अब युवाओं को चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट आने तक नियुक्ति का इंतजार नहीं करना होगा। प्रदेश सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने के लिए चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन की नई एकीकृत नीति जारी की है। पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया चलती रहने पर भी चयनित अभ्यर्थियों को शर्तों के साथ नियुक्ति पत्र दिया जा सकेगा। सत्यापन रिपोर्ट सही मिलने पर नियुक्ति की पुष्टि कर दी जाएगी। पुलिस और संबंधित अधिकारियों को 30 दिन के भीतर सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी। इससे नियुक्ति प्रक्रिया में अनावश्यक देरी दूर करने के साथ अभ्यर्थियों को बार-बार पुलिस और प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों की पहली नियुक्ति से पहले चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर अब तक जारी शासनादेशों के स्थान पर एकीकृत दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। प्रमुख सचिव एम. देवराज की (शेष पृष्ठ २ पर)

'वोट चोरी' के खिलाफ एक नवंबर को रामलीला मैदान में जुटने का राहुल ने किया आह्वान

यह राजनीतिक दलका मार्च नहीं, देशकी आत्माकी रक्षाका आन्दोलन



नयी दिल्ली (आससे.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले विरोध मार्च में नागरिकों और छात्र संगठनों से शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ देशव्यापी विरोध मार्च बताया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में राहुल गांधी ने कहा कि यह किसी एक राजनीतिक दल का मार्च नहीं, बल्कि देश की आत्मा की रक्षा का आंदोलन है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नाराजगी जताने वाले तथा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के पक्षधर लोगों से इसमें भाग लेने की अपील की। राहुल ने कहा कि जिन छात्र संगठनों को लगता है कि देश में उनके विचारों, अभिव्यक्ति और सोच पर हमला हो रहा है, वे भी अपनी राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठकर मार्च में शामिल हों। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से पुलिस या लाठीचार्ज की आशंका से नहीं घबराने की अपील करते हुए कहा कि यह मार्च देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है।

पाकिस्तान तक फैले पांच लाख फर्जी ई-मेल नेटवर्क का खुलासा

कानपुर नगर से एटीएस ने एक को पकड़ा



साइबर नेटवर्कपर सुरक्षा एजेंसियों की नजर

लखनऊ (आससे.)। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और देशविरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए यूपी एटीएस लगातार सक्रिय है। यूपी एटीएस ने फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर उन्हें देश के बाहर बैठे लोगों को बेचने और धमकी भरे ई-मेल भेजने के मामले में कानपुर नगर से 24 वर्षीय अंकित शंखवार को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि इन ई-मेल आईडी का इस्तेमाल नोएडा, दिल्ली-एनसीआर, गुरुग्राम और मुंबई में स्कूलों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए किया गया था। इस मामले में सिंगर दिलजीत दोसांझ के दिल्ली-एनसीआर में प्रस्तावित शो को बम धमाके से निशाना बनाने की धमकी भी शामिल है। बॉलीवुड अभिनेता के घर पर भी बम धमाका करने की धमकी दी गई थी। आरोपी पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों में बैठे लोगों को फर्जी ई-मेल आईडी बेचता था और इसके बदले क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान लेता था। एटीएस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया है। लैपटॉप में करीब 5 लाख ई-मेल आईडी मिली हैं। आरोपी वर्ष 2021 से फर्जी ई-मेल आईडी बनाने का काम कर रहा था। वह वाई-फाई और प्रॉक्सी नेटवर्क का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपाता था। इन आईडी को सोशल मीडिया के फेसबुक से (शेष पृष्ठ २ पर)

नितिन नवीनने राष्ट्रीय महासचिवों के साथ की बैठक

नयी दिल्ली (आससे)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की। इसमें संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों और आने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, स्मृति ईरानी, विनोद तावड़े और सुनील बंसल समेत अन्य नेता शामिल हुए। इस बैठक के बाद नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी। इससे पहले बुधवार को नितिन नवीन ने भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत दिल्ली के चांदनी चौक में एक मार्च का नेतृत्व किया। यह मार्च ऐसे समय में निकाला गया, जब एसआईआर को लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने 'वोट चोरी' के आरोप लगाये हैं। सत्ताधारी पार्टी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करके विपक्ष के अभियान का जवाब देने की कोशिश की है। इसी प्रयास के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को चांदनी चौक में मार्च का नेतृत्व किया। उन्होंने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कांग्रेस-आई' (जिसे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने जनवरी 1978 में बनाया था) का मतलब 'कांग्रेस-इंदिरा' नहीं, बल्कि इटैलियन कांग्रेस है।


मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने योगी से की मुलाकात

लखनऊ (आससे.)। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रभानु पासवान एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए पत्र सौंपा। उन्होंने सड़क, पेयजल और बिजली से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए इनके शीघ्र निराकरण की मांग की। साथ ही मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित भी किया। विधायक चंद्रभानु पासवान ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का बेहतर होना आम जनता के जीवन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने का आग्रह किया।

आईटीबीपी ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली (आससे)। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) ने राष्ट्रसेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले अपने अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्तव्यपथ पर प्राणों की आहुति देने वाले बल के शहीदों के परिजनों को इसमें से एक समारोह में देशभर से आमंत्रित किया गया था। इस दौरान अमर बलिदानियों के सम्मान में शोक शस्त्र की कार्रवाई के साथ औपचारिक सलामी दी गई। यहां के चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में आयोजित समारोह में आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर तथा हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (हावा) की अध्यक्षा भारती कपूर ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक की शौर्य दीवार पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया। समारोह से पूर्व हावा अध्यक्षा ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए 73 शहीदों के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। उन्होंने हर परिवार की समस्याओं और कठिनाइयों को धैर्यपूर्वक सुना तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। महानिदेशक कपूर ने शहीद परिवारों के कल्याण के प्रति बल की अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आईटीबीपी हर परिस्थिति में उनके साथ दृढ़तापूर्वक खड़ी है। इस गरिमामयी अवसर पर सभी शहीद परिवारों को दिल्ली के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराया गया।

ज्ञानेश कुमारके खिलाफ विपक्ष का जन महाभियोग आज



खड़गे पेश करेंगे आरोपपत्र

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' शुक्रवार को 'जन महाभियोग' कार्यक्रम आयोजित करेगा। दोपहर 3.30 बजे नयी दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर होने वाले इस कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आरोपपत्र पेश करेंगे, जबकि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार पीठासीन अधिकारी की भूमिका निभाएंगी। राहुल गांधी सबसे अंत में अपनी बात रखेंगे। कार्यक्रम में विपक्षी दलों के एक-एक नेता, नागरिक समाज के प्रतिनिधि और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित (शेष पृष्ठ २ पर)

यूपीमें दीपावलीपर लोगों को मिलेगी निर्बाध बिजली

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली, छठ और अन्य त्योहारों पर प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारी तेज कर दी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को त्योहारों के दौरान 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है, इसलिए अनावश्यक शटडाउन और बार-बार बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एके शर्मा ने कहा कि त्योहार के समय बकाया वसूली के नाम पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन न काटे जाएं।

यूपीके २.२४ करोड़से अधिक किसानों के खातोंमें आज आयेगी 'सम्मान निधि'



लखनऊ (आससे.)। मोदी-योगी सरकार अन्नदाता किसान की समृद्धि के लिए निरंतर कदम बढ़ा रही है। डबल इंजन सरकार खेत से लेकर किसानों के सम्मान तक कार्य कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त भेजेंगे। पीएम के एक क्लिक करते ही देश के 9.34 करोड़ किसानों के बैंक खाते में 18,680 से अधिक की राशि का हस्तांतरण होगा। वहीं उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4482.19 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। यूपी के किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के (23वीं किस्त तक) 1,03,461.76 (शेष पृष्ठ २ पर)

यूपीमें 'ऑपरेशन सेफ स्पीड' : अनदेखी करने वालोंपर १.३८ करोड़ का जुर्माना

लखनऊ (आससे.)। योगी सरकार में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश पुलिस के यातायात निदेशालय की ओर से प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवे पर 'ऑपरेशन सेफ स्पीड' के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दो चरणों में 6,777 वाहनों के चालान किए गए और कुल 1 करोड़ 38 लाख 32 हजार 500 रुपये का जुर्माना दर्ज किया (शेष पृष्ठ २ पर)

दिल्लीमें हथियारके बलपर २.३० करोड़ की लूट, बदमाश फरार

नयी दिल्ली (आससे)। पुरानी दिल्ली के लाहौरी गेट इलाके में चार हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यापारी के कार्यालय से करीब 2.30 करोड़ रुपये लूट लिए। बदमाशों ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को हथियारों के बल पर बंधक बनाया और वारदात के बाद फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह बदमाश चर्च मिशन पुलिस चौकी के पास स्थित एक बहुमंजिला इमारत की तीसरी मंजिल पर बने व्यापारी विष्णु कांति के कार्यालय में सुबह करीब 10 बजे पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी वारदात के बाद चांदनी चौक की गलियों से होते हुए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां पहले से खड़ी एक कार में सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। स्पेशल स्टाफ और क्राइम ब्रांच की टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने में जुटी हैं। शुरुआती जांच में वारदात के पीछे रेकी और कार्यालय की गतिविधियों की पूर्व जानकारी होने की आशंका भी जताई जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी लूट से इलाके के व्यापारियों में चिंता का माहौल है।

संजय राउतने सुप्रीम कोर्ट से मांगी बिना शर्त माफी

नयी दिल्ली (आससे)। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर बिना शर्त माफी मांगी है। हलफनामे में उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य न्यायपालिका की गरिमा, स्वतंत्रता और अधिकार को ठेस पहुंचाना नहीं था। उन्होंने अपने बयानों पर खेद जताते हुए भविष्य में सार्वजनिक टिप्पणियों में पूरी सावधानी और संयम बरतने का भरोसा दिया। हालांकि, सुनवाई के दौरान माफीनामा रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं था और राउत की ओर से कोई वकील भी पेश नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 17 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत उसी दिन उनके माफीनामे पर विचार कर आगे का फैसला करेगी।

यूपीमें हुई परिवर्तन की शुरुआत, सपा पर बढ़ा जनताका भरोसा-अखिलेश

एमएलसी चुनावमें भाजपाका फ्लाप शो



लखनऊ (आससे.) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन की शुरुआत हो गई है। आम जनता की उम्मीद और भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। जनता ने अपना फैसला सुनाना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद का शिक्षक और स्नातक चुनाव इसका साक्षी है। सरकार के तमाम हथकंडे अपनाने प्रशासनिक दुरुपयोग, बेईमानी, धांधली के बावजूद भाजपा को तमाम सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ा है। जनशक्ति के सामने सत्ता की ताकत परास्त होती है। प्रदेश के नौजवानों और शिक्षकों ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में फैसला सुनाया। समाजवादी पार्टी को मिली जबरदस्त से सफलता स्नातकों और शिक्षकों के भरोसे और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद चुनाव में भाजपा की वाराणसी में (शेष पृष्ठ २ पर)

कैंसर की ५४३ दवाओं के ब्रांडके दाम घटे, नौ से लागू होंगी नयी कीमतें

नयी दिल्ली (आससे.)। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर की 543 दवा ब्रांडों की संशोधित अधिकतम खुदरा कीमतों (एमआरपी) की सूची जारी की है। नई दरें 9 नवंबर से लागू होंगी। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, कई दवाओं की कीमतों में बड़ी कटौती की गई है। आरपीजी लाइफ साइंसेज की फुलब्रेका की कीमत 26 हजार रुपये से अधिक से घटाकर 5,049 रुपये और एबॉट हेल्थकेयर की बेवेसिजैब की कीमत 21,767 रुपये से अधिक से घटाकर करीब 5,930 रुपये कर दी गई है। यह कदम 17 अक्टूबर को 137 गैर-अनुसूचित कैंसर दवाओं के व्यापार मार्जिन को तर्कसंगत बनाने के फैसले के तहत उठाया गया है।

विधायक राजा भैयाको जान से मारनेकी धमकी, एफआईआर दर्ज

लखनऊ (आससे.)। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के अध्यक्ष और कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी और आपत्तिजनक संदेश मिले हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। यह घटना पिछले एक सप्ताह के भीतर हुई है। धमकियां कथित तौर पर तीन अलग-अलग इंस्टाग्राम और फेसबुक खातों के माध्यम से जारी की गयी थीं। (शेष पृष्ठ २ पर)

आजम-अब्दुल्लाको दो पैन कार्ड मामलेमें मिली जमानत

प्रयागराज (का.प्र.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो पैन कार्ड रखने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने दोनों की सजा को निलंबित करते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर की है। न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने यह फैसला सुनाया। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आजम खां और अब्दुल्ला आजम ने ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई।

राम मंदिर चंदा चोरी मामला : कांग्रेस ने फिर उठाये सरकार पर सवाल



पूछा- बड़े लोगों की जांच कब, चंपत रायको भी घेरा

नयी दिल्ली (आससे)। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की रकम की कथित चोरी का मामला एक बार फिर राजनीतिक विवाद के केंद्र में आ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ तीसरी बार भी आरोप तय नहीं हो सके। पार्टी ने सवाल उठाया है कि मंदिर ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारी चंपत राय और अनिल मिश्रा को आरोपी बनाने के बजाय गवाह क्यों बनाया गया है। कांग्रेस ने यह भी पूछा है कि चंदे की कथित चोरी में बड़े और जिम्मेदार लोगों की भूमिका की जांच कब होगी। कांग्रेस के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार असली दोषियों को बचाना चाहती है। कांग्रेस का कहना है कि राम मंदिर में दान की रकम की कथित चोरी के मामले में केवल आठ कर्मचारियों तक जांच सीमित नहीं रहनी चाहिए। पार्टी ने सवाल किया कि जब मंदिर निर्माण और उससे जुड़े कार्यों का श्रेय लेने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे रहते हैं, तो दान की रकम की कथित चोरी के मामले में जवाबदेही तय करने की बात आने पर वह चुप क्यों हैं। कांग्रेस के मुताबिक, मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ तीसरी बार भी आरोप तय नहीं हो सके। पार्टी ने बताया कि आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए, लेकिन मंदिर की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग और ऑडियो उपलब्ध कराने की मांग अब भी लंबित है। जयराम रमेश ने सवाल उठाया कि आखिर पूरी रिकॉर्डिंग सामने लाने में देरी क्यों हो रही है। कांग्रेस का दावा है कि इन रिकॉर्डिंग से मामले से जुड़े अहम तथ्य सामने आ सकते हैं। हालांकि, रिकॉर्डिंग में क्या दर्ज है और उससे क्या खुलासा हो सकता है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। जयराम रमेश ने दावा किया कि मंदिर में दान की रकम हटाए जाने की 105 घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हुई थीं।



पोषण योजनाओं में लापरवाही पर डीएम सख्त दो सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश

निधौली कलां और अलीगंज की खराब प्रगति पर जताई नाराजगी, पोषित बच्चों की पहचान और उपचार में तेजी लाने के निर्देश

एटा। जिले में संचालित पोषण योजनाओं की धीमी प्रगति और कार्यों में लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी एमण अरुन्मोली ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित पोषण मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान निधौली कलां खंड और अलीगंज विकास खंड की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन पोषाहार वितरण पोषण ट्रैकर पर दर्ज आंकड़ों और विभिन्न योजनाओं की विकास खंडवार प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी लेते हुए योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समय से पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पोषण मिशन के सभी निर्धारित मानकों पर शत.प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी हैं। समीक्षा के दौरान निधौली कलां और अलीगंज



विकास खंड में पोषण संबंधी कई मानकों पर अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने से जिलाधिकारी नाराज दिखीं। उन्होंने संबंधित सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि योजनाओं के संचालन में लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने गंभीर तीव्र कुपोषण ;सैमद्ध से प्रभावित बच्चों की सही पहचान पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की वास्तविक स्थिति का आकलन निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाए। पोषण ट्रैकर पर गलत जानकारी दर्ज करने अथवा बच्चों की पोषण श्रेणी के निर्धारण में त्रुटि मिलने पर संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को चेतावनी जारी कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि चिह्नित कुपोषित बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच और निगरानी की व्यवस्था मजबूत की जाए। जिन बच्चों को विशेष उपचार की आवश्यकता हैए उन्हें समय से पोषण पुनर्वास केंद्र ;एनआरसीद्ध में भर्ती कराया जाए। उपचार और पोषण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण की व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वितरण की नियमित निगरानी के साथ पोषण ट्रैकर पर दर्ज की जाने वाली सूचनाओं की शुद्धता सुनिश्चित करें। प्रत्येक विकासखंड की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाएए ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। इस दौरान शहरी बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा समीक्षा में दिए गए तथ्यपरक और संतोषजनक जवाबों की जिलाधिकारी ने सराहना की। उन्होंने अन्य अधिकारियों को भी अपने कार्यक्षेत्र की योजनाओं और प्रगति की पूरी जानकारी रखने तथा समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण मिशन की सफलता के लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है।

बच्चों को पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में एसीएमओ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए जिला कार्यक्रम अधिकारीए समस्त सीडीपीओए प्रभारी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर तथा अलीगंजए शीतलपुर और निधौली कलां के खंड विकास अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद हे।

करवाचौथ पर पति के दीदार को व्याकुल हुई रेनू, अपनों के इंतजार में टकटकी लगाए बैठी

जसवंतनगर/इटावा। करवाचौथ का त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना का पर्व है। गुरुवार को जब महिलाएं सज-संवरकर अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रख रही थीं, उसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जसवंतनगर के वेटिंग एरिया में बैठी रेनू पाण्डेय की आंखें भी अपने पति के दीदार के लिए तरसती रहीं। परिवार से बिछुड़ी रेनू करवाचौथ के अवसर पर पति को याद कर भावुक हो गईं। उन्होंने भी अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। हालांकि, इस खास दिन पर उनके साथ न पति थे और न ही बेटा। वह अपनों के लौटने की उम्मीद में अस्पताल के गेट की ओर निगाहें लगाए बैठी रहीं। रेनू पाण्डेय के लिए बीते कुछ दिन किसी दुखद सपने से कम नहीं रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर को गोरखपुर से उदयपुर जाते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया था। इस घटना में घायल रेनू बेहोशी की हालत में मिली थीं। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी जसवंतनगर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान जब उन्हें होश आया तो



उन्होंने अपने पति का नाम पवन पाण्डेय और बेटे का नाम कृष्णा पाण्डेय बताया। रेनू ने बताया कि उनका बेटा कृष्णा अयोध्या के किसी गुरुकुल में पढ़ाई करता है। उन्होंने अपने परिवार के बारे में जो जानकारी दी है, उसके आधार पर उनके परिजनों तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। लेकिन अभी तक उनके परिवार का पता नहीं चल सका है। अस्पताल में उपचार के बीच रेनू की निगाहें लगातार अपने परिचितों और परिजनों को तलाशती रहती हैं। करवाचौथ के दिन रेनू को अपने पति की विशेष रूप से याद आई। दूसरे घरों में जहां महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के साथ त्योहार मना रही थीं, वहीं रेनू अपने परिवार से दूर अस्पताल में बैठी रहीं। पति पवन और बेटे कृष्णा से मिलने की आस उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। उन्होंने अपने पति के सुखी और स्वस्थ जीवन की कामना की। परिवार से बिछुड़ने का दर्द और अपनों से मिलने की उम्मीद उनके लिए इस त्योहार को भावुक कर देने वाला पल बना गई। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बस्ती जिले के लोगों से अपील की है कि यदि कोई रेनू पाण्डेय को पहचानता हो या उनके परिवार के बारे में जानकारी रखता हो तो उनके परिजनों तक सूचना पहुंचाने में मदद करे। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोगों के सहयोग से रेनू के परिवार का पता चल सकेगा और वह अपने पति व बेटे से मिल सकेंगी। फिलहाल रेनू सीएचसी जसवंतनगर के वेटिंग एरिया में अपनों के आने की आस लगाए बैठी हैं। करवाचौथ के इस दिन उनकी सबसे बड़ी उम्मीद यही है कि कोई परिचित उन्हें पहचान ले और वह जल्द अपने परिवार के बीच पहुंच सकें।

आबकारी अधिनियम में वांछित आरोपी गिरफ्तार

बकेवर। लवेदी थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम के मुकदमे में वांछित आरोपी अखलेश (45) पुत्र स्वर्गीय दीनानाथ निवासी लवेदी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ वाद संख्या 9739/24 में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। थानाध्यक्ष गौरव कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जितेंद्र चौधरी और कांस्टेबल अभिषेक मौर्य ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी को न्यायालय भेजने की कार्रवाई कर रही है।

दिवंगत पति को न्याय दिलाने की मांग लेकर धरने पर बैठी पीड़िता, करवाचौथ पर बच्चे संग बयां किया अपना दर्द, निष्पक्ष जांच की गुहार

फिरोजाबाद। करवाचौथ के दिन जहां सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रख रही हैं, वहीं फिरोजाबाद में एक पीड़िता अपने दिवंगत पति को न्याय दिलाने की मांग लेकर गुरूवार सुबह जिला मुख्यालय दबई पर धरने पर बैठ गई। पीड़िता का कहना है कि उसके पति की 14 जुलाई 2024 को गुरुग्राम, हरियाणा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ससुराल पक्ष की ओर से पति की मौत को आत्महत्या बताया गया, लेकिन पीड़िता आज भी इस मामले में कई सवालों के जवाब तलाश रही है। पीड़िता के मुताबिक, पति की मृत्यु के 28 दिन बाद उसके बेटे का जन्म हुआ था। अब वह अपने बच्चे के भविष्य और पति की मौत की सच्चाई जानने के लिए न्याय की गुहार लगा रही है। पीड़िता ने सवाल उठाया कि यदि उसके पति ने आत्महत्या की थी तो इसके पीछे क्या वजह थी और उनके साथ रहने वाले दो लोगों से पूछताछ क्यों नहीं की गई? पीड़िता का आरोप है कि वह कई महीनों से थाने और एसएसपी कार्यालय के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी शिकायत पर अब तक जीरो एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

चांद का दीदार कर सुहागिनों ने खोला करवा चौथ का व्रत

दिनभर निर्जला उपवास रखकर की पति की लंबी उम्र की कामनाए घरों में रहा उत्सव का माहौल

एटा। सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पर्व परंपरागत रीति.रिवाजों और श्रद्धा के साथ मनाया। पति की दीघार्यु और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखा। शाम ढलते ही घरों में पूजा.अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। रात में चंद्रमा के दर्शन होते ही व्रती महिलाओं के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। करवा चौथ को लेकर सुबह से ही घरों में उत्साह बना रहा। महिलाओं ने सोलह शृंगार कर पूजा की तैयारियां कीं। घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए। शाम को महिलाओं ने विधि.विधान से पूजा.अर्चना की और करवा चौथ की परंपराओं का निर्वहन किया। रात करीब आठ बजे चंद्रमा दिखाई देने पर महिलाएं पूजा की थाली लेकर घरों की छतों पर पहुंचीं। उन्होंने छलनी से चंद्रमा के दर्शन किए और अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद पति का चेहरा देखकर उनके हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। इस अवसर पर परिवारों में उत्सव जैसा माहौल रहा। महिलाओं ने परंपरा के अनुसार परिवार की वरिष्ठ सुहागिनों को वस्त्रए शृंगार सामग्री और अन्य उपहार भेंट किए। अंकिता सोनम सरिता पूनम रिजू अन्नू सुनीता गीता



कुसुम अंजना और डिंपल सहित अन्य महिलाओं ने पर्व से जुड़ी परंपराओं का पालन किया।

15 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ताई की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई, किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा, आरोपी की तलाश जारी

बकेवर (इटावा)। थाना बकेवर क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की ताई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व उसकी देवरानी की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से देवरानी की 15 वर्षीय बेटी और बेटा गांव के ही एक व्यक्ति के घर रह रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उक्त व्यक्ति के घर के एक युवक ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। किशोरी ने घटना की जानकारी अपनी ताई को दी। इसके बाद ताई किशोरी को लेकर बकेवर थाने पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

गांव में स्वास्थ्य शिविर, 50 मरीजों की जांच

लुधियानी में तीसरे दिन भी पहुंची सीएचसी महेवा की टीम, 35 संदिग्ध मरीजों के लिए गए ब्लड सैंपल

इटावा/महेवा। मौसमी बीमारियों और संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गांवों में जांच और जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महेवा की टीम ने ग्राम लुधियानी में लगातार तीसरे दिन



स्वास्थ्य भ्रमण कर विशेष शिविर लगाया। शिविर में करीब 45 से 50 मरीजों की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में डॉक्टर जितेंद्र और डॉक्टर महेंद्र ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बुखार, पेट दर्द, कमजोरी और मौसमी बीमारियों से पीड़ित ग्रामीणों को जरूरी चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। वहीं, बीमारी की समय रहते पहचान के लिए 30 से 35 संदिग्ध मरीजों के ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए सीएचसी महेवा की लैब में भेजे गए हैं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताते हुए घर और आसपास साफ-सफाई रखने, स्वच्छ पानी पीने तथा पानी उबालकर इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बुखार या अन्य बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर घरेलू उपचार में समय गंवाने के बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करना चाहिए। शिविर के आयोजन में लैब टेक्नीशियन अंशु, फार्मासिस्ट गोविंद त्रिपाठी और प्रशांत सहित स्वास्थ्य टीम के अन्य सदस्यों ने सहयोग किया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

तीन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एक साथ आए

आगरा। अभिनेता गुलशन देवैया और रसिका दुग्गल की पारिवारिक फिल्म लिटिल थॉमस इन दिनों सिनेमाघरों में चल रही है। यह फिल्म एक खास रचनात्मक संगम के लिए चर्चा में है, क्योंकि इसमें तीन अलग-अलग राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेताओं ने एक साथ काम किया है। फिल्म के लेखक और निर्देशक कौशल ओझा अपनी चर्चित शॉर्ट फिल्मों वैष्णव जन तो और आफ्टरग्लो के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके हैं। इस प्रोजेक्ट को शुरूआती गति तब मिली, जब निमार्ता रंजन सिंह इससे जुड़े। सिंह के प्रोड्यूसर के तौर पर किए गए कामों में मसान, क्वीन, एनएच10 और उड़ता पंजाब जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं।

प्रथम पृष्ठ के शेष

विधायक...

गोपीगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे ने बताया कि रघुराज प्रताप सिंह को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां और धमकी भरे संदेश विभिन्न खातों से पोस्ट किये गये थे। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के भदोही अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार शाम को इस संबंध में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस को कथित धमकी भरे संदेशों की प्रतियां भी सौंपी गईं। शिकायत के अनुसार, ये धमकियां 23 अक्तूबर से सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही थीं। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को इन कथित धमकी भरे संदेशों की प्रतियां भी उपलब्ध करायी गयी हैं। गोपीगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे ने शिकायत की पुष्टि की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल काररवाई शुरू कर दी है। धमकी भरे संदेश और आपत्तिजनक टिप्पणियां तीन अलग-अलग सोशल मीडिया खातों से पोस्ट की गयी थीं। ये खाते इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सक्रिय थे। पुलिस के अनुसार, ये संदेश पिछले एक सप्ताह से प्रसारित हो रहे थे। शिकायत में विशेष रूप से 23 अक्तूबर से धमकियों के प्रसार का उल्लेख है। इन संदेशों में सीधे तौर पर रघुराज प्रताप सिंह को निशाना बनाया गया था। पुलिस अब इन खातों की पहचान करने और उनके पीछे के व्यक्तियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत दर्ज की गयी है। इसके अतिरिक्त, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराओं का भी प्रयोग किया गया है। इन धाराओं के तहत सोशल मीडिया पर धमकी भरे संदेश पोस्ट करना एक गंभीर अपराध है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और दोषियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है। इस मामले में आगे की कानूनी काररवाई जारी है।

यूपी : चरित्र...

ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि केवल सत्यापन रिपोर्ट लंबित होने के कारण नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया नहीं रोकी जाएगी। नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थी से निर्धारित सत्यापन प्रपत्र और स्वघोषणा पत्र प्राप्त कर नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। नई नीति में अभ्यर्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। सामान्य परिस्थितियों में चरित्र सत्यापन के लिए पुलिस या स्थानीय अभिसूचना इकाई अभ्यर्थी के घर जाकर पूछताछ नहीं करेगी। उसे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए भी नहीं बुलाया जाएगा। सत्यापन के लिए पुलिस महानिदेशक अभिसूचना और जिलाधिकारियों को संदर्भ प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी। निर्धारित अवधि में रिपोर्ट नहीं मिलने पर नियुक्ति प्राधिकारी मामला गृह विभाग को भेजेंगे। गृह विभाग रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा। सरकार ने आपराधिक मामलों से संबंधित नियम भी स्पष्ट कर दिए हैं। केवल एफआईआर दर्ज होने, विवेचना लंबित होने या आरोपपत्र दाखिल होने से अभ्यर्थी स्वतः अयोग्य नहीं होगा। किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस या स्थानीय अभिसूचना इकाई की रिपोर्ट प्रतिकूल आने पर भी उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। जिलाधिकारी अपनी रिपोर्ट नियुक्ति प्राधिकारी को भेजने से पहले संबंधित अभ्यर्थी की सुनवाई करेंगे। यह सुनवाई ऑनलाइन भी हो सकेगी।

ज्ञानेश कुमार...

लोग शामिल होंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने संविधान के प्रावधानों और भावना का उल्लंघन कर चुनावी लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर की है। विपक्ष का आरोप है कि कार्यक्रम को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन गठबंधन इसे आयोजित करने पर अडिग है।

यूपीके...

करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। शुक्रवार को जारी होने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के खाते में 4482.19 करोड़ की धनराशि आएगी। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून 2026 में पश्चिम बंगाल से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी में 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी।

यूपीमें आपरेशन...

गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी अंकुश लगाना और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण की पहल पर यातायात निदेशालय के माध्यम से चलाए जा रहे इस अभियान में अपर पुलिस महानिदेशक यातायात ए. सतीश गणेश के निर्देशन में कार्रवाई की गई। प्रदेश के प्रमुख एक्सप्रेसवे और चिन्हित स्थानों पर इंटरसेप्टर वाहनों के जरिए तेज गति से चलने वाले वाहनों की निगरानी की गई। निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।'ऑपरेशन सेफ स्पीड' का पहला चरण 26 अक्टूबर और दूसरा चरण 28 अक्टूबर 2026 को चलाया गया। दोनों चरणों में प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर एक साथ विशेष जांच की गई। इस दौरान यमुना एक्सप्रेसवे पर सबसे अधिक 3,116 चालान किए गए और 66 लाख 98 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर 1,289 चालान कर 24 लाख 18 हजार रुपये, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 537 चालान कर 11 लाख 82 हजार 500 रुपये और गंगा एक्सप्रेसवे पर 553 चालान कर 9 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

यूपीमें हुई परिवर्तन...

डबल हार हुई है। दोबारा मतगणना के बाद भी भाजपा डबल हारी है। उसकी डबल हारने की आदत है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की हार तय है। यह बातें उन्होने गुरुवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त कीं। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त हो चुकी हैं। भाजपा सरकार के भेदभाव, अन्याय, अत्याचार और बेईमानी से उत्तर प्रदेश का हर व्यक्ति और हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने किसानों नौजवानो, शिक्षकों, व्यापारियों, कर्मचारी सभी को ठगने का काम किया है। भाजपा ने हर तबके से झूठे वादे किए। सत्ता में आने के बाद सबको बारी-बारी से ठगा। जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होने कहा कि इस सरकार की महंगाई और भ्रष्टाचार ने सभी को बेहाल कर दिया है। जनता में भाजपा के प्रति आक्रोश और निराशा है। अब 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश की जनता इसी तरह से भाजपा का सफाया कर देगी। जनता ने भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा देख लिया है। भाजपा की चोरी और बेईमानी लगातार पकड़ी जा रही है। जनता समझ गई है भाजपा बेईमान, झूठी और धोखेबाज पार्टी है। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। समाज को बांटने का काम करती है। इसने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। किसानोंए नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया है। प्रदेश की जनता को अब सिर्फ समाजवादी पार्टी से ही उम्मीद है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहकर मर्यादित आचरण करना है। धैर्य के साथ काम करें, जनता के बीच रहें, दुःखी और पीड़ित लोगों की मदद करें। जनता समाजवादी पार्टी का साथ दे रही है। समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता बहुत बहादुर और ऊर्जावान है। जनता की मदद से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव में इस अन्यायी और अत्याचारी सरकार का हमेशा-हमेशा के लिए सफाया कर देंगे।

पाकिस्तान...

जुड़े ग्रुप्स के जरिए बेच रहा था। पूछताछ में पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्किये, मिस्र और अन्य देशों के लोगों व समूहों से संपर्क भी सामने आया है। आरोपी के मोबाइल में अलग-अलग देशों के नंबरों से व्हाट्सऐप नंबर और बड़ी मात्रा में यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी लेन-देन से जुड़ी जानकारी भी मिली है। एटीएस के मुताबिक आरोपी ने बांग्लादेशी नागरिक अलामीन इस्लाम को फर्जी ई-मेल आईडी उपलब्ध कराई थी। इसके बदले उसे 6 हजार यूएसडीटी भुगतान किए गए। जांच एजेंसी अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने में जुटी है।जिस ई-मेल आईडी से नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम के स्कूलों को धमकी भरे संदेश भेजे गए, वह आरोपी के लैपटॉप और मोबाइल में मिली फर्जी आईडी में शामिल थी। इन ईमेल में खालिस्तान नेशनल आर्मी और बब्बर खालसा का नाम लेकर धमकियां दी गई थीं। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के दिल्ली-एनसीआर में प्रस्तावित कार्यक्रम और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता के घर को भी निशाना बनाने की धमकी भी शामिल है। 23 अक्टूबर को मुंबई में मेयर कार्यालय को बम विस्फोट की धमकी भेजने के मामले में इस्तेमाल हुई एक अन्य ई-मेल आईडी भी आरोपी के पास मिली। एटीएस के मुताबिक12 अक्टूबर को नोएडा के स्कूलों और अन्य स्थानों पर भेजे गए धमकी भरे ई-मेल से संबंधित आईडी भी जांच में सामने आई है।गिरफ्तारी के दौरान बरामद लैपटॉप की एक्सेल फाइलों में करीब 5 लाख ई-मेल आईडी मिली हैं।

भारतीय कारोवारी को मिला विशिष्ट सम्मान

आगरा/नई दिल्ली। भारत में फ्रांस के राजदूत महामहिम थिएरी माथू ने भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को 28 अक्टूबर को फ्रांस निवास में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान शेवेलिए द लश्ऑर्ड्र नेशनल द ला लेजियों दनर (नेशनल ऑर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर के शूरवीर) का प्रतीक चिह्न प्रदान किया। फ्रांस ने सुनील भारती मित्तल को उनके भारत-फ्रांस आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने के प्रति सतत समर्पण के साथ-साथ दूरसंचार, डिजिटल अवसंरचना और उपग्रह संचार के क्षेत्र में उनकी अग्रणी उपलब्धियों के लिए अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान, लेजियों दनर, से सम्मानित किया है।

फेस्टिव सीजन में नया अभियान लॉच किया

आगरा। रोशनी के पर्व दिवाली का जश्न मनाते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड के प्रतिष्ठित फ्रूट जूस एवं नेक्टर ब्रांड डाबर रियल ने अपना नया उत्सव अभियान रियल बॉन्ड्स विद रियल ग्रीटिंग्स लॉन्च किया है। यह अभियान दोस्ती, अपनापन, रिश्तों की गर्माहट और प्रियजनों के साथ खास पलों एवं उपहारों को साझा करने की खुशी को दशार्ता है।अभियान पर टिप्पणी करते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग डायरेक्टर मयंक कुमार ने कहा, दिवाली रिश्तों, साथ रहने और जीवन में खुशियां भरने वाले उन छोटे-छोटे पलों का उत्सव है जो हमारे लिए बेहद खास होते हैं। अपनी नई अभियान फिल्म के माध्यम से हम उस प्यार, गर्मजोशी और खुशी को दशार्ना चाहते थे जो इस पर्व को देशभर के परिवारों के लिए विशेष बनाती है।

कस्टमर के लिए आकर्षक डील्स

आगरा। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल दिवाली एडिशन 28 अक्टूबर से शुरू हो रहा है, जो ग्राहकों के लिए आकर्षक डील्स, एक्स्ट्रा बचत और अमेजन की अब तक की सबसे तेज डिलीवरी लेकर आया है। स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर फैशन, होम एसेंशियल और रोजमर्रा की जरूरतों तक, ग्राहक हर प्रोडक्ट कैटेगरी में टॉप ब्रांड्स से बेमिसाल ऑफर्स पा सकते हैं। ग्राहकों को एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट भी मिलेगा, जबकि प्राइम मेंबर्स को लाखों प्रोडक्ट्स के चुनिंदा सिलेक्शन पर अतिरिक्त 250 का कैशबैक मिलेगा। यह दिवाली एडिशन हर कैटेगरी में ब्लॉकबस्टर डील्स से भरा हुआ है। 12 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई के साथ मोबाइल और एक्सेसरीज पर 40प्रतिशत तक की छूट पाएं।

नेटवर्क में किया तेजी से विस्तार

आगरा। अमेजन और टाटा मोटर्स ने आज भारत में अमेजन के ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में तीन हजार इलेक्ट्रिक ट्रक शामिल करने के लिए साझेदारी का ऐलान किया। भारत में किसी ई-कॉमर्स कंपनी की ओर से इलेक्ट्रिक ट्रकों की यह सबसे बड़ी तैनाती है। बेड़े के विद्युतीकरण को लास्ट-माइल डिलीवरी से आगे ले जाने की दिशा में यह अमेजन का अब तक का सबसे अहम कदम है। अमेजन के एशिया-पैसिफिक, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका और तुर्की के ऑपरेशंस वाइस प्रेसिडेंट अभिनव सिंह ने कहा अपने लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में इलेक्ट्रिक गाड़ियां शामिल करना 2040 तक नेट जीरो कार्बन एमिशन हासिल करने के अमेजन के लक्ष्य का अहम हिस्सा है।

सितारों ने अहम भूमिका निभाई

आगरा। सोनी मैक्स अपने फेस्टिव लाइन-अप में एक्शन का दमदार तड़का लगाने जा रहा है, यश राज फिल्म्स की अल्फा के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ, जो 31 अक्टूबर को रात 8 बजे प्रसारित होगा। आलिया भट्ट और शरवरी अभिनीत यह फिल्म दो खतरनाक लड़कियों की ओरिजिन स्टोरी है, जो दर्शकों के लिए एक जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर लेकर आती है। शिव रवैल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं, आलिया भट्ट एक ऐसे बिल्कुल नए अवतार में दिखाई देंगी। अपने भव्य पैमाने और दिलचस्प कहानी के साथ, अल्फा हर पीढ़ी के दर्शकों के लिए एक ब्लॉकबस्टर अनुभव लेकर आती है।

सिकंदरा: हाइवे पर हादसा, मां-बेटे की मौत

करवाचौथ का सामान लेने बाजार जा रही थी, रोड क्रास करते समय कार चालक ने कुचला, पांच वर्षीय मासूम बच्ची घायल, शव पोस्टमार्टम को भेजे, घर में कोहराम

आगरा। करवाचौथ का सामान लेकर पति के साथ लौट रहे मां-बेटे और बेटी को कार ने टक्कर मार दी। हादसा में मां और दो साल के बेटे की मौत हो गई। पांच साल की बेटी घायल हो गई। जिसे राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया है। कार चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना दोपहर करीब एक बजे सिकंदरा क्षेत्र हाईवे की है। पुलिस ने बताया कि, अरतौनी निवासी अंजू पत्नी आकाश गुरुवार को करवाचौथ





के व्रत का सामान लेने पति और दोनों बच्चों के साथ गई थीं। दोपहर करीब एक बजे परिवार हाईवे अरतौनी के समीप उतरा और सड़क की रेलिंग पार कर रहा था। इसी दौरान मथुरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने अंजू और दोनों बच्चों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था किं अंजू और उनके दो वर्षीय बेटे अंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच वर्षीय बेटी आकांक्षा गम्भीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने घायल बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया। हादसे के बाद चालक कार समेत फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हैं। पुलिस ने हाइवे पर सीसीटीवी कैमरे की फुटैज को खंगाला, जिसमें कार चालक कैंद हो गया।

डीईआई में साइबर सुरक्षा पर आयोजित विशेष व्याख्यान

साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए डिजिटल जागरूकता आवश्यक : ध्रुव खन्ना

सुरेखा यादव



आगरा। दयालबाग एजुकेशनल इंस्टिट्यूट (डीम्ड विश्वविद्यालय), आगरा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह (26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026) के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने गुरुवार को 'आईटी एवं साइबर सुरक्षा तथा साइबर हाइजीन' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन स्कूल ऑफ एजुकेशन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित राजवंशी ने किया। मुख्य वक्ता श्री ध्रुव खन्ना ने साइबर अपराधों के बढ़ते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए फर्जी ई-मेल, फिशिंग, संदिग्ध लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, ऑनलाइन बैंकिंग एवं यूपीआई से जुड़े जोखिमों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतना तथा पासवर्ड, पिन और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। श्री खन्ना ने शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं दैनिक जीवन में साइबर सुरक्षा के महत्त्व को रेखांकित करते हुए मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन तथा डिजिटल सूचनाओं के सत्यापन पर जोर दिया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डीपफेक, फर्जी वीडियो एवं भ्रामक सूचनाओं से उत्पन्न चुनौतियों के प्रति भी शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. के. शांति स्वरूप,विभागाध्यक्ष मैनेजमेंट ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ एजुकेशन के डीन प्रो. चंदेल, प्रो. नंदिता सत्संगी एवं डॉ. नाहर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में एनएसएस समन्वयक डॉ. सनिल कुमार के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. ईश्वर स्वरूप सहाय, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार मीणा,कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल कृष्ण परिहार एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका तिवारी की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में समाज विज्ञान संकाय, स्कूल ऑफ एजुकेशन एवं अन्य संकायों के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आगरा लेबर कमिश्नर कार्यालय में हंगामा

जूता फैक्ट्री के मजदूरों को पैसा नहीं मिला, वेतन भी कम दे रहे

आगरा। थाना सदर क्षेत्र स्थित ग्लोबल शू फैक्ट्री में मजदूरों को तय वेतन से कम देने पर मजदूरों ने बवाल मचाया। मजदूरों का आरोप है कि श्रम विभाग के नियमानुसार उन्हें 26 हजार रुपए वेतन मिलना चाहिए, लेकिन कंपनी सिर्फ 12 हजार रुपए दे रही है। वेतन में 14 हजार रुपए का अंतर होने से मजदूरों में नाराजगी है। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने पहले फैक्ट्री मालिक से मिलकर तय वेतन देने की मांग की थी, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। आरोप है कि मालिक ने साफ कह दिया कि इसी वेतन पर काम करना है तो करो, नहीं तो नौकरी छोड़ दो इसके बाद मजदूरों ने कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अमित सिंह से शिकायत की। गुरुवार को अमित सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूर सदर माल रोड स्थित लेबर कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारी से मुलाकात कर फैक्ट्री के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। मजदूरों ने मांग की कि उन्हें निर्धारित वेतन दिलाया जाए और श्रम कानूनों के उल्लंघन की जांच कर कार्रवाई की जाए। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि फैक्ट्री में 300 से अधिक मजदूर काम करते हैं, सभी को तय वेतन से कम भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा पीएफ, ईएसआई और ओवरटाइम का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम कानूनों का उल्लंघन हो रहा है और मजदूरों की शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मजदूरों को उनका पूरा हक दिलाने की मांग की। लेबर कमिश्नर ने मजदूरों की शिकायत सुनने के बाद जांच कराने का आश्वासन दिया है।

आज 12वीं तक के स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे

पीईटी परीक्षा, हजारों अभ्यर्थी आगरा पहुंचे, दो पालियों में देंगे परीक्षा

आगरा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी के चलते शुक्रवार तीस अक्तूबर को जनपद के कक्षा एक से 12 वीं तक के सभी स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। परीक्षा में हजारों अभ्यर्थी शिरकत करेंगे, गुरूवार की शाम को भारी संख्या में अभ्यर्थी आगरा पहुंचे, जो कि विभिन्न होटलों, धर्मशालाओं एवं रेस्टोरेंट में ठहरे हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र पाल सिंह तोमर ने शैक्षणिक अवकाश घोषित किया है। आदेश के अनुसार सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूल, राजकीय-अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के साथ सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य वोर्ड के स्कूल बंद रहेंगे, हांलाकि शिक्षकों एवं कर्मचारियों की छुट्टी नहीं रहेगी। बताया गया है आगरा जनपद में पीईटी के लिए 49 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी, पहली पाली सुबह दस से दोपहर बारह बजे तक, दूसरी पाली तीन बजे से शाम पांच बजे तक। पीईटी परीक्षा एक नवंबर को भी आयोजित की गई है। आज परीक्षा देने को हजारों की संख्या में दूर-दराज से आने वाले अभ्यर्थी देर शाम आगरा पहुंचे जिन्होंने परीक्षा सेंटर के नजदीक रात गुजारी, जिसे जहां ठहरने को जगह मिली, वह वहीं ठहर गया, कईयों ने रात ढाबे पर बिताई, आईएसबीटी पर अभ्यर्थियों की भीड का जमावडा लगा रही, वहीं आगरा कैंट, राजा की मण्डी एवं आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर हजारों अभ्यर्थी टेज्न से आगरा पहुंचे। जिलाधिकारी ने परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, पुलिस तीसरी आंख की नजर में रहेगी। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों परीक्षा आयोजित की जा रही है। आयोग के अध्यक्ष डा, एसएन साबत ने मीडिया को बताया कि करीब 35 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान अपने साथ एडमिट कार्ड के अलावा आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी समुचित इंतजाम किये हैं।

स्कूटी की डिग्गी से दस्तावेज गायब

फतेहपुर सीकरी। स्कूटी की डिग्गी से 40 हजार रुपये और अन्य सामान गायब होने का मामला सामने आया है। नगला बंजारा सराय जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत राजेश कुमार पुत्र हरि सिंह, निवासी मलपुरा, अ ने मामले में थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस को तहरीर दी है। बताया गया है कि राजेश कुमार बृहस्पतिवार दोपहर फतेहपुर सीकरी स्थित केनरा बैंक में स्कूल के खाते से 40 हजार रुपये निकालने पहुंचे थे। रुपये निकालने के बाद उन्होंने नकदी को एक बैग में रखकर अपनी स्कूटी की डिग्गी में रख दिया। डिग्गी में बैग के साथ कुछ दस्तावेज, चाबी और उनका निजी वॉलेट भी रखा हुआ था। स्कूटी की डिग्गी का लॉक नहीं लग पा रहा था।

इसी दौरान किसी व्यक्ति द्वारा डिग्गी से बैग और अन्य सामान निकाल लिया।पीडित प्रधानाध्यापक थाना फतेहपुर सीकरी पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। इस संबंध में थाना फतेहपुर सीकरी के एसएसआई विपिन कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त कर ली गई है। जांच के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

आगरा में आज बारिश का यलो अलर्ट

40 किमी घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी, सुबह से बादल छाए

आगरा में शहर में गुरुवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। तड़के हल्की ठंड महसूस की गई। मौसम विभाग ने आज बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। दिन में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आ सकती है और सुबह-शाम ठंड का असर बढ़ सकता है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, 29 और 30 अक्टूबर को बादल छाए रहेंगे। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। 31 अक्टूबर से मौसम साफ होने का अनुमान है। इसके बाद बारिश और आंधी की संभावना कम रहेगी। मौसम में बदलाव के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार, गुरूवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान मंगलवार के 16.7 डिग्री से बढ़कर 16.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह सामान्य से 0.2 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, 29 और 30 अक्टूबर को बादलों के साथ बूंदाबांदी या बारिश हो सकती है। तेज हवाओं के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। 31 अक्टूबर से आसमान साफ होने और दिन में धूप निकलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान करीब 18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आगरा में अक्टूबर के दौरान बारिश का आंकड़ा सामान्य से काफी कम है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 से 28 अक्टूबर तक सामान्य बारिश 18.6 मिमी होनी चाहिए थी, लेकिन इस अवधि में केवल 8.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। यानी अब तक सामान्य से करीब 56: कम बारिश हुई है। वहीं, मानसून सीजन यानी 1 जून से 30 सितंबर तक आगरा में कुल 527.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस अवधि में सामान्य बारिश 530.3 मिमी थी। इस तरह पूरे मानसून सीजन में सामान्य से केवल 3.1 मिमी यानी करीब 1: कम बारिश हुई।



बेलनगंज चौराहे पर लगता है हर रोज भीषण जाम। पुलिस मूकदर्शक।

मलपुरा के बंद मकान में मिला जूता कारीगर का शव

जहर खाने की आशंका, पुलिस छानवीन में जुटी, शव पोस्टमार्टम को भेजा

आगरा। थाना मलपुरा क्षेत्र के नगला रेवती में बीते रोज एक बंद मकान में जूता कारीगर का शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम को भेज दिया, मृतक घर में अकेला था, पुलिस मामले की जांच पडताल में जुटी है। पुलिस ने बताया कि आगरा-जगनेर रोड स्थित नगला रेवती में 33 वर्षीय धर्मेन्द्र पुत्र वेद प्रकाश का शव मिलने की सूचना मिली थी। मृतक मूलरूप से सुल्तानपुरा का रहने वाला था लेकिन कई वर्षो से नगला रेवती में रह कर जूता बनाने का काम करता था। एसीपी सैंया जसवीर सिंह सिरोही ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो सकेगा, मामले की गहनता से जांच पडताल की जा रही है, मृतक के शरीर पर फफोले पडे थे, आशंका व्यक्त की गई है कि जहरीले पदार्थ के सेवन से जूता कारीगर की मौत हुई। बस्ती के लोगों ने बताया कि चार-पांच दिनों से घर के दरवाजे बंद थे, बदबू आने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। फोरेंसिक टीम को पुलिस ने बुलाया, जो कि छानवीन में जुटी रही।



डी 89 प्रतापनगर, संगीता सकलेजा में महिलाएं चंद्र देव की पूजा करतीं।

दिल्ली क्राइम ब्रांच का आगरा में छापा

करोड़ों की चांदी ठगी मामले में कोतवाली क्षेत्र के तीन लोगों को उठाया, मेडिकल के बाद दिल्ली ले गई

आगरा। दिल्ली के चांदनी चैक इलाके में हुई करोडों रूप्ये की सोने की ठगी मामले में दिल्ली क्राइम ब्रांच पुलिस मध्य रात्रि को आगरा पहुंची। थाना कोतवाली पुलिस की मदद से दिल्ली क्राइम ब्रांच ने क्षेत्र में दविश दे तीन आरोपियों को उठा लिया, जिनका मेडिकल कराने के बाद दिल्ली ले गई। पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद के एक बडे चांदी कारोबारी को दिल्ली के पते पर करोडों रूप्ये के सोने-चांदी के जेबरात का आर्डर मिला था। तय सौदे के मुताविक जेबरात दिल्ली भेज दिये गए और डिलीवरी भी हो गई लेकिन इसके बाद खरीदारों ने भुगतान नहीं किया और मोबाइल बंद कर लिये। ठगी का अहसास होने पर अहमदाबाद के चांदी कारोवारी ने दिल्ली आकर एफआईआर दर्ज कराई। रकम करोडों में होने पर मामले की जांच दिल्ली क्राइम ब्रांच को सौंप दी। क्राइम ब्रांच की छानवीन में मालुम हुआ कि इस पूरे सौदे में अहमदाबाद के ही तीन लोगों ने मध्यस्थता की भूमिका निभाई थी साथ ही जेबरात खरीदने में मदद की थी। पुलिस ने जब अहमदाबाद में दविश दी तो तीनों आरोपी फरार मिले। तकनीकि सर्विलांस और मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर उनकी मौजूदगी थाना कोतवाली क्षेत्र में मिली। थाना पुलिस की मदद से दिल्ली क्राइम ब्रांच को आरोपियों की गिरफ्तारी में पूरी मदद मिली।

छिनैती गैंग का पर्दाफाश, पुलिस ने दो बदमाश दबोचे

आगरा। थाना जगदीशपुरा पुलिस ने छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए अन्तर्जनपदीय गैंग के दो बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से सोने का गला हुआ टुकड़ा, 40 हजार रुपये की नकदी, और वारदता में प्रयुक्त वाइक, गैस सिलेण्डर, गैस गन, जॉन पेपर और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बताया गया है कि विगत 17 अक्टूबर को एक महिला अपनी पुत्री के साथ बाजार जा रही थी। इसी दौरान श्याम वृन्दावन अपार्टमेंट के पास बाइक सवार बदमाशों ने उसके गले से चेन, पेंडल और मंगलसूत्र छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने वारदात स्थल और आसपास के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली। बीते रोज एक सूचना के आधार पर पुलिस ने पथौली-बिचपुरी नहर स्थित पेट्रोल पंप के समीप घेराबंदी कर दो बदमाशों अमित गुप्ता उर्फ प्रदीप कुमार गुप्ता और विजय चैहान उर्फ अमन पुत्र राजाराम को दबोच लिया।

पुलिस ने गांजा तस्करी दबोचा

5 .115 किलो गांजा बरामद

आगरा। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रकाबगंज पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 किलो 115 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 2.5 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, रात में गश्त के दौरान ईदगाह रेलवे कॉलोनी में मंदिर के पास रेलवे स्टेशन के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान ईश्वर सालंकी निवासी ओडिशा के रूप में हुई। कार्रवाई के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त सदर की मौजूदगी में तलाशी ली गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



रकाबगंज पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गांजा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

भूमिहीन और आवासविहीन मीरा देवी ने एसडीएम से लगाई आवास आवंटन की गुहार, डीएम और डूडा को भी कराया अवगत

भोगांव (मैनपुरी)। कस्बा भोगांव के मोहल्ला सिंघी गली में वर्षों से एक मकान के बरामदे में पन्नी डालकर जीवन गुजार रही भूमिहीन और आवासविहीन गरीब महिला मीरा देवी ने उपजिलाधिकारी भोगांव पीयूष जायसवाल को प्रार्थना पत्र देकर मान्यवर कांशीराम आवासीय कॉलोनी में आवास आवंटित करने की मांग की है। महिला ने जिलाधिकारी मैनपुरी और परियोजना अधिकारी डूडा (उ्वउ्ञ्) को भी अपनी समस्या से अवगत कराया है। मीरा देवी ने बताया कि वह कहार जाति से हैं, जो पिछड़ा वर्ग में आती है। वह घरों में बर्तन मांजकर मजदूरी करती हैं और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। उनके पति सुरेश बाथम बीमार रहते हैं। महिला के अनुसार, न तो उनके पास कोई जमीन है और न ही अपना मकान।

वह आवास के लिए कई बार तहसील में प्रार्थना पत्र दे चुकी हैं। महिला ने बताया कि भोगांव-मैनपुरी रोड स्थित मान्यवर कांशीराम आवासीय कॉलोनी में आवास संख्या 36/226 सहित कई आवास लंबे समय से खाली पड़े हैं।

उनका कहना है कि गरीबों के लिए बनाए गए ये आवास खाली रहने के कारण खराब हो रहे हैं, जबकि जरूरतमंद परिवार आवास के लिए भटक रहे हैं। मीरा देवी ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी मैनपुरी और परियोजना अधिकारी डूडा से मानवीय आधार पर आवास आवंटित करने की मांग की है, ताकि वह अपने परिवार के साथ सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल ने बताया कि महिला का प्रार्थना पत्र परियोजना अधिकारी डूडा को भेजकर रिपोर्ट मांगी जाएगी। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद लेखपाल और कानूनगो से जांच कराई जाएगी। पात्र पाए जाने पर नियमानुसार आवास आवंटन की कार्रवाई की जाएगी।

जमीन में हिस्सेदारी और ट्रैक्टर लोन को लेकर विवाद, महिला और उसके पति से मारपीट का आरोप

भोगांव (मैनपुरी)। क्षेत्र के ग्राम हसरा में जमीन में हिस्सेदारी और लोन पर ट्रैक्टर खरीदने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि देवर और उसकी पत्नी ने महिला तथा उसके पति के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विरोध करने पर ईंटों से हमला किया गया, जिससे उन्हें चोटें आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हसरा निवासी मोहिनी पत्नी राजीव कुमार ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके देवर दीपक पुत्र मानसिंह और उनकी पत्नी अंजली ने जमीन के संबंध में लोन लेकर ट्रैक्टर खरीदा है। आरोप है कि दोनों मोहिनी और उनके पति राजीव कुमार को लोन तथा जमीन में जबरन हिस्सेदार बनाना चाहते हैं और जमीन बेचने का दबाव बना रहे हैं। मोहिनी के अनुसार, जब उन्होंने और उनके पति ने हिस्सेदार बनने से इनकार किया तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर ईंट से मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें आई। घटना के बाद से पीड़ित परिवार भयभीत है। पीड़ित महिला ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आबकारी विभाग ने होटल, ढाबों व परचून की दुकानों पर चलाया चैकिंग अभियान

हाथरस। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार तथा जिलाधिकारी हाथरस के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय आबकारी टीम एवं प्रवर्तन टीम अलीगढ़ प्रभार द्वारा संयुक्त रूप से सासनी गेट, तालाब चौराहा, सादाबाद गेट, बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में स्थित विभिन्न होटल, ढाबों, परचून दुकान की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान होटल/ढाबा संचालकों को अपने परिसर में मदिरापान न करने के सख्त निर्देश दिए गए, साथ ही आबकारी दुकान कैंटीन को साफ सफाई रखने एवं भीड़ का अनावश्यक जमावड़ा न लगने देने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यवाही के दौरान आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर, आबकारी निरीक्षक सिकंदराराऊ एवं आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन 3 अलीगढ़ मय आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

नवीगंज टोल प्लाजा पर सांसद चंद्रशेखर आजाद का जोरदार स्वागत, गूंजे 'जय भीम' के नारे

कार्यकर्ताओं से हेलमेट पहनने और धीमी गति से वाहन चलाने की अपील

बेवर/नवीगंज। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे नवीगंज स्थित तरावा देव टोल प्लाजा पर कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। वह लखनऊ से एटा जिले के जलेसर में आयोजित कार्यकर्ता बूथ सम्मेलन में शामिल होने जा रहे थे। टोल प्लाजा पर सांसद का काफिला रुकते ही कार्यकताओं ने 'जय भीम' के नारे लगाए। इस दौरान उन्हें बुद्ध प्रतिमा भेंट की गई और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान चंद्रशेखर आजाद ने कुछ कार्यकर्ताओं को बिना हेलमेट बाइक चलाते देखा। इस पर उन्होंने हाथ जोड़कर उनसे बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने और वाहन धीमी गति से चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना हो सकती है और गंभीर चोट लग सकती है। जीवन अनमोल है और बार-बार नहीं मिलता, इसलिए सभी को सावधानी से वाहन चलाकर अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। इसके बाद सांसद ने कार्यकर्ताओं और उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं और अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नवीगंज चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अंशु यादव, भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष अरविंद जाटव, आजाद समाज पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निर्मल कठेरिया, मनोज वाल्मीकि, आशीष वाल्मीकि, विक्की गौतम, रिंकू गौतम, उपेंद्र शाक्य, मुकेश शाक्य, शिवरतन सिंह, संजीव सिंह, सिंटू, भोलू, सिद्धार्थ गौतम, अनमोल गौतम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. AGC/Br/L/2026-27/03 **दिनांकः 27.10.2026**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

उप मुख्य इन्जी./ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **21.11.2026** को सुबह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

क्रम. सं.: 1, निविदा नं.: BR-AGC-2026-11, **कार्य का विवरणः** AGC-PWL सेक्शन के पुल नंबर 1436/2 UP (2x12.2m) और 1372/1 (3x12.20 + 2x6.10) पर, 12.2 मीटर स्पैन वाले मौजूदा पुराने स्टील गर्डर पुलों को PSC स्लैब से फिर से बनाना।

अनुमानित मूल्य (₹): ₹ 4,91,18,998.73	**बोली प्रतिभूति :** ₹ 9,82,400.00

क्रम. सं.: 2, निविदा नं.: BR-AGC-2026-12, **कार्य का विवरणः** NCR के AGC-PWL सेक्शन के पुल संख्या 1436/2 DN (2x12.2m), 1448/1 UP और DN (1x12.2m), तथा 1475/4 UP और DN (1x12.2m) पर मौजूद स्टील गर्डर पुलों को PSC स्लैब से फिर से बदलने (री-गर्डिरिंग) का कार्य।

अनुमानित मूल्य (₹): ₹ 8,26,02,190.70	**बोली प्रतिभूति :** ₹ 16,52,100.00

कार्य समापन की अवधि : क्रम. सं. 1 एवं 2 के लियेः- 12 माह।

निविदा खुलने की तिथि : क्रम. सं. 1 एवं 2 के लियेः- 21.11.2026

सिमिलर कार्य के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः क्रम. सं. 1 एवं 2 के लियेः- "पुल निर्माण का ऐसा कोई भी कार्य जिसमें पी.एस.सी. गर्डर/पी एस.सी. स्लैब की कास्टिंग शामिल हो"। इसके अलावा निविदाकर्ता (टेंडर भरने वाले) ने कम से कम एक ऐसा पुल निर्माण कार्य किया जो, जिसमें चालू रेल लाइन पर कम से कम 12.2 मीटर स्पैन वाले रेलवे पुल के गर्डरों/स्लैबों की लॉन्चिंग/डी-लॉन्चिंग शामिल रही हो।

नोटः (1) ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को नि.शुल्क निर्गत किये जाएंगे। **(2)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय सुबह 11:00 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। **(3)** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत C.C.A द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(4)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि सलंग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(5)** निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **(6)** माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। **(7)** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(8)** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **(9)** बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **(10)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(11)** आनलाइन निविदा निविदा खुलने की निर्धारित तिथि को समय सुबह 11:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **(12)** निविदादाता को आई.आर.जी.सी.सी. 2022 (वर्क्स मैटर) भाग-1 के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **2456/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

दान में मिली जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, पीड़िता ने एसडीएम से लगाई गुहार

भोगांव (मैनपुरी)। तहसील भोगांव के थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम बनकिया निवासी सीमा सिंह पत्नी योगेश कुमार ने उपजिलाधिकारी भोगांव पीयूष जायसवाल को प्रार्थना पत्र देकर दान में मिली जमीन से कथित अवैध कब्जा हटवाने और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। सीमा सिंह ने बताया कि उनके ससुर राजेन्द्र सिंह पुत्र साहब सिंह ने अपनी कुल जमीन का सरकारी बंटवारा कराने के बाद पैमाइश कराकर कब्जा दिलाया था। उन्होंने बताया कि उनके पति की शारीरिक स्थिति ठीक नहीं है और परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। इसे देखते हुए उनके ससुर ने ग्राम करपिया, थाना बेवर स्थित अपनी जमीन का दानपत्र 22 अगस्त 2025 को उनके नाम कर दिया था और कब्जा भी दे दिया था। महिला का आरोप है कि ग्राम करपिया निवासी संजय सिंह पुत्र गजराज सिंह ने उक्त जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है और उन्हें खेत जोतने-बोने नहीं दे रहा है। सीमा सिंह के अनुसार, वह कई बार शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। इससे उन्हें परेशानी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पीड़िता ने एसडीएम से दानपत्र के माध्यम से मिली जमीन से संजय सिंह का कथित अनधिकृत कब्जा हटवाकर नियमानुसार कब्जा दिलाने की मांग की है। साथ ही, शिकायत सही पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने का अनुरोध किया है। उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल ने बताया कि शिकायती पत्र पर एसएचओ बेवर को मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा तहसीलदार घासीराम को राजस्व टीम गठित कर जांच और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सूचना

सूचना-मेरे स्व. पति के आर्मी अभिलेखों में मेरा नाम कमाला दर्ज है, अन्य अभिलेखों में मेरा सही नाम कमला देवी दर्ज है। कमला देवी पत्नी स्व. दलेल सिंह (आर्मी न. 1285481M) ग्राम यादव नगर, कुसमरा, मैनपुरी।

शिक्षा प्रोत्साहन समारोह में मेधावियों का सम्मान, तीन विद्यार्थियों को मिली साइकिल

बेवर। ग्राम तिलियानी में गुरुवार को शिक्षा के स्तर में सुधार और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से शिक्षा प्रोत्साहन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नवीगंज निवासी वैष्णवी को एटलस साइकिल प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर रहे तिलियानी निवासी कृष और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तिलियानी निवासी रजत प्रताप सिंह को भी एटलस साइकिल देकर सम्मानित किया गया। चतुर्थ से दसवें स्थान तक के प्रतिभागियों को पानी की बोतल, टिफिन सहित अन्य उपहार दिए गए, जबकि 11वें से 100वें स्थान तक के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में कॉपियां प्रदान की गई।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या 2026-अक्टूबर-06 **दिनांकः 28.10.2026**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए **"खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग** केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्याः 2026-अक्टूबर - 06-01	**अनुमानित लागत रु.:** 8438803.98

कार्य का विवरणः सहायक मंडल इंजीनियर द्वितीय, मथुरा के अधीन वरि. खंड इंजीनियर/रेलपथ/बृजनगर के क्षेत्राधिकार में विविध रेलपथ कार्य (शेष कार्य)।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिये भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल वेब पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक 18.11.2026 को 15:00 **बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2462/26(K)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

त्योहारों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी, जोत उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर और वीसीबी पैनलों की जांच

एई रवि प्रकाश और सहायक घनश्याम की देखरेख में हुई टेस्टिंग, तकनीकी कमियों को मौके पर किया गया दुरुस्त

बेवर/नवीगंज। आगामी त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में उपकेंद्र जोत पर विद्युत उपकरणों के रखरखाव और तकनीकी जांच का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान एई रवि प्रकाश और उनके सहायक घनश्याम की देखरेख में पावर ट्रांसफार्मर तथा वीसीबी (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) पैनलों की सघन टेस्टिंग की गई। त्योहारों के दौरान बिजली की मांग और लोड बढ़ने की संभावना को देखते हुए उपकेंद्र के संवेदनशील उपकरणों की बारीकी से जांच की गई। टेस्टिंग के दौरान पैनलों और ट्रांसफार्मर में मिली छोटी-मोटी तकनीकी कमियों को मौके पर ही दुरुस्त किया गया, ताकि भविष्य में बड़े फॉल्ट और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं से बचा जा सके। एई टेस्ट रवि प्रकाश ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार आगामी त्योहारों में उपभोक्ताओं को बेहतर और सुचारू बिजली आपूर्ति देना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग और मेंटेनेंस के बाद ओवरलोडिंग तथा तकनीकी खराबी के कारण बिजली कटौती की आशंका कम करने में मदद मिलेगी। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले के सभी उपकेंद्रों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। जोत उपकेंद्र पर एई रवि प्रकाश और उनकी टीम द्वारा ट्रांसफार्मर तथा वीसीबी पैनलों की टेस्टिंग इसी रणनीति का हिस्सा है। प्रत्येक उपकेंद्र पर टेस्ट टीम भेजकर जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले के हर क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिशासी अभियंताओं, सहायक अभियंताओं और अवर अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा जर्जर तारों और ढीले कनेक्शनों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहारों के दौरान आकस्मिक फॉल्ट से निपटने के लिए अतिरिक्त मरम्मत टीमें तैनात रखने और पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर स्पेयर में उपलब्ध रखने की व्यवस्था की गई है। उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के लिए कंट्रोल रूम भी 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण
राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा।

सार्वजनिक सूचना

मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती सुनीता अग्रवाल पत्नी श्री कृष्ण मुरारी अग्रवाल द्वारा भूखण्ड संख्या-पी०एस०पी०-1, अन्दरून ओमेक्स इण्टरनिटी, मौजा-सुनरख बांगर, वृन्दावन, तहसील व जिला-मथुरा के भूखण्ड क्षेत्रफल 1437.30 वर्ग मीटर पर फुटकर दुकान व होटल बिल्डिंग की स्वीकृति हेतु ऑनलाईन मानचित्र संख्या MVDA/BP/MS/2026-27/14423 प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का भू-उपयोग प्राधिकरण स्वीकृत ओमेक्स इण्टरनिटी टाउनशिप के अनुसार सामुदायिक दर्शित है। भूखण्ड के सम्मुख मार्ग की चौड़ाई 30.00 मीटर दर्शित है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा माडल जोनिंग रेगूलेशन के प्रस्तर 2.5 के अनुसार सामुदायिक भू-उपयोग के अन्तर्गत होटल बिल्डिंग की स्वीकृति (20 कमरों तक) 09.00 मीटर चौड़े मार्ग पर एवं प्रस्तर 2.2 के अनुसार सामुदायिक भू-उपयोग के अन्तर्गत फुटकर दुकानों की स्वीकृति 12.00 मीटर चौड़े मार्ग पर सामान्यतः अनुमन्य है। शासनादेश संख्याः आई/1130634/2025-8-3099/406/2023 पार्ट-1 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 दिनांक 04.11.2025 के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं / क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया / उपयोग अनुमन्य किये जाने हेतु पन्द्रह दिवस (15 दिन) की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव उचित माध्यम से आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है तथा प्राप्त आपत्ति / सुझाव के निस्तारण के उपरान्त ही मानचित्र की स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। आम जनता से अपेक्षा की जाती है कि उक्त मानचित्र के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो तो कृपया सूचना प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह दिवस (15 दिन) के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा में उपलब्ध करा दें। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति / सुझावों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। प्रश्नगत प्रकरण में प्राप्त आपत्ति/सुझाव की सुनवाई दिनांक 16/11/ 26 समय 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्राधिकरण कार्यालय में की जायेगी। यदि आपत्तिकर्ता उक्त दिनांक को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो प्राप्त आपत्ति निरस्त मानी जायेगी। **सचिव म०वृ०वि०प्रा० मथुरा।**

उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांक :- DRM/C/AGRA/PARKING/E-AUCTION/2026 **दिनांक : 29.10.2026**

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा के द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है-

श्रेणी : पार्किंग	**कैटलॉग संख्या : PARKING-AGC02**
एसेट् डिटेल्स : आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ खेरिया पुल/एफसीआई डिपो के निकट, दो पहिया पार्किंग।	
ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 16.11.2026, समय : 15:00	
ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 16.11.2026, समय : 15:30	
एसेट् डिटेल्स : आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ खेरिया पुल/एफसीआई डिपो के निकट, दो पहिया एवं चार पहिया पार्किंग।	
ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 16.11.2026, समय : 15:00	
ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 16.11.2026, समय : 15:40	
श्रेणी : पार्किंग	**कैटलॉग संख्या : PARKING-IDH-03**
एसेट् डिटेल्स : ईदगाह जं0 रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या - 04 की तरफ, सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया पार्किंग।	
ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 13.11.2026, समय : 15:00	
ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 13.11.2026, समय : 15:30	
एसेट् डिटेल्स : ईदगाह जं0 रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या - 01 सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया एवं चार पहिया पार्किंग।	
ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 13.11.2026, समय : 15:00	
ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 13.11.2026, समय : 15:40	
एसेट् डिटेल्स : ईदगाह जं0 रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या - 04 की तरफ सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया एवं चार पहिया पार्किंग।	
ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 13.11.2026, समय : 15:00	
ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक : 13.11.2026, समय : 15:50	

नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट **www.ireps.gov.in E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपयुक्त कैटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **2467/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-यू.पी.-अ.-26102026-277438
CG-UP-E-26102026-277438
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5571] नई दिल्ली, सोमवार, अक्टूबर 26, 2026/कार्तिक 4,1948
No. 5571] **NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 26, 2026/KARTIKA 4, 1948**

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (गति शक्ति यूनिट)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 26 अक्टूबर, 2026

का.आ. 5789 (अ)- रेल संशोधन अधिनियम, 2008 की धारा 2 के खंड (37ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार एतद्द्वारा **"उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 373 किमी.** 372/6-7 **के मथुरा-अछनेरा सेक्शन और लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 547 किमी. 1435/20-22 के मथुरा-पलवल सेक्शन के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण"** को उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा जिले में भूमि अधिग्रहण हेतु एक विशेष रेलवे परियोजना के रूप में अधिसूचित करती है,जिसका उद्देश्य सार्वजनिक प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना उपलब्ध कराना है। यह अधिसूचना राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

[फा. सं. एनसीआर एजीसी शून्य जीएसयू (इंजी.)/10/2026/ओ/ओ सीपीएम/जीएसयू/एजीसी (कम्प्यूटर संख्या 205432)

2464/26 (MG) **एनामुल हक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय नगर पंचायत नन्दगांव (मथुरा)

पत्रांक : न.पं. नन्दगांव/निविदा सूचना/2026 दिनांकः- 28/10/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त मान्यता प्राप्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नन्दगांव (मथुरा) राज्य वित्त आयोग/नगर पंचायत फण्ड की प्राप्त धनराशि से विकास कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये कार्यालय नगर पंचायत नन्दगांव पर दिनांक 07/11/2026 को अपराहन 2:00 बजे तक सील बन्द निविदा आमन्त्रित की जायेगी/प्राप्त निविदाओं को उसी दिन सायं 4:00 बजे अध्यक्ष नगर पंचायत नन्दगांव के समक्ष खोला जायेगा। अतः इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक, समय व स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर या डाक के माध्यम से अपनी-अपनी निविदायें प्रस्तुत कर सकते है। समयोपरान्त प्राप्त कुटेशनों पर विचार किया जाना संभव न होगा। निविदाओं का विवरण साथ में संलग्न है।

क्र. सं.	मद	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	2% जमानत राशि	निविदा शुल्क	कार्य की अवधि
1.	राज्य वित्त आयोग	नगर पंचायत सीमान्तर्गत बिजवारी रोड पर पाइपलाईन डालने का कार्य।	951000/-	19020/-	950/-	10 दिन
2.	राज्य वित्त आयोग	नगर पंचायत नन्दगांव के अर्न्तगत वार्ड झान का थोक बडे कुआ की मरम्मत का कार्य।	300038/-	6000/-	300/-	10 दिन
3.	राज्य वित्त आयोग	नगर पंचायत नन्दगांव के अर्न्तगत वार्ड छाजू का थोक भगवान सिंह कुटिया के पास कुआ की मरम्मत का कार्य।	260506/-	5210/-	300/-	10 दिन
4.	राज्य वित्त आयोग	कामां रोड से नीम के पेड तक पाइपलाईन बिछाने का कार्य।	179175/-	3583/-	200/-	10 दिन

नोट-

1. धरोहर राशि 2% धनराशि की एफ.डी.आर. पा इंटरनेट बैंकिग/एन.ई.एफ.टी/आर.टी.जी.एस के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक नगर पंचायत नन्दगांव के खाता सं.-30595327978, IFSC कोड - SBIN0011495 में जमा करायी जायेगी/अथवा एफ.डी.आर (अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नन्दगांव के पदनाम से बंधक होगी) की मूल हार्ड कापी निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा फार्मो की बिक्री दिनांक 30/10/2026 से दिनांक 06/11/2026 तक स्थानीय निकाय कार्यालय मथुरा एवं कार्यालय नगर पंचायत नन्दगांव पर प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक निविदा शुल्क प्राप्त कर प्रत्येक कार्यदिवस में की जायेगी।
3. जिस ठेकेदार/फर्म के नाम L1 आने पर नगर पंचायत नन्दगांव में अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
4. किन्ही कारणों से उपरोक्त दिनांक को उक्त कार्यवाही नही होती हैं। तो यही कार्यवाही दिनांक 12 व 13 नवम्बर 2026 को मानी जायेगी।
5. सभी निविदा दाताओं को निम्नलिखित दस्तावेज लगाना अनिवार्य होगा। जैसे- 1. हैसियत प्रमाण पत्र 2. चरित्र प्रमाण पत्र 3. आधार कार्ड 4. पैन कार्ड 5. जी.एस.टी. नम्बर 6. अनुभव प्रमाण पत्र (किसी सरकारी विभाग से) लेवर रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र 7. जमानत की शेष 8% धनराशि को कायादेश प्राप्त होने के अंदर ए एक सप्ताह में जमा कराना होगा । 8. किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार टेण्डर कमेटी का होगा 9. अन्य जानकारी के लिए मोबाइल नं0 8189077948 पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नन्दगांव
मथुरा

अध्यक्ष
नगर पंचायत नन्दगांव
मथुरा

कार्यालय-नगर पंचायत कुसमरा, मैनपुरी

पत्रांकः 425/न.पं.कुसमरा/2026-27 दिनांकः 29.10.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है, कि प्रकाशन सूचनी के कॉलम नम्बर 2 में आवेदक द्वारा भवन के नामान्तरण/संशोधन/जोड़ने/नवीन पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1916 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत एतद् द्वारा सूचित किया जा सकता है, कि निम्नलिखित भवनों के नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पंचायत कुसमरा में लिखित रूप से प्राप्त करा सकता है। यदि निर्धारित अवधि के अन्दर सम्बन्धित पक्ष की कोई भी प्रमाणित साक्ष्य सहित आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो समझा जायेगा कि किसी भी पक्षकार को उक्त भवन के नामान्तरण / संशोधन / जोड़ने / नवीन पंजीकरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है और तदनुसार नगर पंचायत कुसमरा द्वारा उक्त भवनों पर नामान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।

नामांकन प्रकाशन सूची

क्र.	नामान्तरण / नवीनीकरण के लिए प्रार्थी / प्रार्थिनी का नाम	भवन संख्या / प्लाट स्थान एवं वार्ड जिस पर नामान्तरण / नवीनीकरण के लिये आवेदन किया गया है।	नगर पंचायत कुसमरा के अभिलेखों में दर्ज भवन स्वामी / अध्यासी का नाम अथवा रिक्त भूमि के मालिक का नाम	नामांकन का आधार
01	02	03	04	05
01	श्री नितिन पाण्डेय पुत्र श्री मनोज कुमार वार्ड न०-08 उजागरपुर कुसमरा मैनपुरी।	-	-	बैनामा के आधार पर

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुसमरा, मैनपुरी

करवाचौथ पर निर्जला व्रत रख महिलाओं ने की पति के दीर्घायु की कामना

सोलह श्रृंगार से सौदर्य रूप बनाने के लिये बाजार पहुॅची महिलाये



पति के सामने सौदर्य रूप बनाने के लिये चूडियां का मैच मिलाती महिलाएं।



चन्द्रमां को छलनी में देखती सुहागिन महिला।

ब्यूटी पार्लर पर रही भारी भीड़

जलेसर। बीते तीन-चार दिन से ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की काफी भीड़ जुट रही थी। करवा चौथ के दिन भी काफी संख्या में महिलाएं ब्यूटी पार्लर पर सजन-संवरने और मेहंदी लगवाने के लिए पहुंची। इनमें अधिकांश वह विवाहिता थीं जिन्होंने एडवांस बुकिंग कर रखी थी।

एटा। पति की दीर्घायु की कामना के साथ सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने करवाचौथ का व्रत रखा। धरा पर इन सजी सुहागिनों को देख मानों आसमां का चांद भी निकलने में सकुचा रहा था। हालांकि जब वह निकला तो उल्लास और उमंग फूट पड़ा, व्रत रखने वाली महिलाएं आह्लादित हो गईं। चलनी की ओट से चांद के बाद पति के दीदार का नजारा देखते ही बन रहा था। इसके बाद पति के हाथ से पानी पीकर व्रत का पारण किया गया। सुहागिनों ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और रात को चांद देखने के बाद व्रत तोड़ा। इसके पूर्व डूबते सूर्य की पूजा और आरती की गई। रात को व्रतियों ने चांद को चलनी से देखकर अपने पति के हाथों जल ग्रहण किया। इससे पूर्व महिलाओं ने घरों में पूरे दिन पतियों के लिए स्वयं की साज-सज्जा के साथ स्वादिष्ट पकवान बनाए। शुभ मुहूर्त पर व्रतियों ने पूजन-अर्चन किया। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ मनता है। इस दिन को सुहागिन महिलाओं के लिए पौराणिक और ऐतिहासिक माना गया है।

इसके तहत सुहागिन महिलाएं दिन में अपने पतियों के लिए सजने-संवरने के साथ घरों में स्वादिष्ट पकवान बनाने में जुटी रहीं और शाम होते ही संपूर्ण श्रृंगार के साथ सज-धज कर पूजा की थाली हाथों में लेकर अपने पति व बच्चों के साथ छतों पर जाकर चंद्रदेव के दर्शन को व्याकुल रहीं। रात्रि करीब आठ बजे चंद्रदेव के उदित होते ही महिलाओं ने चलनी से दर्शन कर उन्हें अर्घ्य दिया। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर आरती उतारी और पति की दीर्घायु की कामना के साथ ही निर्जला व्रत तोड़ा। इस मौके पर पति ने भी अपनी जीवनसंगिनी की जीवन भर सुरक्षा, उनका सम्मान बनाए रखने का वादा किया।

बच्चों ने भी चंद्रमा निकलने पर जमकर आतिशबाजी की। अंकिता, सोनम, सरिता, पूनम, रिजू, अन्नू, सुनीता, गीता, कुसुम, अंजना, डिम्पल ने बताया कि व्रत रखने वाली महिलाओं ने अपनी सुहागन सास, जेठानी या फिर अन्य बड़ी ननद से मिलकर वस्त्र एवं श्रृंगार का सामान को ग्रहण किया और पूरे दिन व्रत रखा। सुबह चार बजे सुहागिनों ने अपने से छोटी सुहागिन महिलाओं को एक थाली में पूजा के सामान के साथ कपड़े, सुहाग का सामान एवं सूखा फल दिया। रात को यही थाली पूरी तरह सजाकर व्रतियों ने अपने से ज्येष्ठ सुहागनों को वापस की।

-संयुक्त मासिक बाह्य निरीक्षण-

ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-डी.एम.



एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इलामारन जि ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित दोनों ईवीएम वेयरहाउस का संयुक्त मासिक बाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक मिली और सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील पाए गए। जिलाधिकारी और एसएसपी ने गार्ड रूम में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटर का अवलोकन कर परिसर की गतिविधियों की निगरानी व्यवस्था देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए दो से चार अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुरक्षा कर्मी पूरी सतर्कता और मुस्तैदी से ड्यूटी करें। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अजय नारायण सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार मोरल, अपर उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

चाँद के दीदार होते ही सुहागिने हुई प्रफुल्लित... चन्द्र देव के दर्शन कर की पूजा अर्चना- दिया अर्घ

- हर्ष उल्लास के साथ मना करवा चौथ पर्व
- निर्जला व्रत रख कर पतियों की दीर्घायु की कामना
- प्रेम और समर्पण का प्रतीक है करवा चौथ

प्रेम और समर्पण का प्रतीक है करवा चौथ

एटा। दांपत्य जीवन में एक दूसरे के प्रति प्रेम व समर्पण का पर्व करवा चौथ को लेकर धूम मची हुई है। सभी अपने.अपने तरीके से यह पर्व मना रहे है। काद्दतक मास की चतुर्थी को मनाए जाने वाले इस पर्व का महिलाओं को खासा इंतजार रहता है। वह इस दिन निर्जला वत्र रख पति की दीर्घायु की कामना की पति कहीं भी हो यह व्रत एक बार किसी महिला ने रख लिया तो वह तोड़ा नहीं जाता हैए चांद का दीदार कर निर्जला व्रत तोडा गया सदियों से चली आ रही इस परंपरा के रंग में सभी रंगे हुए है, यादगार पल का साक्षी रहता है करवा चौथ का व्रत।

अलीगंज। करवा चौथ के पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उल्लास सुवह से ही था पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर घर के काम काज निवटाये गये। गुरुवार को अलीगंज, राजा का रामपुर जलेसर, अवागढ़, निधौली कला सहित ग्रामीण अंचलों में करवा चौथ के पर्व को लेकर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा पूरे दिन घर की सफाई व पकवान बनाये घर के कार्यो से निव्रत होकर महिलाओं ने खुशी खुशी से सजने सवरने लगी और चन्द्र देव के दर्शन के लिये लालायित रही जैसे ही चन्द्र देव के दर्शन हुए महिलाओं ने पूजा अर्चना कर चन्द्र देव को अर्घ दिया पुष्प दीपक व सींक से पूजा कर अपने पति की दीर्घयु की कामना की। वही पतियों ने अपनी पत्रियों को उपहार दिए।

एस.एस.पी. संग डी.एम. ने जिला जेल का किया निरीक्षण

सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लिया जायजा



एटा । जनपद में कानून.व्यवस्था एवं कारागार व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एम0 अरुन्मोली एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इला मारन जी ने गुरुवार को जिला कारागार का सयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कारागार परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का परीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था को हर समय सतर्क एवं प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीसीटीवी कैमरे निरंतर संचालित रहें तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे कारागार की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनी रहे। अधिकारियों ने बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया । स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए बंदियों को समय पर समुचित उपचार एवं आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, उन्होंने कारागार में स्थित महिला बैरक का भी निरीक्षण कर महिला बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बंदी को विधिक अधिकारों के अनुरूप आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र बंदी शासन की व्यवस्थाओं का पूरा लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की सुरक्षा, स्वच्छता,भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक अंकेक्षिता श्रीवास्तव, जेलर प्रदीप कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

युवक इंजीनियर के निधन पर बसपा प्रतिनिधिमंडल ने जताया शोक

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत नगला केवल निवासी इंजीनियर विवेक कुमार की सड़क हादसे में मौत के बाद गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का प्रतिनिधिमंडल उनके घर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत इंजीनियर को श्रद्धांजलि अर्पित की। विवेक कुमार पुत्र सुनहरी लाल मलावन प्लांट में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। 27 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे वह बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। गांव छछेना स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विवेक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री एवं मुख्य मंडल प्रभारी गौरे लाल जाटव, पूर्व मंत्री राजवीर सिंह, अनिल बघेल, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह भास्कर, मनोज सागर, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, विजय बहादुर सिंह, राजूराम रत्न, अरविंद कुमार, रामदास सविता, सुखवीर सिंह, विजय सिंह, राजेश बौद्ध, दाताराम और गिरजन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कबड्डी टूनार्मेंट में ज्ञान अकादमी सासनी ने जीती ट्रॉफी

एटा। नगर पंचायत क्षेत्र मिरहची के बढ़ौली गांव में आयोजित कबड्डी टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। इसमें ज्ञान अकादमी सासनी की टीम ने निखिल क्लब एटा को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में एटा, अलीगढ़, हाथरस, सासनी, हबीपुर, घरेई और नगांव सहित आसपास के क्षेत्रों की करीब 12 टीमों ने हिस्सा लिया। टूनार्मेंट के दौरान खिलाड़ियों ने दमखम और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंत में ज्ञान अकादमी सासनी की टीम ने जीत हासिल की। टूनार्मेंट कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत के नेतृत्व में कमेटी के सदस्यों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के संचालन में रेफरी छोटेलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर राजू दूधिया, प्रमोद मिस्त्री, साहब सिंह, लवकिशोर, अरुण कुमार, मिनेश दिवाकर, संदीप, जानी, योगेश शर्मा, रामू, कपिल और ओमवीर सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

करवा चौथ की खुशियां मातम में बदलीं, सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत



एटा। जैथरा थाना क्षेत्र में करवा चौथ के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। वरना रोड पर ढकपुरा कॉलेज के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में 33 वर्षीय अंशुल पांडे की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, अंशुल बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ढकपुरा कॉलेज के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंशुल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अंशुल परिवार के इकलौते बेटे थे। उनकी शादी करीब छह साल पहले हुई थी। करवा चौथ के त्योहार को लेकर घर में तैयारियां चल रही थीं और पत्नी पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखने की तैयारी में थी। इसी बीच हादसे की खबर ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। त्योहार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नीलगाय के हमले में किसान की मौत, तालाब के पास हुआ हादसा



एटा। नया गांव थाना क्षेत्र के परसूपुर गांव में नीलगाय के हमले में 40 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसान सुबह शौच के लिए तालाब की ओर गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परसूपुर निवासी रक्षपाल पुत्र जिलेदार रोजाना की तरह घर से तालाब की ओर गए थे। उनके चाचा दफेदार सिंह के अनुसार, तालाब के पास झाड़ियों से अचानक नीलगाय निकल आई और रक्षपाल पर हमला कर दिया। इससे बचने के प्रयास में वह गिरकर घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल नया गांव में एक निजी डॉक्टर के पास ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर नया गांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए एटा जिला मुख्यालय भेज दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



एटा। सकीट-आसपुर मार्ग पर बाबली गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। क्षेत्र के सहसपुर गांव निवासी लाइक सिंह उर्फ लेखपाल पुत्र राम बक्स किसी काम से आसपुर गए थे। काम पूरा करने के बाद वह बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में बाबली गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर सकीट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक की पहचान कर परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी एसएसआई सुरेंद्र मोहन सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

दो अलग-अलग हादसों में छह घायल, सभी हायर सेंटर रेफर

एटा। जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर बाइकों की भिड़ंत में छह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पहला हादसा कोतवाली अलीगंज क्षेत्र के मिहुता मोड़ पर हुआ। यहां आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत में राजू और सुमित घायल हो गए, जबकि राजू के साथ बाइक पर बैठे पल्लेदार आसिफ को भी चोटें आईं। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज ले जाया गया। चिकित्सकों ने राजू और सुमित को हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि आसिफ का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। दूसरा हादसा रिजोर थाना क्षेत्र में निधौली खुर्द गांव के पास हुआ। यहां दो बाइकों की टक्कर में मनसुखपुर निवासी राजा चंद्र (56), मोहन (26) और नितेश (18) घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस दोनों घटनाओं की जानकारी जुटा रही है।

जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, किसान निर्धारित दरों पर ही करें खरीदारी

कासगंज। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि जनपद में यूरिया 21530.01 मीट्रिक टन, डीएपी 6507.33 मीट्रिक टन, एनपीके 3417.66 मीट्रिक टन, एमओपी 835.92 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 641.05 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की कि अपनी फसल की आवश्यकतानुसार सहकारी समितियों अथवा अधिकृत विक्रेताओं से निर्धारित दरों पर उर्वरक खरीदें तथा रसीद अवश्य प्राप्त करें। उर्वरकों की अनावश्यक जमाखोरी न करें। मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें, जिससे फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सकें।

जलेसर में चंद्रशेखर आजाद ने भरी हुंकार, 2027 के चुनाव में भाजपा को हराने का दावा





एटा/जलेसर। जलेसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने भाजपा पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होकर बेरोजगारी, किसानों और कर्मचारियों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर लड़ाई लड़नी होगी।

चंद्रशेखर आजाद ने विपक्षी दलों को गठबंधन का संदेश देते हुए कहा कि सभी दलों को अपना अहंकार छोड़कर एक साथ आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनके दरवाजे गठबंधन के लिए खुले हैं। हमारा उद्देश्य विपक्ष से लड़ना नहीं, बल्कि जनता के हितों की लड़ाई लड़ना है। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए सुझाव मे कहा कि उत्तर प्रदेश में बैलेट पेपर से चुनाव कराकर अपनी लोकप्रियता साबित करनी चाहिए। हाथरस जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने मौजूदा सरकार पर सवाल उठाए और कहा कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की जरूरत है। जनसभा में चंद्रशेखर आजाद ने विपक्षी एकता और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी। वहीं, बसपा के संबंध में वह कोई स्पष्ट टिप्पणी करने से बचते नजर आए।

अधिवक्ताओं के विरोध के चलते बैरंग लौटी पालिका टीम

अतिक्रमण हटाने जेसीबी और भारी पुलिस बल के साथ कचहरी पहुंची थी नगर पालिका की टीम

एटा। शहर के कचहरी परिसर में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका की टीम को अधिवक्ताओं के विरोध के चलते बैरंग लौटना पड़ा। अभियान के दौरान मौके पर काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। अधिवक्ताओं के विरोध के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन और भारी पुलिस बल के साथ कचहरी परिसर पहुंची थी। टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करने की तैयारी की, तभी अधिवक्ताओं ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौके पर एकत्र हो गए और अभियान का जोरदार विरोध किया। विरोध बढ़ने के कारण कचहरी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को देखते हुए नगर पालिका की टीम को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा। घटना को लेकर परिसर में काफी देर तक चर्चा होती रही। यह मामला कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित कचहरी परिसर का है। हालांकि, अधिवक्ताओं के विरोध के कारणों और अभियान को लेकर नगर पालिका प्रशासन का पक्ष सामने नहीं आया है।



अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू करती पुलिस, विरोध करते अधिवक्ता।

सुभाषित

आध्यात्मिक मार्गपर दो सबसे कठिन परीक्षण हैं, सही समयकी प्रतीक्षा करनेका धैर्य और जो सामने आये उससे निराश न होनेका साहस।

❑ *भर्तृहरि शतक*

खेल उद्योगों की सुधि

केन्द्र सरकारने खेलका सामान बनाने वाली कम्पनियोंकी स्थिति सुधारने और उन्हें प्रोत्साहित करनेके लिए बड़ा राहतकारी कदम उठाया है, जो स्वागतयोग्य है और इससे इन कम्पनियोंको नयी दिशा मिलेगी। केन्द्र सरकारने खेल क्षेत्रको केवल खिलाड़ियों और खेल सुविधाओंतक सीमित न रखकर खेल-सामानके विनिर्माणको भी रणनीतिक उद्योगोंके रूपमें विकसित करनेकी दिशामें महत्वपूर्ण पहल की है। केन्द्रीय मंत्रिमण्डलने बुधवारको 'खेलो इण्डिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्यूफैक्चरिंग स्कीम' को स्वीकृति प्रदान की है और इसके लिए २०२६-२७ से २०३३-३४ तक १,८५६.६७ करोड़ रुपयेका प्रावधान किया गया है। इस योजनाका उद्देश्य बहुआयामी है। भारतमें क्रिकेट बैट, हाकी स्टिक, फुटबाल, जिम उपकरण और अन्य खेल सामग्रीका निर्माण तो लम्बे समयसे हो रहा है लेकिन उद्योग अब भी बड़े पैमानेपर एमएसएमई आधारित और पारम्परिक उत्पादन तकनीकोंपर निर्भर है। सरकारका उद्देश्य इसे आधुनिक, तकनीक आधारित और निर्यातपरक उद्योगमें बदलना है। योजनाके माध्यमसे निवेश उत्पादन, शोध, डिजाइन, कौशल, गुणवत्ता प्रमाणता और निर्यात पूरी मूल्य श्रृंखलाको मजबूत करनेका प्रयास किया गया है। सरकार भारतको उच्च गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा कीमत वाले खेल सामानका वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बनाना चाहती है। इस योजनाका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा १,१३० करोड़ रुपयेका निवेश एवं उत्पादन प्रोत्साहन है। इसमें बड़े निवेशकोंके लिए एंकर इन्वेस्टमेण्ट सपोर्ट शामिल है। सौ करोड़ या इससे अधिक निवेश करने वाले ऐंकर निवेशकोंको पूंजीगत व्ययके २० प्रतिशततक सहायताका प्रावधान है, जबकि दस करोड़ रुपये या उससे अधिक निवेश करने वाले पात्र विनिर्माताओंको कारोबारसे जुड़ा प्रोत्साहन अधिकतम १५ प्रतिशततक मिल सकता है। इसके अतिरिक्त चार मैन्यूफैक्चरिंग जोंस विकसित किये जायंगे। प्रत्येक जोन तीन सौ एकड़से अधिक भूमिका हो सकता है। जालन्धर तथा मेरठ जैसे पारम्परिक केन्द्रोंको विशेष लाभ मिलेगा। इस योजनाका महत्व केवल बड़े उद्योगोंके लिए नहीं है, बल्कि छोटी-छोटी इकाइयोंको भी लाभ मिलेगा। साथ ही खेलके सामानका निर्यात भी बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त इन उद्योगोंमें रोजगारके अवसर बढ़ेंगे। अनुसन्धान और नये खेलोंके उपकरण इस योजनाका महत्वपूर्ण पहलू है। यह योजना महत्वपूर्ण है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं है। इसपर सरकारको विशेष ध्यान देनेकी जरूरत है। भारतके लिए इस योजनाका व्यापक महत्व है। इसका सम्बन्ध 'मेक इन इण्डिया' से भी है और इससे निर्यात बढ़ेगा।

रक्त केन्द्रोंकी दुर्व्यवस्था

मानव जीवनसे किस कदर खिलवाड़ किया जा रहा है, इसे बुनियादी मानकोंकी अनदेखी कर बिना जांच खून दे रहे रक्त केन्द्रोंके संचालनके परिप्रेक्ष्यमें देखा जा सकता है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभागने ऐसे सात रक्त केन्द्रोंके संचालनपर रोक लगा दी, जहां न तो बुनियादी मानकोंका पालन हो रहा था, न ही तापमानका रिकार्ड रखा जा रहा था और न ही इन केन्द्रोंपर रक्त संक्रमणकी जांचकी व्यवस्था थी। ऐसे रक्त केन्द्रोंका बेखौफ संचालन जिला स्वास्थ्य विभाग प्रशासनपर गम्भीर सवाल खड़ा करता है, क्योंकि उत्तर प्रदेशके जिन जनपदोंके रक्त केन्द्रोंपर अनियमितताएं एफएसडीए टीमने पायी, वह स्थानीय अधिकारी भी पा सकते थे। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि स्थानीय स्वास्थ्य विभाग प्रशासन इन अनियमितताओंको निगरानी करनेमें अक्षम है। पिछले दिनों एफएसडी विभागने दस जिलोंके ४० रक्त केन्द्रोंका निरीक्षण किया था, जिसमें आगरा, अलीगढ़, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी और लखनऊके सात रक्त केन्द्रोंपर भारी अनियमितताएं मिलीं और उनके संचालनपर तत्काल प्रभावसे रोक लगा दी गयी। एफएसडीए प्रदेशके मात्र दस जिलोंमें निरीक्षण किया, जबकि इसे प्रदेश स्तरपर करना चाहिए था क्योंकि जैसी जानकारी मिल रही है कि उच्च तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र अपनी शिक्षा पूरी करनके लिए अपना रक्त बेच रहे हैं, इसलिए ऐसे रक्त केन्द्रका अन्य जनपदोंमें भी संचालित होनेसे इनकार नहीं किया जा सकता है। इन रक्त केन्द्रोंके संचालनपर सिर्फ रोक लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि इनके विरुद्ध कठोर काररवाई की जानी चाहिए। खून किसीको जीवन रक्षाके लिए उपलब्ध कराया जाता है। बिना संक्रमण जांच किये दिये जानेसे मरीजका जीवन खतरेमें पड़ सकता है। रक्त केन्द्रोंका संचालन किसीकी जिन्दगी बचानेके लिए है, इसे व्यावसायिक दृष्टिकोणसे नहीं देखा जाना चाहिए। यह अमानवीय और अक्षम्य कृत्य है।

लोक संवाद

करियर संवारने की राह

महोदय,-सरकारने युवाओंको आत्मनिर्भर बनाने और पढ़ाईके साथ-साथ इनके कौशल विकासके लिए भी एक नयी योजना इंटर्नशिप शुरू की है। इसके लिए सरकारने कुछ बड़ी कम्पनियोंको इसके दायरेमें लानेका भी प्रयास किया है। इन कम्पनियोंमें विद्यार्थियोंको अपने करियरको संवारनेकी राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफसे खर्च भी करेगी अर्थात् जो विद्यार्थी इस योजनाको अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कम्पनीके कामको सीखेंगे, ऐसा करके या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कम्पनीमें नौकरी आसानीसे पा सकेंगे। यह योजना तभी कामयाब होगी जब कम्पनियां इस योजनाको सही तरीकेसे अमलमें लायंगी। रोजगारके लिए हर पहलूपर ध्यान देनेकी जरूरत है। -राजेश चौहान, वाया ईमेल

विकसित भारत की नयी आर्थिक गाथा

किसी राष्ट्रकी प्रगति केवल ऊंची इमारतों, चमचमाती सड़कों और बढ़ते सकल घरेलू उत्पादके आंकड़ोंसे नहीं आंकी जाती, बल्कि इस बातसे तय होती है कि उसकी उद्यमशीलता कितने लोगोंके जीवनको बदलती है, तकनीक कितनी दूरतक पहुंचती है और आर्थिक शक्ति किस सीमातक जनसामान्यकी आकांक्षाओंको पंख देती है।

❑ ललित गर्ग

भारतकी विकास यात्रामें रिलायंस समूह और जियोकी कहानी इसी व्यापक परिवर्तनकी ओर ध्यान आकर्षित करती है। भारतके औद्योगिक इतिहासमें टाटा समूहने विश्वास, संस्थागत मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और दीर्घकालीन दृष्टिकी मजबूत विरासत निर्मित की है। दूसरी ओर रिलायंस समूहने बड़े पैमानेपर निवेश, बाजारकी नब्ज पहचानने, तकनीकको जनसुलभ बनाने और नये क्षेत्रोंमें निर्णायक प्रवेश करनेकी क्षमतासे अपनी अलग पहचान बनायी है। दोनों समूह भारतीय अर्थव्यवस्थाके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ऐसेमें रिलायंसका टाटा समूहसे आगे निकलना किसी एककी पराजय और दूसरेकी विजयभर नहीं है, इसे भारतीय उद्योग जगतमें प्रतिस्पर्धाके नये अध्यायके रूपमें देखना अधिक उचित होगा। जियोकी यात्रा एक उल्लेखनीय उदाहरण है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्रमें प्रवेशके बाद उसने इंटरनेट सेवाओंको अधिक सुलभ बनाने, डेटाकी कीमतोंमें व्यापक बदलाव लाने और डिजिटल गतिविधियोंको आम नागरिकतक पहुंचानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जियोकी असली उपलब्धि केवल बाजारमें अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्थामें भागीदारी का दायरा विस्तृत करना है।



रिलायंसके सामने भी भविष्यकी चुनौतियां कम नहीं हैं। निवेशकोंकी अपेक्षाओंपर खरा उतरना और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धाको महत्व देना होगा। आर्थिक विकासका उद्देश्य केवल कुछ कम्पनियोंको वैश्विक शक्ति बनाना नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारोंके जीवनमें स्थिरता लाना होना चाहिए। रिलायंसकी यह आर्थिक छलांग तभी इतिहासमें स्थायी स्थान बनायेगी, जब इसके साथ रोजगार बढ़ेगा, आयकी विषमता घटेगी और समाजके अंतिम व्यक्तितक विकासकी रोशनी पहुंचेगी। यही विकसित भारतका सार है-समृद्ध उद्योग, सक्षम नागरिक और संवेदनशील समाज।

रिलायंस की सफलताको मुकेश अंबानीके नेतृत्वमें विकसित दीर्घकालीन कारोबारी दृष्टि, बड़े निवेश और बदलते समयके अनुरूप व्यवसायका विस्तार करनेकी रणनीतिके संदर्भमें समझना चाहिए। धीरूभाई अंबानीने जिस उद्यमशीलताको व्यापक जन-भागीदारी और पूंजी बाजारसे जोड़नेकी नींव रखी, उसे आगे बढ़ाते हुए समूहने पेट्रोकेमिकल, ऊर्जा, खुदरा व्यापार और दूरसंचार जैसे विविध क्षेत्रोंमें अपनी उपस्थिति मजबूत की। जियोने इस विरासतको डिजिटल युगकी आवश्यकताओंसे जोड़ा। इस यात्राका संदेश स्पष्ट है-समयके साथ जो नहीं बदलता, समय उसे पीछे छोड़ देता है, जो समयकी आहट पहचान लेता है, वही भविष्यकी दिशा तय करने लगता है। २८ अक्तूबर २०२६ को जियो प्लेटफॉर्म्सकी शेयर बाजारमें ऐतिहासिक सूचीबद्धताने इस यात्राको नया आयाम दिया। लगभग ३०,२१३ करोड़ रुपयेके सार्वजनिक निर्गमके बाद कम्पनीका बाजार पूंजीकरण १२.५ लाख करोड़ रुपयेसे ऊपर पहुंच गया और कारोबारके पहले दिन यह देशकी दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कम्पनी बन गयी। रिलायंस समूहकी सूचीबद्ध कम्पनियोंका संयुक्त बाजार मूल्य भी टाटा समूहसे आगे निकल गया। ये आंकड़े भारतीय पूंजी बाजारके बदलते स्वरूप और डिजिटल अर्थव्यवस्थामें निवेशकोंके विश्वासको दर्शाते हैं। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि बाजार पूंजीकरण कम्पनियोंके मूल्यांकनका पैमाना है, आम नागरिककी समृद्धिका नहीं। शेयर बाजारमें ऊंचाई तभी सार्थक है, जब उसका लाभ अर्थव्यवस्थाकी जड़ोंतक पहुंचे।

इस ऐतिहासिक अवसरपर प्रदत्त अनन्त अंबानीका भावपूर्ण वक्तव्य चर्चाओंमें हैं, उन्होंने इस व्यावसायिक उपलब्धिको पारिवारिक संस्कारों और आध्यात्मिक संवेदनासे जोड़कर अर्थके साथ अध्यात्मके महत्वको उजागर किया है। उन्होंने कारोबारकी तुलना पूजासे और शेयरोंको प्रसादकी तरह देशके साथ साझा करनेकी भावनासे की। उनके शब्दोंमें कृतज्ञता, पारिवारिक विरासत और लाखों ग्राहकोंके योगदानकी स्वीकृति थी। मुकेश अंबानीका भावुक होना भी इस बातका प्रतीक था कि किसी बड़ी उपलब्धिके पीछे वर्षोंका परिश्रम, संघर्ष, विश्वास और पीढ़ियोंके सपने जुड़े होते हैं। यहां एक विचार विशेष रूपसे उल्लेखनीय है-व्यापार केवल लाभ कमानेकी व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास अर्जित करनेका माध्यम भी है। जब कोई कम्पनी अपनी सफलतामें कर्मचारियों, तकनीशियनों, साझेदारों और उपभोक्ताओंके योगदानको स्वीकार करती है, तब उद्यमका मानवीय पक्ष सामने आता है। फलदार वृक्ष जितना ऊंचा होता है, उसकी शाखाओंमें उतनी ही विनम्रता होनी चाहिए। यही विनम्रता किसी कारोबारी साम्राज्यको स्थायी प्रतिष्ठा प्रदान करती है। अनन्त अंबानीकी पशुसेवा और वन्यजीव संरक्षणके प्रति प्रतिबद्धता भी इसी व्यापक सामाजिक उत्तरदायित्वके सन्दर्भमें देखी जा सकती है। उद्योगकी वास्तविक प्रतिष्ठा तब बढ़ती है, जब आर्थिक प्रगतिके साथ जीवोंके प्रति करुणा और पर्यावरणके प्रति संवेदनशीलता भी आगे बढ़े। दूरसंचार क्षेत्रकी अग्रणी कम्पनी हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस लिमिटेड (एचएफसीएल) के संस्थापक एवं उद्योगपति महेन्द्र नाहटाने जियोके ऐतिहासिक लांचिंग समारोहमें सहभागिता करते हुए इसे भारतीय आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और आध्यात्मिक संवेदनाका अनूठा संगम बताया। निस्संदेह जियोकी यह उड़ान नये भारतके आत्मविश्वास, नवाचार और विकसित भारतके संकल्पको नयी ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक अध्याय है।

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके नेतृत्वमें डिजिटल इंडिया, डिजिटल भुगतान, आधारभूत डिजिटल सुविधाओं और उद्यमशीलताको प्रोत्साहन देने वाली पहलोंने देशके तकनीकी परिवर्तनके लिए अनुकूल वातावरण बनाया है। इस विकासमें सरकारकी नीतियों, निजी क्षेत्रके निवेश, वैज्ञानिक प्रतिभा और करोड़ों नागरिकोंकी भागीदारीका साझा योगदान है। जियोने इस वातावरणका उपयोग करते हुए डिजिटल संपर्कका विस्तार किया। भारतको दुनियाकी तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनानेका लक्ष्य भी इसी व्यापक विकास यात्राका हिस्सा है। परन्तु आर्थिक आकारके साथ प्रति व्यक्ति आय, गुणवत्तापूर्ण रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षामें सुधार भी उतना ही आवश्यक है। आगेकी चुनौती और भी बड़ी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बादल आधारित संगणना, अंतरिक्षसे संपर्क और नयी डिजिटल सेवाओंमें निवेश भारतके लिए व्यापक अवसर पैदा कर सकता है। परन्तु तकनीकका लाभ तभी समावेशी होगा, जब ग्रामीण क्षेत्रोंमें मजबूत संपर्क, डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा और व्यक्तिगत आंकड़ोंकी गोपनीयता सुनिश्चित की जायगी। दूरसंचार कम्पनियोंको सेवाकी गुणवत्ता, उचित कीमत और उपभोक्ता हितोंके बीच संतुलन बनाना होगा। टाटा, एयरटेल और दूसरे भारतीय उद्यमोंकी प्रतिस्पर्धा भी इस क्षेत्रको अधिक सक्षम बना सकती है।

रिलायंसके सामने भी भविष्यकी कसौटियां कम नहीं हैं। बड़े बाजार मूल्यांकनको निरन्तर नवाचार, टिकाऊ मुनाफे, रोजगार सृजन और जनविश्वासमें बदलना होगा। निवेशकोंकी अपेक्षाओंपर खरा उतरनेके साथ पर्यावरणीय उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धाको महत्व देना होगा। आर्थिक विकासका उद्देश्य केवल कुछ कम्पनियोंको वैश्विक शक्ति बनाना नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारोंके जीवनमें स्थिरता, सम्मान और अवसर लाना होना चाहिए। वस्तुतः जियोकी उपलब्धि नये भारतकी उस आकांक्षाका प्रतीक है, जो तकनीकमें आत्मविश्वास, व्यापारमें विस्तार और विश्व अर्थव्यवस्थामें नेतृत्व चाहती है। किन्तु मंजिल अभी दूर है। सच्ची सफलता वह नहीं, जहां कुछ लोग शिखरपर पहुंच जायं, सच्ची सफलता वह है, जहां शिखरतक पहुंचनेके रास्ते सबके लिए खुलें। रिलायंसकी यह आर्थिक छलांग तभी इतिहासमें स्थायी स्थान बनायेगी, जब इसके साथ रोजगार बढ़ेगा, आयकी विषमता घटेगी और समाजके अंतिम व्यक्तितक विकासकी रोशनी पहुंचेगी। यही विकसित भारतका सार है-समृद्ध उद्योग, सक्षम नागरिक और संवेदनशील समाज। अनन्त अंबानीने जियोके नाममें छिपे आशीर्वादके भावको जिस आत्मीयतासे अभिव्यक्त किया, वह भारतीय संस्कृति, पारिवारिक संस्कारों और आध्यात्मिक चेतनाका सुन्दर संगम है। उन्होंने कहा कि 'मां कहती है-जियो मेरे लाल, दादी कहती हैं-जुग-जुग जियो और दोस्त कहते हैं-जियो मेरे यार।' इस तरह 'जियो' केवल एक व्यावसायिक नाम नहीं, बल्कि शुभकामना, आशीर्वाद, स्नेह और मंगलकामनाका जीवंत संदेश बन जाता है। जब उन्होंने कारोबारको पूजा और शेयरोंको प्रसादकी संज्ञा दी, तब उन्होंने आर्थिक उपलब्धिको जन-भागीदारी और कृतज्ञतासे जोड़नेका अनूठा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। सचमुच, जब व्यापारमें आशीर्वादका भाव और सफलतामें समाजकी साझेदारी जुड़ जाय, तब उद्यम केवल समृद्धिका माध्यम नहीं, बल्कि जनविश्वासका उत्सव बन जाता है।

भाषा और लिपिमें अन्तर

लिपियोंके नष्ट हो जानेसे हम अपनी जड़ों, परम्पराओं और संस्कृतिसे भी दूर हो जाते हैं। इसलिए लिपियोंको जिन्दा करनेके लिए ठोस उपाय करनेकी सख्त जरूरत है। तभी हमारी संस्कृति और परम्पराएं बच पायंगी।

❑ डा. कुलदीप चन्द अग्निहोत्री

भाषा और लिपिके अंतरको समझना जरूरी है। हर व्यक्ति कोई न कोई भाषा तो बोलता ही है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि वह जो भाषा बोल रहा है उसे लिख एवं पढ़ भी सके। उदाहरणके लिए कोई व्यक्ति हिन्दी या पहाड़ी या मंडियाली या किन्नौरी बोल रहा हो लेकिन यदि आप उसे कहें कि आप जो बोल रहे हो उसे लिखकर दिखाओ तो हो सकता है इसमें असमर्थ हो। जब लिख नहीं सकता तब लिखे हुए को पढ़ना तो सम्भव ही नहीं है। यदि भाषाको लिखना हो और बादमें उसे पढ़ना हो तो उसके लिए अक्षरोंकी जरूरत पड़ती है। इन अक्षरोंको ही लिपि कहा जाता है। लेकिन दुनियाभरमें अक्षर तो भिन्न प्रकारके होते हैं। कहीं ए, बी, सी आदि लिखा जा रहा है, कहीं अलफ, बे, पे और कहीं क, ख, ग लिखा जा रहा है। इसका अर्थ हुआ कि दुनियाभरमें अनेक लिपियां प्रचलित हैं और उनके नाम भी अलग-अलग हैं। पंजाबी भाषा जिस लिपिमें लिखी जाती है, उसे गुरुमुखी लिपि कहा जाता है। यूरोपकी अधिकांश भाषाएं जिस लिपिमें लिखी जाती हैं, उसे रोमन लिपि कहा जाता है। हिन्दी, संस्कृत, नेपाली, मराठी और बोड़ो भाषाएं जिस लिपिमें लिखी जाती हैं उसे देवनागरी लिपि कहा जाता है। अब मान लीजिए किसी लिपिका प्रचलन समाप्त हो गया तो उस लिपिमें लिखी हुई हजारों पुस्तकोंको पढ़ना असंभव हो जायगा। इसके कारण ज्ञानका खजाना ही नहीं समाप्त होता, बल्कि वह भाषा बोलने वालोंका अपने पूर्वजोंसे संबंध भी टूट जाता है।

ब्राह्मी लिपिकी यही स्थिति है। आज उसको पढ़ने वाला कोई नहीं बचा है। दस हजार साल पहलेकी सरस्वती-सिन्धु सभ्यताको समझनेमें आ रही मुश्किलोंमेंसे सबसे बड़ी मुश्किल यही है। शिलालेखोंपर ब्राह्मी लिपिमें कुछ खुदा हुआ है। लेकिन वह क्या है, इसे कोई नहीं बता सकता, क्योंकि आज ब्राह्मी लिपिको पढ़ने वाला कोई नहीं है। पीछे तमिलनाडु सरकारने ब्राह्मी लिपि पढ़नेके लिए दस करोड़का ईनाम घोषित किया है। लेकिन हमारा संबंध सप्त सिन्धु क्षेत्रकी एक प्राचीन शारदा लिपिको लेकर है। कश्मीरी भाषा शारदा लिपिमें लिखी जाती थी। यह लिपि इतनी प्राचीन है कि कश्मीरमें तो संस्कृतके अनेक ग्रन्थ भी शारदा लिपिमें लिखे हुए मिलते हैं। लेकिन जब मध्य एशियासे अरबों, तुर्कों और मुगलों (एटीएम) के आक्रमण शुरू हुए तो उसका पहला शिकार यह सप्त सिन्धु क्षेत्र ही हुआ। हमलावरोंने बाकी जो नुकसान किया वह तो है ही, लेकिन उनका सबसे बड़ा आक्रमण यहांकी लिपियोंपर हुआ। उन्होंने यहांकी सभी लिपियोंको समाप्त कर सभी भाषाएं अरबी लिपिमें लिखना शुरू कर दीं। बलोची, पश्तो, हिन्दी सब अरबी भाषामें लिखी जाने लगीं। एटीएमके एक अभियानकी शिकार कश्मीरकी अति प्राचीन लिपि शारदा हो गयी। शासकीय प्रयत्नोंके चलते वहां अरबी लिपिका प्रचार और प्रयोग हुआ। भारतमें अबतक अरबी लिपिको फारसी लिपि कहनेका प्रचलन भी हो गया था। इस अरबी फारसी लिपिने शारदा लिपिको खाना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, कश्मीरमें शारदापर मार तो पड़ी, साथ ही मजहबपर भी मार पड़ी। कश्मीरियोंको बल छलसे इस्लाम मजहब या शिया मजहबमें शामिल किया गया। शिया मजहब या इस्लाम मजहबमें गये कश्मीरियोंने शायद सोचा होगा कि अपना मूल मजहब छोड़नेके साथ अपनी शारदा लिपिको छोड़ना भी जरूरी है। कश्मीरियोंने अपनी लिपि शारदासे धोखा किया। इस प्रकार वे अपनी विरासत और अपने पूर्वजोंसे दूर होते गये। कश्मीरी भाषाके शारदा लिपिमें लिखे हजारों ग्रन्थ कश्मीरियोंके लिए अनजाने हो गये हैं। वे उन्हें पढ़ नहीं सकते। शारदा लिपिको पुनः प्रयोगमें लानेकी बात एक बार फिर उठी थी जब अंग्रेजोंके चले जानेके बाद जम्मू-कश्मीरमें अलग संविधान सभाका गठन हुआ था। जम्मू-कश्मीरका नया संविधान बन रहा था। उसमें कश्मीरी भाषाकी लिपि शारदाका प्रश्न आया। भाषा विज्ञानके कुछ जानकार सदस्योंने कहा कि कश्मीरी भाषाकी लिपि तो शारदा ही है। उसे ही संविधानमें दर्ज किया जाना चाहिए। उस वक्त जम्मू-कश्मीरपर अरबों, तुर्कों या मुगलोंका राज नहीं था। संविधान सभामें खांटी कश्मीरी नेशनल कान्फ्रेंसका बहुमत था। उस बहुमतने कहा कि कश्मीरी भाषाकी लिपि अरबी होगी, शारदा नहीं। किसीने ठीक ही कहा था, इस घरको आग लग गयी घरके चिरागसे। जिनपर तकिया था वही पत्ते हवा देने लगे। अब कश्मीरमें कश्मीरी भाषा अरबी लिपिमें लिखी जाती है। शिक्षा संस्थानोंमें अरबी लिपिमें ही पढ़ाई जाती है। लेकिन अब भी इक्का-दुक्का बुजुर्ग लोग कहीं-कहीं शारदा लिपिके जानकार मिल जाते हैं। लेकिन शारदा लिपिको पढ़ सकने वालोंकी संख्या अब मुश्किलसे अंगुलियोंपर ही गिने जा सकते हैं। कश्मीरियोंकी जो पीढ़ी आतंकवादके दिनोंमें कश्मीरसे बाहर चली गयी थी, उनके बच्चोंका तो लिपिकी बात तो दूर, कश्मीरी भाषासे भी नाता टूटता जा रहा है। शारदा लिपिकी स्थिति भी ब्राह्मी लिपि जैसी बनती जा रही है। इससे ज्ञानकी एक पूरी परम्परा और इतिहास लुप्त हो जायगा। जम्मू-कश्मीरसे अनुच्छेद ३७० तो हट चुका है। अब जरूरत है कि शारदा लिपिमें भी पुनः प्राण प्रतिष्ठा स्थापित की जानी चाहिए। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय शायद देशमें एकमात्र विश्वविद्यालय है जो शारदा लिपिमें कश्मीरी भाषाका सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम चलाता है। सप्त सिन्धु फाऊंडेशनने अभी हालमें शारदा लिपिमें शारदा लोक नामकी कश्मीरी भाषाकी पत्रिका शुरू की है जिसकी लिपि शारदा है। जम्मूमें संजीविनी शारदा केन्द्र भी शारदा लिपिको सिखानेका उपक्रम करता रहता है। लेकिन ये प्रयास ऊंटके मुंहमें जीरेके समान हैं। जम्मू-कश्मीर सरकारको शुरूमें कमसे कम यह व्यवस्था तो जरूर करनी चाहिए कि अरबी लिपिके अलावा शारदा लिपिमें भी लिखनेकी आधिकारिक अनुमति दे। लिपियोंके नष्ट हो जानेसे हम अपनी जड़ोंसे कट जाते हैं। अपनी परम्पराओं और संस्कृतिसे भी दूर हो जाते हैं। इसलिए लिपियोंको जिन्दा करनेके लिए ठोस उपाय करनेकी सख्त जरूरत है। तभी हमारी संस्कृति और परम्पराएं बच पायंगी।



शान्तिका मार्ग

❑ सुधांशु

मनुष्यके लिए कल्याणकारी तत्व है शांति। जीवनमें शांति न हो तो कुछ भी नहीं है। जो पल शांतिमें बीत जायं, वे ही सबसे अच्छे लगते हैं। इसीलिए मनुष्य भगवानसे दो ही चीजें मांगता है कि हे भगवान्, हमें सुख-शांति दीजिए, हमारे घरमें सुख-शांति बनी रहे, क्योंकि जिस घरमें शांतिका वास है, वहां उन्नति और विकास है। जिस व्यक्तिके मनमें शांति है, उसका तन स्वस्थ है, उसको ही ठीकसे नींद आयगी, जब नींद ठीकसे आयगी तो सेहत अपने आप ठीक रहेगी, उसके चेहरेपर प्रसन्नता रहेगी और वह फूलकी तरह खिला रहेगा। जीवनमें शांतिके लिए तीन चीजें आवश्यक हैं जिसके जीवनमें नियम है या जिसका जीवन नियमित है, उसकी जिन्दगीमें शांति है। व्यक्ति यदि नियममें नहीं है, जिधर मन हुआ उधर ही भाग लिया, जब मन हुआ तभी चल दिया, जो चाहा वही करने लगा, सारे नियम तोड़कर, सारे कायदे छोड़कर स्वच्छंद व्यवहार करता है, उसके जीवनमें शांति नहीं आयगी। अनुशासन, जो व्यक्ति स्वयं अपने ऊपर अनुशासन करता है, किसीके कुछ कहनेसे, अपना अनुशासन भंग नहीं करता, उसके जीवनमें शांति रहती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति अनुशासनकी सारी हदें तोड़ता है दूसरोंको अनुशासनकी शिक्षा देता है, स्वयं मानता नहीं और दूसरोंको समझाना चाहता है, दूसरोंके अनुशासनकी योजना तैयार करता है, न उसे अपनी वाणीपर नियंत्रण है और न अपने कार्योंपर, ऐसा आदमी खुदको ही धोखा देता है। भले ही वह दूसरोंको अशांत करनेमें लगा रहे लेकिन उसके अपने जीवनमें अशांति बनी रहती है। जिसके जीवनमें अनुशासन है, उसीके जीवनमें शांति होगी। शांतिके लिए तीसरी चीज है व्यवस्था। जीवनमें शांतिके लिए व्यवस्थित होना जरूरी है। जो लोग योजनाबद्ध तरीकेसे काम करते हैं, उनकी जिन्दगीमें शांति रहती है। अंतरिक्षमें सारे ग्रह-नक्षत्र तेजीसे घूम रहे हैं, यदि इन सबका हिसाब लगायें तो कितनी हैरानी होती है, इनकी गति इतनी अधिक है लेकिन फिर भी ये आपसमें टकराते नहीं, सब अपने नियमसे घूम रहे हैं। धरतीको ही देख लीजिए साठ हजार किमी प्रति घंटाकी गतिसे सूर्यकी परिक्रमा कर रही है, अनवरत कर रही है। हमारी गाड़ी सौ-डेढ़ सौकी स्पीडपर ही नियंत्रण खोने लगती है, खतरा बढ़ जाता है, लेकिन इन्हें देवयान या ग्रह-उपग्रह कहिये, ये इतनी गति होनेपर भी नियममें रहते हैं। संपूर्ण प्रकृति एक व्यवस्था और अनुशासनसे बंधी हैं। सभी अपने रास्तेपर चल रहे हैं, कोई रास्ता नहीं बदलता, इसलिए सब कल्याणकारी हैं। जरा-सा भी नियम यदि ऊपर-नीचे हो जाये तो विस्फोट होगा, विध्वंस होगा। मनुष्यके लिए आवश्यक है कि वह भी अपने जीवनको शांतिमय बनानेके लिए नियम बनाये। तभी जीवनकी समस्त घड़ियां शुभ हो जायंगी।

हरित ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ना जरूरी

❑ कांतिलाल मांडोत

एथेनॉलसे घटेगा विदेशी तेलपर निर्भरताका बोझ लेकिन गाड़ियोंकी कीमत माइलेज और रखरखावपर भी देना होगा ध्यान देशमें पेट्रोलके विकल्पके रूपमें एथेनॉलके इस्तेमालको बढ़ावा देनेकी दिशामें केन्द्र सरकारने एक और कदम उठाया है। जबकि देशमें ऐथेनॉलको लेकर पूर्वमें हंगामा भी बहुत हुआ था। लिहाजा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयने ई-१०० ईंधनसे चलने वाले वाहनोंको अनुमति देनेके लिए मोटर वाहन नियमोंमें बदलावकी अधिसूचना जारी की है। यह फैसला भारतकी ऊर्जा जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण और विदेशी तेलपर निर्भरता कम करनेकी व्यापक रणनीतिका हिस्सा है। हालांकि इस नयी व्यवस्थाको केवल हरित क्रांतिके रूपमें देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ वाहनधारकोंकी आर्थिक स्थिति, वाहनोंकी तकनीकी क्षमता, ईंधनकी उपलब्धता और रखरखावसे जुड़ी चुनौतियोंको भी समझना जरूरी है।

देशमें पेट्रोलके साथ एथेनॉल मिलानेकी शुरुआत वर्ष २००६ में हुई थी। बादमें सरकारने इस मिश्रणको बढ़ानेकी नीति अपनायी। पेट्रोलमें २० प्रतिशत एथेनॉल मिलानेकी व्यवस्था ई-२० के नामसे जानी जाती है। सरकारके अनुसार इससे पेट्रोलके आयातपर होने वाला खर्च घटाने और प्रदूषण कम करनेमें मदद मिल सकती है। लेकिन दूसरी ओर कुछ वाहनधारकोंने ई-२० पेट्रोलके इस्तेमालके बाद माइलेज कम होने और वाहनोंकी कार्यक्षमता प्रभावित होनेकी आशंकाएं जतायी हैं। इन शिकायतोंने आम उपभोक्ताओंके मनमें सवाल खड़े किये हैं कि ईंधनमें बदलावका वास्तविक लाभ किसे मिलेगा और इसकी कीमत किसे चुकानी पड़ेगी।

ई-१०० और ई-२० के बीच अंतर समझना भी आवश्यक है। ई-१०० का अर्थ ऐसा ईंधन है जिसमें एथेनॉलकी मात्रा लगभग पूरी तरह एथेनॉल आधारित हो। इसमें चलने वाले वाहन सामान्य पेट्रोलसे चलने वाले वाहनोंसे तकनीकी रूपसे अलग हो सकते हैं। सरकारकी अधिसूचनाके अनुसार, ई-१०० का उपयोग उन्हीं वाहनोंमें किया जा सकेगा जिनके इंजन इस ईंधनके अनुकूल बनाये गये हों और जिन्हें इसके लिए प्रमाणित किया गया हो। इसका मतलब यह नहीं है कि मौजूदा पेट्रोल वाहनोंमें सीधे ई-१०० भरकर उन्हें चलाया जा सकता है। वर्तमान वाहनधारकोंको इस बातका विशेष ध्यान रखना होगा कि उनके वाहनके निर्माताने किस प्रकारके ईंधनकी अनुमति दी है। वाहनधारकोंके लिए इस बदलावके संभावित फायदे भी हैं। यदि ई-१०० के अनुकूल वाहन उचित कीमतपर उपलब्ध होते हैं और उनके लिए पर्याप्त ईंधन केन्द्र विकसित किये जाते हैं तो भविष्यमें पेट्रोलके विकल्प बढ़ सकते हैं। एथेनॉल आधारित ईंधनकी कीमत प्रतिस्पर्धी रहनेपर उपभोक्ताओंको ईंधन खर्चमें राहत मिलनेकी संभावना भी बन सकती है। इसके अतिरिक्त कृषि आधारित उत्पादनसे एथेनॉलकी आपूर्ति बढ़नेपर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानोंको लाभ मिल सकता है। हालांकि वाहनधारकोंको वास्तविक बचतका आकलन केवल ईंधनकी प्रति लीटर कीमतसे नहीं, बल्कि वाहनके माइलेज, रखरखाव और उपलब्धताको ध्यानमें रखकर करना होगा।

सरकारके सामने भी इस नीतिके कई फायदे और चुनौतियां हैं। भारत अपनी तेल जरूरतोंके बड़े हिस्सेके लिए आयातपर निर्भर है। पेट्रोलमें एथेनॉलका मिश्रण बढ़ने और वैकल्पिक ईंधन अपनानेसे कच्चे तेलके आयातमें कमी आ सकती है। इससे विदेशी मुद्राकी बचत होगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारमें तेलकी कीमतोंमें उतार-चढ़ावका असर कुछ हदतक कम किया जा सकेगा। एथेनॉल उत्पादनसे कृषि क्षेत्र, प्रसंस्करण उद्योग और रोजगारके नये अवसर भी पैदा हो सकते हैं। पर्यावरणकी दृष्टिसे भी पेट्रोलके स्थानपर एथेनॉलके इस्तेमालसे कुछ परिस्थितियोंमें कार्बन उत्सर्जन कम करनेमें मदद मिल सकती है। हालांकि वास्तविक पर्यावरणीय लाभ एथेनॉलके उत्पादन, परिवहन और कृषिमें इस्तेमाल होने वाले संसाधनोंपर भी निर्भर करते हैं। इसके बावजूद सरकारके सामने खर्च और संसाधनोंसे जुड़ी चुनौतियां कम नहीं हैं। एथेनॉल उत्पादन बढ़ानेके लिए कारखानों, भंडारण सुविधाओं, परिवहन व्यवस्था और ईंधन वितरण केन्द्रोंका विस्तार करना होगा। ई-१०० के अनुकूल इंजन और वाहन विकसित करनेमें वाहन निर्माता कम्पनियोंको अनुसंधान तथा तकनीकी निवेश करना पड़ेगा। इसका असर शुरुआती दौरमें वाहनोंकी कीमतपर पड़ सकता है। यदि ई-१०० के लिए पर्याप्त बिक्री केन्द्र नहीं बने तो उपभोक्ता वाहन खरीदनेके बावजूद ईंधनकी उपलब्धताको लेकर परेशान हो सकते हैं। इसके अलावा एथेनॉल उत्पादनमें पानी और कृषि उपजकी जरूरतको ध्यानमें रखना होगा, ताकि खाद्य सुरक्षा और किसानोंकी दूसरी जरूरतोंपर अनावश्यक दबाव न पड़े।

ब्राजील और अमेरिका जैसे देशोंमें फ्लेक्स फ्यूल तकनीकका इस्तेमाल किया जाता है। वहां ऐसे वाहन विकसित किये गये हैं जो निर्धारित सीमाके भीतर पेट्रोल और एथेनॉलके अलग-अलग मिश्रणोंपर चल सकते हैं। भारतमें भी इस तकनीककी संभावनाएं तलाशना स्वाभाविक है, लेकिन दूसरे देशोंका अनुभव अपनाते समय भारतीय परिस्थितियोंका ध्यान रखना होगा। यहां वाहन बाजार, सड़क परिवहन, कृषि संसाधन और ईंधन वितरणकी परिस्थितियां अलग हैं। इसलिए किसी तकनीककी सफलता केवल सरकारी अनुमतिसे नहीं, बल्कि उसके व्यावहारिक उपयोग और उपभोक्ताओंके अनुभवसे तय होगी। ई-२० को लेकर उठे सवालोंका पारदर्शी समाधान भी जरूरी है। वाहनधारकोंको यह स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए कि कौन-सा वाहन किस ईंधनके अनुकूल है, माइलेजपर कितना संभावित असर पड़ सकता है और वारंटी तथा रखरखावकी शर्तें क्या हैं। वाहन निर्माता कम्पनियों और सरकारको शिकायतोंके वैज्ञानिक परीक्षण तथा उनके निष्कर्षोंको सार्वजनिक करनेपर ध्यान देना चाहिए। बिना प्रमाणके हर शिकायतको सही मानना उचित नहीं है, लेकिन उपभोक्ताओंकी समस्याओंको नजरअंदाज करना भी ठीक नहीं होगा। अंततः ई-१०० को अनुमति देना भारतकी ऊर्जा नीतिमें एक नया विकल्प खोलता है, लेकिन इसकी सफलताका आधार संतुलित क्रियान्वयन होगा। सरकारको विदेशी मुद्रा बचत, पर्यावरण संरक्षण और किसानोंकी आय बढ़ानेके साथ आम नागरिकके खर्चको भी प्राथमिकता देनी होगी। वाहनधारकोंको तकनीकी जानकारी और भरोसेमंद ईंधन उपलब्ध कराना आवश्यक है। हरित ऊर्जाकी दिशामें आगे बढ़ना समयकी जरूरत है, परन्तु यह बदलाव ऐसा होना चाहिए जिसमें पर्यावरणको लाभ मिले, सरकारका आर्थिक बोझ घटे और आम उपभोक्तापर अतिरिक्त खर्चका अनावश्यक भार न पड़े। यही ईंधन नीतिकी वास्तविक सफलता होगी।

नगर निगम की सरकारी भूमि से हटाया अवैध कब्जा, प्रशासन ने दिखाई सख्ती

पवन हंस हेली स्थल के समीप खसरा संख्या ५८३ च की भूमि कराई कब्जा मुक्त, सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर निगम प्रशासन सक्रिय

भूमाफियाओं पर नगर निगम की नजर, सरकारी भूमि पर कब्जा बर्दाश्त नहीं: नीरज शर्मा



वृंदावन। धार्मिक नगरी वृंदावन में नगर निगम की सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पवन हंस हेली पेड स्थल के समीप स्थित नगर निगम की खसरा संख्या ५८३ च की भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध कब्जे को निगम की टीम ने ध्वस्त कराकर संपत्ति को कब्जा मुक्त करा लिया। नगर निगम की इस कार्रवाई को सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा और सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जों को रो. कने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निगम प्रशासन सरकारी भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए सक्रियता से निगरानी कर रहा है। बताया गया कि उक्त भूमि पर काबिज विश्वनाथ नामक युवक ने संपत्ति पर अपना अधिकार होने का दावा किया है। हालांकि, भूमि के स्वामित्व को लेकर किए गए दावे की स्थिति संबंधित अभिलेखों के आधार पर स्पष्ट होगी। फिलहाल नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। नगर निगम के सहायक आयुक्त नीरज शर्मा ने कहा कि धार्मिक नगरी वृंदावन में जमीनों के बढ़ते दामों के चलते कुछ भूमाफिया सरकारी भूमि पर कब्जा करने की को. शिश कर रहे हैं। ऐसे मामलों को लेकर नगर निगम प्रशासन सतर्क है और सरकारी संपत्तियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी परिस्थिति में अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। निगम की संपत्तियों को सुरक्षित रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और जहां भी सरकारी भूमि पर अनधिकृत कब्जे की स्थिति सामने आएगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन की इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश है कि सरकारी भूमि पर अनधिकृत कब्जे के मामलों में लापरवाही नहीं बरती जाएगी। निगम की सक्रियता से सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित रखने और अतिक्रमण पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रयास जारी हैं।

राया में बच्चो से भरी स्कूली बस और मैक्स की भिड़ंत, पुलिस नें दोनों वाहनों को लिया कब्जे मे

राया। कस्बा राया के व्यस्त मथुरा रोड-सादाबाद रोड चौराहे पर गुरुवार सुबह स्कूली बच्चों को लेकर जा रही सोफिया स्कूल की बस और मैक्स वाहन के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर बस मे सवार बच्चो मे अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और बड़ा हादसा टल गया।प्राप्त जानक. ारी के अनुसार, गुरुवार सुबह सोफिया स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इसी दौरान मथुरा रोड-सादाबाद रोड चौराहे के समीप अचानक किसी को बचाने के प्रयास में बस और मैक्स वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्कूली बस में बच्चे सवार होने के कारण कुछ देर के लिए लोगों में चिंता का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलने पर राया पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों वाहनों को उनके चाल. कों सहित थाने ले गई। पुलिस चौराहो पर लगे सीसीटीवी केमरो से हादसे के कारणों की जांच कर रही है। राहत की बात यह रही कि स्कूली बच्चों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त होने के बावजूद एक भी बच्चे को चोट नहीं आई हादसे के बाद एक बार फिर व्यस्त चौराहों पर वाहनों की आवाजाही और यातायात व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।हालांकि बाद मे दोनों पक्षो मे सहमति की बात सामने आई है।

परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अनोड़े के बच्चों ने दिखाया दम

विजेता टीम जिले पर करेगी प्रतिभाग



राया। विकास खंड राया की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राया नगर के गोपाल बाग मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में दस न्याय पंचायत स्तर की विजेता टीमों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ने भाग प्रतियोगिता की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष राया राजकुमार अग्रवाल व ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रन सिंह,ने संयुक्त रूप से मां शारदे का दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्यअतिथियों का खेलकूद नोडल प्रभारी राजीव कुमार शर्मा, रीना सिंह ब्लॉक व्यायाम शिक्षिका ने स्वागत व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया न्याय पंचायतो पर जीतकर आए हुए विभिन्न विद्यालयो के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। खेलों में प्राथमिक वर्ग ४००मीटर बालक रामेश्वर नगला गंगा दौड़ में गोल्ड ४००मीटर बालिका ज्योति नगला हरगोविंद दौड़ में गोल्ड, जूनियर ४०० दौड़ में नितिन गजू ४०० मी बालिका कंपोजिट विद्यालय कारव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कबड्डी में जूनियर बालिका वर्ग गजू ने गोल्ड, बालक वर्ग मदेम, भैंसारा, गोल्ड ,खो-खो, कबड्डी बालक प्रा वर्ग लो. हवन, बालिका प्राथमिक वर्ग खो-खो में प्राथमिक विद्यालय विजाहरी, जूनियर वर्ग खो खो में गजू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, गोला फेंक , तस्तरी में वीरेंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय अनोरा में गोल्ड प्राप्त किया।खिलाड़ियों में अच्छी प्रतिस्पर्धा रही। न्याय पंचायत अनौडा ने प्रथम चौंपियन ट्रॉफी जीती सभी शिक्षक संघों का पूर्ण सहयोग मिला। सभी संजय सिंह, अनुपम शीतल ने सभी शिक्षकों का स्वागत सम्मान किया। इस दौरान गोवर्धन दास गुप्ता जिला मीडिया प्रमुख, हरिओम गुप्ता, मुरारी लाल शर्मा, अमित शर्मा, पूनम गर्ग, तेजवीर सिंह, दीपक गुप्ता, भगवान सिंह पचोरी हरीश चौधरी, जिला व्यायाम शिक्षक प्रभु कांत उपाध्याय, सीमा शर्मा,अमित अद्भुत, योगेश शर्मा, रश्मि शर्मा, अर्चना वर्मा, प्रमोद वर्मा,देवेंद्र शर्मा, बिंदु सिंह, विनीत अग्रवाल,ब्रजवीर सिंह भरंगर, सुधीर उपाध्याय, पुष्पेंद्र चौधरी,सिखा गौड़,निर्णायक मंडल में खेलकूद अनुदेशक मनोज कुमार, चंदन सिंह, मकसूदन सिंह ,जितेंद्र ने निर्णायकभूमिका निभाई, कार्यक्रम का संचालन मुकेश अग्रवाल व रिंकेश ने किया।

राधा ऑर्किड में सामूहिक रूप से मनाया गया करवा चौथ पर्व -महावीर मित्तल



मथुरा। शहर की सबसे पोश कॉलोनी राधा ऑर्किड में करवा चौथ का पर्व सामूहिक रूप से मनाया गया अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष तथा स्थानीय निवासी महावीर मित्तल ने बताया की भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत महिलाओं द्वारा उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला करवा चौथ पर्व पूरी कॉलोनी में आपसी मेलजोल की भावना से सामूहिक रूप से मनाया गया,उन्होंने कहा कि हमें अपने भारतीय पर्वों को सामूहिक रूप से इसलिए भी मनाना चाहिए जिससे की एक दूसरे से हम भारतीय संस्कार तथा संस्कृति बारे में सीखते हैं तथा हम अपने पर्वों के बारे में अधिक से अधिक समझ सकते हैं, सार्वजनिक रूप से मनाने में हमें अपने पर्वों को अधिक मनोरंजक व विधि विधान पूर्वक संपन्न करने में एक दूसरे का सहयोग प्राप्त होगा, एकल परिवार के बढ़ते हुए प्रचलन को समाज के लिए खतरा बताते हुए उन्होंने अपील की कि अपने आने वाली पीढियां को भारतीय पर्वों के बारे में अधिक जानकारी मिलने तथा उनको सुसंस्कारी बनाने के उद्देश्य से अपने भारतीय पर्वों को सामूहिक रूप से मनाया जाना चाहिए , जिससे कि उनके अंदर परिवार के साथ रहने की भावना जागृत होगी।

सैकड़ों वर्ष प्राचीन देवत्र सम्पत्ति को किया जा रहा नष्ट, मुख्यमंत्री से की शिकायत

अठखम्भा स्थित प्राचीन मंदिर ठा. मुरली मनोहर जी महाराज, सेवासखी कुंज की देवत्र सम्पत्ति को किया जा रहा नष्ट

वृन्दावन। तीर्थनगरी वृन्दावन में भू-माफियाओं द्वारा सैकड़ों वर्ष प्राचीन मंदिरों की संपत्ति को हड़पने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हिन्दूवादी सरकार के राज में हिन्दू मंदिरों को भूमाफियाओं, जनप्रतिनिधि एवं प्रषासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से नष्ट किया जा रहा है। हाल ही में एक प्रकरण अठखंबा स्थित सेवासखी कुंज सैकड़ों वर्ष प्राचीन मंदिर ठा. मुरली मनोहर जी महाराज का है। इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलादकृष्ण शुक्ला एडवोकेट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उक्त देवत्र सम्पत्ति को बचाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि उक्त मंदिर करीब सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन है, फर्जी लिखापढ़ी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर देवत्र सम्पत्ति को बेच दिया गया। बिना किसी अनुमति के प्राचीन मंदिर के दुर्लभ हिस्सों गर्भगृह, चौक, भंडारण, कोठरियां सभी को जमींदोज कर देवत्र सम्पत्ति का अस्तित्व खत्म किया जा रहा जा रहा है। मंदिर के सेवित विग्रह विराजमान ठा. मुरली मनोहर जी महाराज को भी उनके स्थान से हटा दिया गया है। साथ ही मंदिर के एक हिस्से को भी किसी अन्यत्र व्यक्ति को बेचकर वहां तीन मंजिला दुकान शोरूम का भी अवैध निर्माण देवत्र सम्पत्ति में किया जा रहा है, इस मामले में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन ने एनओसी और विकास प्राधिकरण ने नक्षा पास कर दिया गया है। जबकि मंदिर सम्पत्ति के एकमात्र मालिक विराजमान देवता हैं और सभी मालिकाना अधिकार देवता में ही निहित होते हैं, पुजारी/केयरटेकर को मंदिर सम्पत्ति के मालि. काना हक संबंधी अधिकार से छेड़छाड़ करने का कोई अधिकार नहीं है। यह स्पष्ट आदेष मा. सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेष में दिए हैं, लेकिन नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण मा. सुप्रीम कोर्ट की खुली अवमानना कर रहे है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलादकृष्ण शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्राचीन मंदिर सम्पत्ति को बचाने, मंदिर सम्पत्ति में हो रही फर्जी रजिस्ट्री को रद्द करने की मांग की है।

अड्डा पाली में भव्य गौरव समागम का आयोजन, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का हुआ भव्य स्वागत

गोवर्धन (मथुरा)। गोवर्धन क्षेत्र के गांव अड्डा पाली में गौरव समागम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर आयोजकों एवं उपस्थित लोगों ने पुष्पहार पहनाकर, पटका ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और सामाजिक एकजुटता का माहौल देखने को मिला। सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर दिया जोर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनकल्याण और विकास के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे, ताकि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके। मंत्री के संबोधन के दौरान उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक सहभागिता, जनकल्याण और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। पूनम एडवोकेट ने जताया सभी का आभार-कार्यक्रम की आयोजक पूनम एडवोकेट ने मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण सहित सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, समर्थन और सहभागिता से गौरव समागम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और सभी गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद करते हुए आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। गौरव समागम में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकजुटता, जनभागीदारी और जनकल्याण के प्रति सकारात्मक संदेश दिया गया।

राया में पटाखा बाजार लगाने की मांग तेज, व्यापारियों ने डीएम से मांगी अनुमति

पिछले वर्षों में प्रशासन ने नहीं दी थी अनुमति, पटाखा बाजार नहीं लगने से त्योहार की रौनक रही फीकी; इस बार अनुमति मिलने से ८० गांवों के लोगों को मिलेगा लाभ

राया। दीपावली के त्योहार को लेकर कस्बा राया में पटाखा बाजार लगाने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने जिला प्रशासन से इस बार राया में पटाखा बाजार लगाने की अनुमति देने की मांग की है। दिनेश अग्रवाल का कहना है कि पिछले वर्षों में प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण क्षेत्र के लोगों को पटाखे खरीदने के लिए दूसरे कस्बों और शहरों का रुख करना पड़ा था। इससे स्थानीय व्यापारियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। व्यापारियों का कहना है राया आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण खरीदारी करने आते हैं। दीपावली के अवसर पर राया में पटाखा बाजार लगने से कस्बे के साथ-साथ आसपास लगे लगभग ८० गांवों के हजारों लोगों को भी सुविधा मिलेगी। लोगों को पटाखे खरीदने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय व्यापारियों को कारोबार बढ़ाने का अवसर मिलेगा। पिछले वर्षों में नहीं लगा पटाखा बाजार-स्थानीय कुलदीप के अनुसार, पिछले वर्षों में सुरक्षा कारणों के चलते राया में पटाखा बाजार लगाने की अनुमति नहीं मिल सकी थी। इसके चलते दीपावली के दौरान बाजार में अपेक्षित रौनक नहीं दिखाई दी। पटाखों की खरीदारी के लिए लोगों को दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ा। उनका कहना है कि यदि इस बार प्रशासन अनुमति देता है तो बाजार में कारोबार बढ़ने के साथ युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। स्थानीय व्यापारी और नागरिक. ों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए पटाखा बाजार लगाने की अनुमति दी जाए। इसके लिए निर्धारित स्थान पर दुकानों की व्यवस्था, अग्निशमन उपकरण, सुरक्षा इंतजाम और अन्य आवश्यक नियमों का पालन कराया जा सकता है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की निगरानी में व्यवस्थित बाजार लगने से दीपावली की खरीदारी सुविधाजनक होगी और सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर रखी जा सकेगी। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि दीपावली पर पटाखों की बिक्री से बाजार में रौनक बढ़ती है और छोटे दुक. ानदारों को भी लाभ मिलता है। राया में पटाखा बाजार की अनुमति मिलने से व्यापारियों के साथ आम नागरिकों को भी राहत मिलेगी। लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए इस बार पटाखा बाजार लगाने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि दीपावली का त्योहार उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा सके।अब स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों की निगाहें जिला प्रशासन के निर्णय पर टिकी हैं।

गोवर्धन धाम के राधा कुंड कृष्ण कुंड में १ नवंबर को मध्य रात्रि निसंतान दंपति दंपतियों का महाकुंभ स्नान

जिला प्रशासन तहसील प्रशासन ने स्नान महापर्व की तैयारी की ओर व्यवस्था पर अधिकारी कर्मचारियों की नजर

मानसी गंगा स्नान आचरण एवं गोवर्धन धाम के आराध्य ठाकुर श्री हरि देव जी महाराज के संकल्प के साथ प्रारंभ होता है निसंतान दंपतियों का महास्नान

मथुरा। ब्रजमंडल के मथुरा जनपद तहसील गोवर्धन अंतर्गत नगर पंचायत राधा कुंड के परिक्षेत्र में १ नवंबर को निसंतान दंपतियों का महाकुंभ का आयोजन मध्य रात्रि ११:०० बजे से सुबह ६:०० बजे तक संपन्न होगा। विष्णु स्वामी रुद्रा संप्रदाय निर्मोही अखाड़ा गिराज धरण श्री गोवर्धन नाथ पीठ के पीठाधीश्वर गोस्वामी आचार्य श्री पुरुषोत्तम लाल जी ने निशांतन दंपतियों के स्नान संबंध में अनुष्ठान के अंतर्गत बताया है कि निसंतान दंपति निसंतान प्रताप को मानसी गंगा पर आचमन स्नान के उपरांत संकल्प लेकर ठाकुर श्री हरि देव जी महाराज के सानिध्य में राजा कुंड की परिक्रमा करते हुए मध्य रात्रि में राधा कुंड एवं श्याम कुंड में संतान की इच्छा से राजा रानी की कृपा से स्नान करता है उसको राधा रानी की कृपा से संतान की प्राप्ति हो जाती है इस दिन निसंतान दंपति को अपनी एक इच्छित वस्तु का भी त्याग करना होता है। गिरिराज धरण श्री गोवर्धन नाथ पीठ के कार्यकारी पीठाधीश्वर विश्व प्रसिद्ध तांत्रिक आध्यात्मिक गुरुजी बाबा साहब महा हठयोगी युवराज डॉक्टर केशव आचार्य गोस्वामी कात्याय पचौरी पौराणिक मान्यता के अनुसार बताया है राधा कुंड और कृष्ण कुंड में मध्य रात्रि में स्नान करते हुए श्री राधा कृपा कटक स्रोत एवं भोपाल संतान प्राप्ति मंत्र के साथ में इस बार एवं व्रत आदि का विधान है श्री राधा रानी की कृपा से अवश्य ही निसंतान दंपति को संतान प्राप्त हो जाती है यह आयोजन राधा कुंड में कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की अघोरी अष्टमी को भगवान श्री कृष्ण के कल से ही चल रहा है और जनमानस में १९९७ दंपतियों के इस स्नान का विशेष महत्व है। राधा कुंड में पश्चिम बंगाल देवेंद्र देश से आए श्रद्धालु भक्त एवं निसंतान दंपतियों का संतान प्राप्त करने हेतु लाखों की संख्या में राजा कुंड में इस दिन स्नान करते हैं। राधा कुंड के सभी धर्मशाला गेस्ट हाउस आश्रमों में निसंतान दंपति और धार्मिक श्रद्धालु और कार्तिक वर्ष में आए हुए भक्तों की भीड़ के कारण सभी गेस्ट हाउस धर्मशाला फूल है। मेला का आयोजन जिला प्रशासन तहसील प्रशासन एवं नगर पंचायत पुलिस प्रशासन की देखरेख में होता है तहसील प्रशासन की ओर सेउप जिला अधिकारी सलोनी गौतम पुलिस क्षेत्र अधिकारी गोवर्धन थाना कोतवाली प्रभारी गोवर्धन विनय कुमार मिश्रा तहसीलदार गोवर्धन नायक तहसीलदार तहसीलदार न्यायिक समाज सेवी संस्थाएं एवं विश्व ब्राह्मण परिषद द्वारा मेला में संतान दंपतियों की सहायता एवं न मार्गदर्शन सुरक्षा हेतु सारी व्यवस्थाएं श्रद्धालु भक्तों को किसी भी प्रकार की किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े सागर प्रशासन द्वारा मेला की वीडियो ग्राफी के साथ-साथ में सीसी कैमरा से राधा कुंड कृष्ण कुंड पर नजर बनाए रखी जा रही है स्नान करते समय किसी प्रकार की घटना ना हो इस और तेरा को भी नियुक्त किया गया है।

मथुरा में युवक की गोली मारकर हत्या:शराब के नशे में विवाद हुआ था, आरोपी फरार

मथुरा। शहर के महोली में शराब पीने के बाद हुए विवाद में विकास उर्फ विशाल ने कथित तौर पर अपने दोस्त रो. हतास को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और गिरफ्तारी के लिए चार विशेष टीमें गठित की हैं। थाना हाईवे क्षेत्र के महोली में शराब के नशे में हुए विवाद के बाद विकास उर्फ विशाल ने दोस्त रोहतास को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल रोहतास को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, महोली में विकास उर्फ विशाल और रोहतास के बीच शराब पीने के बाद विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने रोहतास पर गोली चला दी। गोली लगने से रो. हतास गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और स्थानीय लोग घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां मृत घोषित कर दिया।

गोवर्धन धाम के मानसी गंगा तट पर विश्व ब्राह्मण परिषद द्वारा आयोजित होगा निशुल्क कानूनी सहायता परामर्श शिविर

सामान्य वर्ग पर लगाए गए फर्जी एससी एसटी एक्ट सूची बनाकर कराई जाएगी सीबीआई से जांच

समाज का प्रत्येक वर्ग ले सकता है निशुल्क सहायता सिविल में भाग एवं सहायता

गोवर्धन मथुरा। विश्व ब्राह्मण परिषद पंजीकृत गोवर्धन विधानसभा इकाई के नेतृत्व सर्व समाज की समस्या को देखते हुए निशुल्क परामर्श एवं सहायता शिविर का आयोजन गिरिराज धरण श्री गोवर्धन नाथ पीठ मंदिर ठाकुर श्री हरि देव जी महाराज सभागार में १ अक्टूबर सुबह १०:०० बजे से १:०० बजे तक आयोजित किया गया है । विश्व ब्राह्मण परिषद गोवर्धन विधानसभा प्रभारी आचार्य पंडित धनवंतरी देव गोस्वामी द्वारा व्यक्ति द्वारा जारी करके बताया गया है कि विश्व ब्राह्मण परिषद जन सेवा कार्य को आगे बढ़ते हुए पीड़ित मानवता की सेवा में संस्था के माध्यम से सर्व समाज के लिए वैदिक परामर्श एवं सहायता शीघ्र आयोजित करता हुआ चला रहा है। अब यही श्रृंखला भगवान श्री कृष्ण की कीड़ा स्थल गोवर्धन धाम के ठाकुर हरदेव जी महाराज सभागार में प्रत्येक रविवार को १०:०० बजे से लेकर १:०० बजे तक सब समाज की पीड़ित जनता के लिए आयोजित किया जाएगा। नि:शुल्क विधि एवं परामर्श सहायता शहर में समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को बिना भेदभाव के कानूनी सहायता परामर्श दिया जाएगा। परिषद के विधानसभा प्रभारी पंडित आचार्य धनवंतरी देव गोस्वामी ने कहा है कि सामान्य वर्ग ब्राह्मण ठाकुर वैश्य कायस्थ जैसे वर्गों पर नील कबूतरों द्वारा षड्यंत्र करके फर्जी ऐसी एक्ट के जो मुकदमेदार कराए गए हैं उन सब की जांच केंद्रीय अन्वेषण वीरों द्वारा कराई जाने का संकल्प लिया गया है। विश्व ब्राह्मण प्रसाद ८३ गोवर्धन विधानसभा महामंत्री महासं. चव गुरुजी बाबा साहब महा हठयोगी युवराज डॉक्टर केशव आचार्य गोस्वामी कात्यायन पचौरी वरिष्ठ अधिवक्ता ने अपील किया है की निशुल्क विधि परावर्ष एवं सहायता सेवा में सर्व समाज वार्ड चढ़कर हिस्सा ले और अपनी समस्याओं का निस्तारण परिषद के माध्यम से कारये सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार के कारण आम जनता की समस्या का निस्तारण न होने के कारण सहायता सेवाओं का आयोजन परिषद द्वारा सदैव जन्मश के लिए निरंतर चलता रहेगा।

श्रीधाम वृंदावन में भक्तिमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

विद्वान वक्ताओं ने किया श्री हनुमान जी महाराज की महिमा का गुणगान

वृंदावन। धर्मनगरी श्रीधाम वृंदावन में श्रीहनुमद् आराधन मंडल, वृंदावन के तत्वावधान में श्री सुंदरकांड पाठ का भक्तिमय आयोजन किया गया। विश्व वैष्णव सेवा संघ, श्रीधाम वृंदावन द्वारा आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम श्री हरिदास धाम में पूज्य गोस्वामी आचार्य आनंद बल्लभ जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ कर प्रभु श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी महाराज का स्मरण किया। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सनातन धर्म में श्री सुंदरकांड का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। रामचरितमानस का यह पावन प्रसंग मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस, विश्वास और प्रभु के प्रति अटूट समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा देता है। श्री हनुमान जी महाराज के चरित्र का वर्णन करते हुए वक्ताओं ने बताया कि माता सीता की खोज में समुद्र पार करना, लंका पहुंचकर उनका पता लगाना और प्रभु श्रीराम का संदेश पहुंचाना उनकी अद्भुत शक्ति, बुद्धि, विवेक एवं सेवाभाव का परिचायक है। हनुमान जी महाराज का जीवन संदेश देता है कि सच्ची शक्ति अहंकार में नहीं, बल्कि विनम्रता, समर्पण और परोपकार में निहित है। पाठ के समापन पर विद्वान वक्ताओं ने श्री हनुमान जी महाराज की महिमा और सुंदरकांड की आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड केवल धार्मिक पाठ नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मकता, धैर्य, साहस, विनम्रता और सेवाभाव अपनाने का प्रेरणास्रोत भी है। आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का संदेश दिया गया। श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी महाराज से सभी के जीवन में सुख, शांति, सद्बुद्धि और सेवाभाव बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी, रामकृपाल त्रिपाठी, आचार्य बद्रीश, बाल योगेश्वर महाराज, डॉ. मनोज मोहन शास्त्री, विपिन शास्त्री, अशोक शास्त्री, आचार्य चतुर नारायण, पूर्व विधायक डॉ. अशोक अग्रवाल, परशुराम शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा, निगम उपाध्यक्ष मुकेश सारस्वत, सौरभ गौड़, उदयन शर्मा, मारुति नंदन बागीश, डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, आचार्य मृदुलकांत शास्त्री, विमल चौतन्य महाराज, बंसीलाल शर्मा, संजय हरियाणा, संजय पाराशर और जिला अध्यक्ष अखिलेश तिवारी सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शहर में धूमधाम से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

■ सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि, पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष -शरद माहेश्वरी ने फीता काटकर किया शुभारंभ, सभासद अभिषेक राज ने उतारी आरती, शोभायात्रा का भव्य रूप से किया स्वागत, समाज में एकजुटता का दिया सन्देश





हाथरस। शहर के आगरा रोड स्थित मोहल्ला माइयान के बाबा छप्पन नाथ मंदिर से महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि, भाजपा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी, सभासद अभिषेक राज, ठेकेदार सत्यवीर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से हरिगढ़ विभाग प्रचारक गोविंद, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम बिहारी चटर्जी, नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता, विहिप जिला मंत्री प्रवीन खंडेलवाल, भाजपा नेता कुँवर रत्नेश रत्न, जुल्म के खिलाफ संगठन अध्यक्ष चौधरी बिजेंद्र सिंह भी शामिल हुये थे। इस दौरान भगवान महर्षि वाल्मीकि के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में शामिल दो दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां श्रद्वालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा संरक्षक अर्जुन वाल्मीकि व मेला अध्यक्ष अमरदीप कमल ने सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि सहित अन्य अतिथियों का पटिका पहनाकर, माला और प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद अनूप प्रधान ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति और आदर्श जीवन मूल्यों का महत्वपूर्ण आधार है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए, महर्षि वाल्मीकि जयंती केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का अवसर भी है। रास्ते भर श्रद्वालुओं ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के जयकारे लगाकर भक्ति गीतों पर नृत्य किया। शोभायात्रा बस स्टैंड, सादाबाद गेट, चूना वाला डंडा, चावड़ गेट, नयागंज, जामा मस्जिद, किला गेट, सासनी गेट और कमला बाजार सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। धार्मिक झांकियों ने श्रद्वालुओं का मन मोह लिया और पूरे मार्ग पर उत्साह का माहौल बना रहा। शोभायात्रा मोहल्ला नाई का नगला स्थित बाबा बालक दास बगीची पहुंचकर संपन्न हुई। किला गेट पर सभासद अभिषेक राज ने उतारी भगवान वाल्मीकि की आरती शोभायात्रा का किला गेट स्थित मोहल्ला कोठी पहुंचने पर सभासद अजय राज और अभिषेक राज के नेतृत्व में भगवान महर्षि वाल्मीकि की आरती उतारी गई, सभासद अभिषेक राज व युवा समाजसेवी विकास कुमार ने मेला अध्यक्ष अमर दीप कमल व उनकी कमेटी सहित समाज के वरिष्ठजन व प्रशासनिक अधिकारियों का पटिका पहनाकर व वाल्मीकि जी का छवि चित्र देकर स्वागत किया तथा भगवान वाल्मीकि के प्रति श्रद्वा व्यक्त की। सभासद अभिषेक राज ने महर्षि वाल्मीकि की आरती उतारकर नमन किया और सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे तथा सद्भाव का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गो को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहना चाहिए महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, समानता तथा एकता की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

मेला में सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही महिला कोतवाली प्रभारी)तु तोमर सहित समाज की करीब दो दर्जन से अधिक महिलाओ का पूर्व सभासद राधाराज, रजनी देवी, सुधा सिंह किरन देवी, कमलेश, ओमवती, अनु कुमारी गुड़िया, राधा, मोनिका ने पटिका पगड़ी व प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। स्वागत की व्यवस्था विकास डीजे, नीरज चौहान, रोबट डीजे नरेश कुकू, नितिन गुलाबों, दीपक, शाहिल, सौरव राज, चंदन राज गौरव राज ने संभाली। इस मौके पर चौधरी रणवीर सिंह, राजू पहलवान, मुकेश शर्मा, राजू पाथरे, विशाल पाथरे, सफाई कर्मचारी नेता जॉनी राज, अरुण निर्मल, सतीश चंचल, ब्रज लाल, निक्की कुमार, साजन कुमार, कपिल शानू, हरि मोहन, डादिनेश कुमार, सुमित पाथरे, बद्रीलाल चौहान, सोनू पाथरे, ह्रदेश चौटाला, अतुल चौटाला, बॉबी चौहान, दंगल कमेंटर सुनील बेनवाल, शैलेन्द्र राज, दिलीप डब्बू, सौरव राज, नरेश कुकू, कपिल कुमार, अनिकेत वाल्मीकि, राजकुमार डब्बू, गिर्राज किशोर पारासर, विशाल वाल्मीकी, ठेकेदार सत्यवीर, भाजपा नेता रत्नेश चटर्जी, सुभाष बोहरे, लखन चटर्जी, वीरू साखी, रिकू राकेट, किशोरा, राहुल बोहरे, जितेंद्र, सागर कल्यान, सुन्दर लाल संतोष, आशीष बॉबी चौहान, सुनील बेनवाल, रोहित, अमन वाल्मीकी, रवेंद्र कुमार रवि, मनोज मलिक, गुलशन, सोनू पाथरे, बल्लु विराट, दीपक कुमार, हनुमान बाबा, राजू निर्भय, संग्राम सिंह, मनोज कल्याण, राजकुमार राजू, धर्मेंद्र बेनवाल, जमुना प्रसाद, सतीश जज साहब, राकेश मास्टर, राजपूत, राजीव राज, विकास मास्टर, सुरजीत पारासर, लाला बाबू फौजी सहित समाज के सेकड़ों लोग मौजूद थे।

वोट चोरी के खिलाफ दिल्ली महारैली में हाथरस से होगी कांग्रेसजनों की व्यापक भागीदारी

रैली कोऑर्डिनेटर ने कैंप कार्यालय पहुंचकर की तैयारियों पर चर्चा

■ ब्लाक व नगर स्तर पर सहभागिता सुनिश्चित करने पर हुआ विचार-विमर्श



हाथरस। आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस की प्रस्तावित महारैली की तैयारियों के सिलसिले में हाथरस जनपद के रैली कोआर्डिनेटर एवं अलीगढ़ के पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष गिरवर शर्मा का आगमन पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के कैंप कार्यालय श्री राधा कृष्ण कृपा भवन, आगरा रोड, हाथरस पर हुआ।

इस दौरान दोनों नेताओं के बीच दिल्ली महारैली में हाथरस जनपद से अधिक से अधिक कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में ब्लाक एवं नगर स्तर पर रैली की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता, दिल्ली जाने वाले लोगों की संख्या तथा वाहनों की व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श किया गया। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से दिल्ली पहुंचने वाले कांग्रेसजनों की प्रस्तावित रूपरेखा से रैली कोआर्डिनेटर गिरवर शर्मा को अवगत कराया। इस अवसर पर चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने गिरवर शर्मा का कैंप कार्यालय आगमन पर शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। गिरवर शर्मा ने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित महारैली को लेकर पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार तैयारियां की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि हाथरस जनपद के कांग्रेसजनों से संपर्क स्थापित कर उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। ब्लाक एवं नगर स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बनाकर दिल्ली पहुंचने की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी तालमेल के साथ रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दें, ताकि जनपद की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव पंडित ब्रह्मदेव शर्मा, शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव पंडित अविनाश चंद पचौरी, पिछड़ा वर्ग के शहर अध्यक्ष विष्णु कुमार, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सचिव ठाकुर आकाश सिंह, जिला अध्यक्ष कुलदीप कुमार सिंह तथा सोशल मीडिया के पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल नरूला सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

03 बच्चों को रेस्क्यू कर परिजनों को किया सुपुर्द



हाथरस। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम रोकथाम व जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना एएचटी द्वारा 3 बच्चों को रेस्क्यू कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया। शासन द्वारा संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटी हाथरस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रभारी निरीक्षक रवि भूषण शर्मा के नेतृत्व में थाना एएचटी टीम व श्रम प्रवर्तन विभाग से सत्येंद्र मिश्रा, कर्मचारी प्रेम सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के सासनी गेट चौराहा, कमला बाजार, रामलीला ग्राउंड, मेंडू रोड आदि के आस-पास बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम रोकथाम अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों से 3 बच्चों को रेस्क्यू करके उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया और 3 दुकान मालिकों के विरूद्व आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

1 नवंबर को श्री दाऊजी महाराज मेला पांडाल में आयोजित होगा मेगा विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर

हाथरस। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने अवगत कराया है कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊतथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जनसामान्य के विधिक सशक्तीकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद में 1 नवंबर, 2026 को शिविर श्री दाऊजी महाराज मेला पांडाल स्थित पद्मश्री काका हाथरसी स्मृति मंच, हाथरस में मेगा विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि शिविर के माध्यम से समाज के निर्बल एवं वंचित वर्गों, दिव्यांगजनों, बच्चों, महिलाओं, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सहित अन्य पात्र व्यक्तियों को विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय से पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं पंजीकरण कराते हुए उन्हें संबंधित योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

सादाबाद में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया करवाचैथ का पर्व

सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथों खोला व्रत







सादाबाद। सादाबाद नगर और क्षेत्र में गुरुवार को करवाचैथ का पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और करवाचैथ की कथा सुनकर व्रत का संकल्प पूरा किया। करवाचैथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और आभूषणों से सजकर पर्व की खुशियां मनाई। घरों में पूजा की थालियां सजाई गई और महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवाचैथ की कथा सुनी। कई स्थानों पर महिलाओं ने एक-दूसरे को करवाचैथ की शुभकामनाएं भी दीं। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद महिलाओं को चंद्रमा के दर्शन का इंतजार रहा। रात्रि में चंद्रमा दिखाई देने पर सुहागिनों ने छलनी से चंद्रमा और अपने पति का दीदार किया, अर्घ्य अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला। महिलाओं ने ईश्वर से अपने परिवार की सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में प्रेम एवं खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी करवाचैथ का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे दिन पर्व को लेकर घरों में उत्सवी माहौल बना रहा। करवाचैथ ने दांपत्य प्रेम, विश्वास और पारिवारिक परंपराओं के प्रति आस्था को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

है मेरे सांसों में मेरे पिया, मैंने पिया से वचन है लिया...





■ सौलह श्रृंगार कर दिया चंद्रमा को अर्घ्य

■ पतियों ने खुलवाया सुहागिनों का व्रत

■ मां गौरा और गणेश जी की हुई विशेश पूजा अर्चना

हाथरस। प्रतिवर्ष करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाता है। यह व्रत अधिकतर सुहागिन महिलाएं रखती हैं, लेकिन कई जगहों पर कुंवारी कन्याओं द्वारा भी अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इसे रखा जाता है। विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत रखती हैं। इस व्रत में जीवन साथी के साथ ही चांद और छलनी की भी महत्ता है। करवाचौथ पर एक बार फिर से भारतीय सांस्कृति और परंपराओं के दर्शन हुए, क्योकि सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर पति की लम्बी उम्र और घर-परिवार में सुख समृद्वि की भगवान गणेश व गौरीशंकर से प्रार्थना की, जबकि अविवाहिता युवतियों ने भी व्रत रख अच्छे और सच्चे साजन के मिलन की कामना ईश्वर से की। गुरुवार को भारत की पुरानी संस्कृति को एक बार फिर से दोहराया गया, क्योंकि करवाचौथ के पर्व पर सुहागिनों ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और पूजा-अर्चना के बाद चंद्र दर्शन कर व्रत को खोला। इस पर्व को मनाने के लिए सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही करवाचौथ के लिए तैयारियां शुरू कर दी थी। पूरे दिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा और घरेलू कामकाज में व्यस्त रही। यद्यपि सुहाग व अन्य सामिग्री की खरीददारी ज्यादातर महिलाओं ने पहले से ही कर ली थी, लेकिन गुरुवार को महिलाओं ने पर्व से संबंधित वस्तुओं की खरीददारी की, जबकि इसके बाद महिलाओं ने घरों में पर्व के संधित रीति रिवाजों को पूर्ण किया और पूजन के लिए घरों में भगवान की पूजा के लिए पूड़ी और पकवानों को तैयार किया। देर शाम से ही महिलाओं में सजने-धजने का दौर शुरू हो गया था। इसके बाद अधिकांश महिलाओं ने देवालयों में पहुंचकर मां गौरी व गणेश जी महाराज की विशेश पूजा-अर्चना की, जबकि जो मंदिर नही जा सकी उन्होंने घरों पर ही माता करवा के कलैन्डर लेकर या दीवार पर करवा माता को काढ़कर पूजन की रस्म निभाई। इसके बाद करवा में जल भरकर चंद्र दर्शन के लिए महिलाओं ने वेसब्री से प्रतीक्षा की। बता दें कि विद्वजनों द्वारा चंद्र दर्शन का वक्त रात 8:15 बजे का कहा था। हालांकि चंद्रमा का आकाश में उदयीकरण भी 830 हो गया, लेकिन कुछ स्थानों पर चंद्र दर्शन करीब दस मिनट बाद देखने को मिला। जैसे-जैसे सुहागिनों को चंद्र दर्शन होते गए, वैसे-वैसे सौलह श्रृंगार में अर्घ्य को तैयारी सुहागिन स्त्रियों ने पर्व की रस्म निभाकर पतियों द्वारा अपना व्रत खुलवाया। इसके बाद सभी मान्यों को मंशी गई। अठावरी दी और चरणस्वर्श कर सदासुहागिन का आशीर्वाद प्राप्त किया। करवाचौथ की पूजा अर्चना रामनगर कालोनी, नेहरू कालोनी, रमनपुर स्थित चामुण्डा देवी, चामड़ गेट चामुण्डा देवी, पथवारी माता किला गेट सहित तमाम देवियों के मन्दिर पर सुहागिनों ने विशेश पूजा अर्चना की और अपने पति की लम्बी आयु की कामना की। करवा चौथ के व्रत का पारायण महिलाएं पति का चेहरा देखकर करतीं हैं। मगर, जिले में कई ऐसी महिलाएं हैं, जिनके पति उनसे सैकड़ों मील दूर रहे। कुछ महिलाओं के पति देश की हिफाजत के लिए सीमा पर तैनात हैं। ऐसे में पत्नियों का निर्जला व्रत तोड़वाने के लिए पतियों का आना मुश्किल रहा। ऐसे में भले ही व्रत तोड़ने के लिए पति के हाथों पानी पीने की परंपरा पूरी न हो सके। मगर, मोबाइल युग में पति का दीदार करना आसान हो गया। महिलाएं वीडियो कॉल करके पति के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और अपना निर्जला व्रत खोला।

करवाचैथ की खरीदारी से गुलजार हुए सादाबाद के बाजार, देर शाम तक उमड़ी भीड़



सादाबाद। करवाचैथ के पर्व को लेकर गुरुवार को नगर के बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुहागिनों ने पर्व की तैयारियों के लिए सौंदर्य प्रसाधन, साड़ी, कपड़े, आभूषण और पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही और दुकानदार ग्राहकों की भीड़ से व्यस्त नजर आए। करवाचैथ के चलते जवाहर बाजार, चैक बाजार, निरंजन बाजार, सुभाष गली, विनोबा नगर चैराहा, मुरसान रोड, सलेमपुर रोड और गांधी मार्केट सहित नगर के प्रमुख बाजार गुलजार रहे। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखाई दी, वहीं साड़ी, कपड़ों और सराफा की दुकानों पर भी खूब खरीदारी हुई। पर्व से जुड़ी पूजन सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। त्योहार को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक से व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आए।

छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ



सादाबाद। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय कुरसंडा में भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. मृदुला गौतम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य डॉ. मृदुला गौतम ने कहा कि भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश की जड़ों को खोखला करता है। इसे समाप्त करने के लिए कानून के साथ प्रत्येक नागरिक में ईमानदारी की भावना जागृत करना आवश्यक है। विद्यार्थी भविष्य के राष्ट्र निमार्ता हैं और उन्हें सत्यनिष्ठा एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। प्रतियोगिता में बीए, बीकॉम और बीएससी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार के कारणों, दुष्प्रभावों, डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस की भूमिका और युवाओं के कर्तव्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. सत्यप्रिया बंसल, डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. दिनेश कुमत तोमर, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. राधा शर्मा, डॉ. नीरज उपाध्याय और संजय शर्मा उपस्थित रहे।

भागते सांड ने एक्टिवा को रौंदा, दो लोग घायल



सादाबाद। आगरा रोड स्थित नई मंडी के पास बुधवार की शाम अचानक भागता हुआ सांड स्कूटी सवार दो लोगों से टकरा गया। हादसे में स्कूटी चालक को काफी चोटें आई, जबकि एक्टिवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला जैसवाल निवासी तेज बहादुर सिंह पुत्र काशीनाथ अपने साथी राहुल पचैरी निवासी आगरा रोड के साथ किसी आवश्यक कार्य से एक्टिवा पर आगरा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान नई मंडी के पास अचानक भागता हुआ सांड उनकी एक्टिवा से टकरा गया। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को उठाकर निजी चिकित्सक के यहां ले गए, जहां उनका उपचार किया गया। हादसे में तेज बहादुर सिंह व राहुल को काफी चोटें आई और एक्टिवा भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई।

सादाबाद में जुए के दो अड्डों पर छापेमारी, आठ गिरफ्तार

सादाबाद। जुआ और सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सादाबाद पुलिस ने दो स्थानों पर छापेमारी कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1,07,650 रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। सीओ सादाबाद योगेंद्र नारायण के मुताबिक, छाबी मियां बाग में जुआ खेलने की सूचना पर छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें जितेंद्र, नकुल, शमीम, शाहिद और लक्ष्मी शामिल हैं। मौके से 1,06,000 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। वहीं, दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने राया रोड पर मड़नई कट के पास कच्चे रास्ते से जुआ खेलते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें पंकज, रवि कुमार और बृहमा निवासी गांव मड़नई शामिल हैं। इनके कब्जे से 1,650 रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद हुए। दोनों मामलों में जुआ अधिनियम की धारा 13 में कार्रवाई की गई है। दोनों कार्रवाइयां प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कीं।

बुवाई का समय, गोदाम में बीज फिर भी खाली हाथ लौट रहे किसान, की नारेबाजी

पॉश मशीन में स्टॉक शो न होने से अटका गेहूं के बीज का वितरण, तीन दिन से चक्कर काट रहे किसान





सादाबाद। खेत बुवाई के लिए तैयार हैं, रबी की फसल और गेहूं की बुवाई का समय चल रहा है, लेकिन सरकारी बीज गोदाम पर चक्कर काटने के बावजूद किसानों को बीज नहीं मिल पा रहा है। हाथरस रोड स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर गुरुवार को गेहूं का बीज नहीं मिलने से परेशान किसानों का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित किसानों ने नारेबाजी करते हुए हंगामा किया और बीज वितरण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। किसानों का आरोप है कि गेहूं का बीज गोदाम पर पहुंच चुका है, इसके बावजूद उन्हें उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। किसान पिछले तीन दिनों से कार्यालय और बीज गोदाम के चक्कर लगा रहे हैं। हर बार उन्हें पॉश मशीन में स्टॉक शो नहीं होने की बात कहकर वापस लौटा दिया जाता है। इससे किसानों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। किसानों ने बताया कि उन्होंने गेहूं की बुवाई के लिए अपने खेत तैयार कर लिए हैं। ऐसे में समय पर बीज नहीं मिलने से बुवाई प्रभावित होने की आशंका है। किसानों को चिंता है कि यदि निर्धारित समय पर बुवाई नहीं हो पाई तो इसका असर फसल की पैदावार और गुणवत्ता पर भी पड़ सकता है। किसानों ने जल्द से जल्द बीज उपलब्ध कराने की मांग की। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि गेहूं का बीज गोदाम पर आ चुका है, लेकिन पॉश मशीन में स्टॉक शो नहीं होने के कारण वितरण में परेशानी आ रही है। इसी वजह से किसानों को बीज उपलब्ध नहीं कराया जा पा रहा है।

गढ़ी अंता में मारपीट, वीडियो वायरल

सादाबाद। गांव गढी अंता बिसावर निवासी शैलजा पत्नी रामवीर सिंह ने सादाबाद कोतवाली में गुरूवार को तहरीर दी। तहरीर में शैलजा ने बताया कि 29 अक्तूबर को सुबह करीब साढ़े सात बजे पंकज के पास सात लोग आए और आते ही उसके पति, उससे सचिन, पुष्पेंद्र व पंकज के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे काफी चोट आई। यह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घटना की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। कोतवाल विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

फिरोजाबाद में 60 दिन चलेगा तंबाकू मुक्त युवा अभियान, 1100 शिक्षण संस्थानों पर रहेगा फोकस

150 जागरूकता अभियान और 100 गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए निर्देश



फिरोजाबाद। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने और इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए फिरोजाबाद में 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 28 अक्टूबर 2026 से शुरू हुए इस अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के अंतर्गत जनपद में 150 जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 1100 शिक्षण संस्थानों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप तंबाकू मुक्त बनाने, 100 गांवों को तंबाकू मुक्त करने तथा 100 प्रवर्तन अभियान एवं गतिविधियां संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे-2019 में उत्तर प्रदेश के 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 23 प्रतिशत युवाओं द्वारा तंबाकू उत्पादों के सेवन की बात सामने आई थी। वहीं, प्रदेश में लगभग 35.5 प्रतिशत वयस्कों के तंबाकू सेवन से जुड़े आंकड़े भी चिंता का विषय हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित विभागों को अभियान की गतिविधियां युद्धस्तर पर संचालित करने और उनकी दैनिक रिपोर्ट जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ को भेजने के निर्देश दिए हैं। गतिविधियों की जानकारी एनटीसीपी एमआईएस पोर्टल पर भी प्रतिदिन अपलोड की जाएगी। अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू से दूर रखना, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता बढ़ाना और तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों को कम करना है।

सुहाग नगर में अधेड़ ने खुद को आग के हवाले किया, हालत गंभीर; आगरा रेफर



फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र के सुहाग नगर में 42 वर्षीय योगेश ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। घटना 29 अक्टूबर की तड़के करीब दो बजकर आठ मिनट की बताई गई है। गंभीर रूप से झुलसे योगेश पुत्र रामचरन को परिजन सरकारी ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक, योगेश ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई। हालांकि, घटना के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। थाना दक्षिण प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मामला फिलहाल उनके संज्ञान में नहीं आया है। पुलिस घटना की जानकारी जुटाने में लगी है।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में डीएम सख्त, लापरवाही पर रुकेगा वेतन; दो दिन में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में निपुण भारत मिशन और बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले संबंधित डायट मेंटर्स का इस माह का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में स्कूल सेफ्टी ऑडिट शुरू नहीं होने वाले विकासखंडों में तत्काल कार्य शुरू कराने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीयकृत बैंकों में नए खाते खोलने की धीमी प्रगति पर लीड बैंक मैनेजर को तेजी लाने को कहा गया। निपुण प्लस आकलन पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा यू-डायस प्लस का कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए। लापरवाही करने वाले विद्यालयों को चिह्नित कर कार्रवाई प्रस्तावित करने को भी कहा गया। डीएम ने डायट प्रवक्ताओं को नियमित दैनिक डायरी बनाने, शिक्षकों के लंबित एरियर का तत्काल निस्तारण करने तथा पीएम श्री विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण खेल सामग्री खरीदने के निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में पीएम पोषण और विद्यालय निरीक्षण का लक्ष्य अधूरा मिलने पर संबंधित अधिकारियों को दो दिन के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया। वहीं, मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय पुलखड़ीत, एका और करहरा के निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा गठित समिति से भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रामगढ़ पुलिस का बड़ा एक्शन, दो आरोपी गिरफ्तार, दो तमंचे और कारतूस बरामद





फिरोजाबाद। रामगढ़ थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को गुरूवार शाम 5 बजे करीब गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो तमंचे, एक जिंदा कारतूस और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ सनी निवासी मैनपुरी और अभिषेक निवासी फिरोजाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, सुनील के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी आदित्य लांगे के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध हथियार बरामदगी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोमल फाउंडेशन की सराहनीय पहल, 16 जरूरतमंद बालिकाओं को मिलीं साइकिलें; शिक्षा की राह होगी आसान



फिरोजाबाद। बालिकाओं की शिक्षा में आर्थिक तंगी और आवागमन की बाधा आड़े न आए, इसी संकल्प के साथ कोमल फाउंडेशन ने ह्यशिक्षा ना रुके अभियानह्ल के तहत जिला मुख्यालय फिरोजाबाद पर 16 जरूरतमंद बालिकाओं को साइकिलें वितरित कीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल तथा राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने बालिकाओं को साइकिलें प्रदान कीं। साइकिलें पाकर बालिकाओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ नजर आया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के लिए विद्यालय तक पहुंच आसान बनाना और आर्थिक एवं आवागमन संबंधी परेशानियों के चलते उनकी पढ़ाई बाधित होने से रोकना है। कार्यक्रम में सागर सिंह, उर्मिला देवी इंटर कॉलेज जाजूमई के प्रधानाचार्य सुनील यादव, पीएस राना, रामगोपाल और लाखन सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कोमल फाउंडेशन की यह पहल बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ह्यशिक्षा ना रुकेह्ल के संकल्प के साथ जरूरतमंद बालिकाओं को उपलब्ध कराई गई साइकिलें उनके शैक्षिक सफर को सुगम बनाने में मददगार साबित होंगी।

फिरोजाबाद में धूमधाम से मनाया गया करवाचैथ, सुहागिनों ने चांद का दीदार कर मांगी पति की लंबी उम्र



फिरोजाबाद। सुहाग, प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक करवाचैथ का पर्व फिरोजाबाद में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही घरों में तैयारियां शुरू हो गईं। सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-संवरकर पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि तथा वैवाहिक जीवन में खुशहाली की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा। करवाचैथ के अवसर पर बाजारों में भी रौनक दिखाई दी। महिलाओं ने साड़ी, आभूषण, चूड़ियों, मेहंदी और पूजन सामग्री की खरीदारी की। हाथों में मेहंदी रचाकर और सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने पर्व की खुशियों को खास अंदाज में मनाया। कई स्थानों पर महिलाओं ने एकत्र होकर करवाचैथ की पूजा की और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार कथा सुनी। रात में चंद्रमा के निकलने का इंतजार करती महिलाओं ने चांद का दीदार कर अर्घ्य दिया और विधि-विधान से व्रत का पारण किया। इस दौरान पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास और समर्पण की झलक देखने को मिली। करवाचैथ का पर्व एक बार फिर भारतीय संस्कृति, पारिवारिक रिश्तों और दांपत्य जीवन की मधुरता का संदेश देता नजर आया। पूरे शहर में पर्व को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

निःस्वार्थ सेवा से ही मिलती है सच्चे कार्यकर्ता को पहचान रू आचार्य निर्भय सागर जी



फिरोजाबाद। चंद्रनगर स्थित चंद्रप्रभु भगवान के मंदिर में प्रवचन करते हुए वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज ने कहा कि निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा ही सच्चे कार्यकर्ता की पहचान है। बिना कर्म के सफलता संभव नहीं है। मनुष्य को अपनी बुद्धि और विवेक का सदुपयोग करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए परिश्रम, अनुशासन और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आचार्यश्री ने कहा कि व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और धार्मिक कार्यों में बिना किसी प्रतिफल की अपेक्षा के सहयोग करने वाला व्यक्ति ही सच्चा कार्यकर्ता कहलाता है। जिम्मेदारियों को बोझ समझने के बजाय अपनी योग्यता और क्षमता साबित करने का अवसर मानना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, विनम्र व्यवहार और निरंतर प्रयास से कठिन परिस्थितियों में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। सेवा का वास्तविक महत्व तभी है, जब उसमें स्वार्थ और दिखावे का भाव न हो। दूसरों की सहायता करने से आत्मसंतोष मिलता है और समाज में सहयोग एवं सद्भाव की भावना मजबूत होती है। आचार्यश्री ने युवाओं से समय का सदुपयोग करने तथा धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन भी आवश्यक है। जिम्मेदार नागरिक ही परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। निःस्वार्थ सेवा व्यक्ति के चरित्र को ऊंचाई प्रदान करती है और उसे समाज में सम्मान दिलाती है। प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

दीपावली पर जाम से मिलेगी राहत, सीओ यातायात रजनीश उपाध्याय की नई पहल

19 प्रमुख स्थानों पर तैनात होगी पुलिस, बाजारों में ई-रिक्शा की आवाजाही पर लगेगी रोक





कासगंज। दीपावली के त्योहार पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष योजना तैयार की है। सीओ यातायात रजनीश उपाध्याय की पहल पर शहर के 19 प्रमुख चैराहों और संकरी गलियों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की तैयारी की गई है। इन स्थानों पर ई-रिक्शा के प्रवेश को नियंत्रित किया जाएगा, जिससे बाजारों में वाहनों का दबाव कम हो और खरीदारी करने आने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। धनतेरस से भाई दूज तक शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ रहने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में संकरे रास्तों और चैराहों पर जाम की आशंका को देखते हुए यातायात पुलिस ने पहले से इंतजाम शुरू कर दिए हैं। 29 अक्तूबर से 11 नवंबर तक विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने की योजना बनाई गई है। यातायात पुलिस ने मालगोदाम चैराहा, गांधी मूर्ति चैराहा, गंदा नाला बैरियर, बाराद्वारी चैराहा, सहावर गेट फाटक, सतलार खंड गली, नाबाल्टी टॉकीज गली, सूत मंडी गली, तहसील गली मोड़, बिलराम गेट चैराहा, मनोटा गली, सब्जी मंडी तिराहा, सांरी गेट तिराहा सहित 19 स्थान चिह्नित किए हैं। यहां थाना स्तर से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के लिए क्षेत्राधिकारी नगर को पत्र भेजा गया है। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के अनुसार, इन स्थानों पर ई-रिक्शा की आवाजाही नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सीओ यातायात रजनीश उपाध्याय ने बताया कि त्योहारों के दौरान जाम से बचाव और आमजन की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश

एसपी ने मासिक अपराध गोष्ठी में लंबित विवेचनाओं, गिरफ्तारी और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की



कासगंज। पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार रात मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें एसपी ओमप्रकाश सिंह ने जिले की वर्तमान आपराधिक स्थिति की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्तरों पर पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। गोष्ठी में गंभीर एवं जघन्य अपराधों, लंबित मुकदमों और विवेचनाओं की समीक्षा की गई। एसपी ने निर्देश दिए कि विवेचनाओं में अनावश्यक विलंब न किया जाए। प्रत्येक मामले में साक्ष्यों का गुणवत्तापूर्ण संकलन कर निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही अभियान चलाकर वांछित आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। एसपी ने अभियोजन और न्यायालयों में चल रही पैरवी की समीक्षा करते हुए मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा। उन्होंने दोषियों को न्यायालय से अधिकतम दंड दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी पर जोर दिया। महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में विशेष सतर्कता बरतने तथा शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साइबर और आर्थिक अपराधों की रोकथाम के लिए प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को सहायता और ठगी की धनराशि वापस कराने के प्रभावी प्रयास करने को कहा गया। इसके अलावा पैदल गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों एवं महत्वपूर्ण आयोजनों को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और नियमित चेकिंग सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने पुलिसकर्मियों को हर परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

20 क्वार्टर देशी शराब समेत आरोप गिरफ्तार

कासगंज। सहावर थाना पुलिस ने क्षेत्र से एक आरोपी को 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। सहावर थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि थाना पुलिस ने बुधवार की देर शाम उमेश उर्फ जयन्ती उर्फ जयन्त कुमार उर्फ जैन्सी पुत्र बालिस्टर उर्फ ओमप्रकाश निवासी खुदाताल थाना सहावर को खितौली नहर पुल के निकट से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से 20 क्वार्टर देशी शराब के बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी का आपराधिक इतिहास भी जुटाया है।

तमंचा, कारतूस समेत आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। सहावर थाना पुलिस ने क्षेत्र से एक आरोपी को तमंचा, कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। सहावर थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि थाना पुलिस ने बुधवार की देर शाम छोटे मियां पुत्र अलीदराज निवासी सेवनपुर थाना सहावर को सेवनपुर के निकट से एक तमंचा, एक कारतूस समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की है।

नदरई में घर से 30 किलो आतिशबाजी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र के नदरई गांव में पुलिस ने चेकिंग के दौरान मिली सटीक सूचना के आधार पर एक घर में छापा मारकर 30 किलोग्राम आतिशबाजी बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर में बिना अनुमति आतिशबाजी बनाए जाने और तैयार आतिशबाजी का स्टॉक रखे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की है। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। शहर कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह गत बुधवार की देर शाम नदरई तिराहे पर पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि नदरई गांव में एक व्यक्ति अपने घर में बिना अनुमति आतिशबाजी बना रहा है।

उसके घर में तैयार आतिशबाजी का स्टॉक भी रखा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह पुलिसकर्मियों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे और कार्रवाई की। तलाशी के दौरान पुलिस को घर से तीन बोरियों में भरी हुई कुल 30 किलोग्राम आतिशबाजी बरामद हुई। पुलिस ने आतिशबाजी को कब्जे में ले लिया और मौके से आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पप्पू पुत्र रामदयाल निवासी नदरई बताया है। मामले में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

आसमान में बादल देख किसानों की बढ़ीं धड़कनें, बारिश की आशंका से चिंता

धान और बाजरा की फसल पर मंडराया नुकसान का खतरा, कटाई और रखवाली में जुटे अन्नदाता



कासगंज। अमांपुर क्षेत्र में मौसम के बदलते मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आसमान में छाए बादलों और धूप की आंख-मिचैली के बीच बेमौसम बारिश की आशंका से किसानों की सांसें अटकी हुई हैं। किसानों को डर है कि यदि तेज बारिश हुई तो खेतों में तैयार खड़ी फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। धान की फसल किसानों के लिए विशेष महत्व रखती है। इससे उन्हें नकदी आमदनी के साथ सालभर के लिए खाद्यान्न और पशुओं के लिए चारा भी मिलता है। ऐसे में फसल तैयार होने के समय मौसम की बेरुखी किसानों की परेशानी बढ़ा रही है। गुरुवार सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा। दोपहर में मौसम ने करवट बदली तो बारिश की संभावना और बढ़ गई। क्षेत्र के कई खेतों में धान की कटी फसल पड़ी है, जबकि धान और बाजरा की फसल अभी खेतों में पककर तैयार खड़ी है। किसान इन दिनों कटाई और फसल को सुरक्षित रखने में दिन-रात जुटे हुए हैं। किसानों का कहना है कि यदि इस समय बारिश हुई तो कटी फसल भीगने के साथ खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान हो सकता है। इससे उनकी मेहनत और लागत पर पानी फिरने की आशंका है। यही वजह है कि बादलों को देखकर किसान मौसम साफ होने की उम्मीद लगा रहे हैं।

व्यापारियों को ब्याज माफी योजना-2026 की जानकारी, 16 जनवरी 2027 तक मिलेगा लाभ

कासगंज। राज्य कर विभाग, कासगंज द्वारा व्यापारियों एवं अधिवक्ताओं को उत्तर प्रदेश सरकार की ब्याज माफी योजना-2026 के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। योजना के अंतर्गत विभिन्न कर अधिनियमों के तहत बकाया मूल कर जमा करने पर ब्याज माफी का प्रावधान किया गया है। सहायक आयुक्त राज्य कर राम अनुज मौर्य ने बताया कि ब्याज माफी योजना-2026 का लाभ 16 जनवरी 2027 तक लिया जा सकता है। विभाग ने व्यापारियों से योजना की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित अवधि में इसका लाभ उठाने की अपील की है।

डेंगू बुखार से 28 वर्षीय युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

छह दिन से बुखार से पीड़ित था हिम्मत सिंह, अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम



कासगंज। ढोलना थाना क्षेत्र के इटऊआ गांव में डेंगू बुखार से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में फॉगिंग कराने और डेंगू जांच शिविर लगाने की मांग की है।

इटऊआ निवासी गीतम सिंह के पुत्र हिम्मत सिंह को करीब छह दिन से बुखार आ रहा था। परिजन उसका उपचार कमला हॉस्पिटल में करा रहे थे। बुधवार को अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। अस्पताल में डॉक्टर अनुपम ने गंभीर स्थिति देखते हुए उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर अलीगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को घर ले आए। हिम्मत की मौत से पत्नी पिंकी और तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

पत्नी ने बताया कि उनकी शादी आठ वर्ष पहले हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें बेटी कीर्तिका और दो बेटे विवेक व उदय शामिल हैं। जवान बेटे की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

गुरुवार दोपहर परिजनों ने गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में साफ-सफाई, फॉगिंग और डेंगू की जांच के लिए शिविर लगाने की मांग की, ताकि समय रहते मरीजों की पहचान हो सके और बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

अचल सरोवर एक बार फिर दीपों से होगा जगमग, आकर्षण का केंद्र बनेंगे ड्रोन शो

❑ पहली बार अचल सरोवर पर उड़ेंगे ड्रोन, होगी आतिशबाजी

अलीगढ़। इस बार अचल सरोवर पर 13 नवंबर को शाम 6 बजे भव्य रूप से दीपोत्सव-एक दीप स्वच्छता के नाम का आयोजन नि:शुल्क होने जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि इस बार नगर निगम द्वारा दीपोत्सव के भव्य आयोजन के लिए अचल सरा. वर पर दीप जलाने के साथ पहली बार ड्रोन शो व शिव मंदिर के पास भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति व लेजर बीम शो व भव्य आतिशबाजी का आयोजन निश्चित रूप से भव्य व आकर्षण का केंद्र बनेगा।

उन्होंने कहा कि निगम द्वारा आयोजित दीपोत्सव में अचल सरोवर स्थित महा आस्था परिसर, पश्चिमी घाट, भगवान शिव मंदिर परिसर, अचल सरा. वर, वाल्मीकि घाट एवं सीता



राम घाट सहित विभिन्न स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलित कर परिसर को दीपों की रोशनी से जगमगाएंगे। दीपों की जगमगाहट धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के संगम से अचल सरोवर भव्य एवं आध्यात्मिक स्वरूप धारण करेगा। इस वर्ष दीपोत्सव को विशेष आकर्षण प्रदान करने के लिए ड्रोन शो लेजर शो, लेजर बीम शो तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को कराया जाएगा की। कार्यक्रम में शिव तांडव, गणेश वंदना, राम आरती, रामायण, वंदेमातरम्, जय हो एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां कार्यक्रम को सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति के रंगों से सराबोर करेंगी। ड्रोन एवं लेजर शो के माध्यम से आकर्षक दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे। अचल सरोवर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय परंपरा स्वच्छता का संदेश और राष्ट्रीय गौरव का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

नगर आयुक्त ने बताया कि दीपोत्सव एक दीप स्वच्छता के नाम की मूल भावना के अनुरूप यह आयोजन केवल दीप प्रज्ज्वलन तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने का माध्यम भी बनेगा। प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाए तथा सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों, जलाशयों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे इसलिए जागरूकता के लिए ये भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संच. ालन को निगम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जोनल अधिकारियों तथा प्रवर्तन दलों की कुल आठ टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम को निर्धारित स्थलों पर दीप प्रज्वलन एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम लीडरों को उनके सहयोगी अधिकारियों सहित दीप प्रज्वलन का लक्ष्य एवं स्थान भी निर्धारित किए गए हैं।

31 को लगेगा परिवहन मेला

अलीगढ़। आरटीओ परिसर में शनिवार सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक परिवहन मेले का आयोजन होगा। आरटीओ दीपक कुमार शाह ने बताया कि मेले में परिवहन विभाग से संबंधित प्रमुखता से विभिन्न सेवायें- लंबित कर, अन्य बकाए की मौके पर वसूली, यूपी मोटरयान कराधान नियमावली-1998 के नियम-24 के तहत शास्ति में छूट का लाभ देते हुए बकाया निस्तारण, नए वाहनों का तत्काल पंजीयन अप्रूवल, फिटनेस आवेदन, नवीनीकरण संबंधित प्रक्रिया, नये परमिट एवं परमिट नवीनीकरण का तत्काल अप्रूवल, स्क्रैप वाहन के स्थान पर नये वाहन के पंजीकरण की सुविधा दी जाएगी।

एएमयू जिम्नेजियम क्लब में कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, बॉडीबिल्डिंग का ट्रायल



अलीगढ़। एएमयू जिम्नेजियम क्लब में आगामी इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं के लिए कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं पावर लिफ्टिंग की विश्व विद्यालय टीमों के गठन को चयन ट्रायल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। चयन प्रतियोगिता के आधार पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन कर यूनिवर्सिटी टीम में चयन होगा। चयनित खिलाड़ी आगामी माह से एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के निर्देशन में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में आयोजित होने वाली इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती, वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताओं में एआईयू के नियमानुसार एएमयू के खिलाड़ी प्रतिनिधित्व करेंगे।

कुश्ती, वेटलिफ्टिंग चयन ट्रायल का उद्घाटन जिम्नेजियम क्लब अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि खेलों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिभागीता के साथ नियमित अभ्यास, धैर्य और निरंतर मेहनत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने तथा खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अंसारी ने कहा कि जिम्नेजियम क्लब छात्रों को अपनी फिटनेस बेहतर बनाने, खेल कौशल विकसित करने और विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने के अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे केवल प्रतियोगिताओं के समय ही नहीं, बल्कि नियमित रूप से जिम्नेजियम में आकर अभ्यास करें और खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नियमित अभ्यास ही बेहतर प्रदर्शन, आत्मविश्वास और खेलों में सफलता की मजबूत नींव है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय टीम में चयन के लिए खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन के साथ-साथ नियमित अभ्यास, जिम्नेजियम क्लब की नियमानुसार सदस्यता तथा अनुशासन को भी ध्यान में रखा जाएगा। कुश्ती और वेटलिफ्टिंग में शाहबाज आलम, चौधरी जुल्फिकार अली, अजय कुमार, सुमित, मुमताज अहमद, अरुण शर्मा, दीप कुमार, मोहम्मद जुहैब गाजी, मोहम्मद आहद, इमरान अली, मोहम्मद हैदर आदि ने भाग लिया।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

अलीगढ़। पिछले दिनों गोरई में एक युवक ने महिला के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया, जब महिला ने शादी के लिए दवाव बनाने का प्रयास किया तो उसने महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना गोरई पुलिस ने बताया कि इलाके मुजफ्फर नगर के युवक ने गोरई इलाके की महिला को प्रेम के जाल में फंसाकर उससे शादी करने का झासा दिया। जिसके बाद उसने महिला से कई बार शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने कई बार युवक से शादी करने के लिए दबाव बनाया तो वह टाल गया। आरोप है कि आरोपित युवक ने महिला का गर्भपात तक करा दिया। महिला और उसके परि. जनों ने शादी के लिए युवक से कहा तो उसने साफ इंकार करते हुए गाली-गलौज करते हुए



मारपीट की और हत्या करने की धमकी तक दे डाली। पुलिस ने इस मामले में आरोपित मनोज कुमार निवासी भंडूर सिखेडा मुजफ्फरनगर को गोरई से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसओ विनोद कुमार, एसआई विमलेश कुमार, हैडकांस्टेबल सत्यवीर सिंह, सिपाही अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

भाई ने ही कराई थी बहन के यहां लूट की वारदात, आरोपित पकड़ा

❑रोरावर इलाके की रूक्मणी बिहार कालोनी में हुई थी घटना

अलीगढ़। रोरावर की रुक्मणी विहार कॉलोनी में घर में घुसे दो बदमाशों ने महिला पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया था। इसके बाद बदमाश घर में रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी लूटकर फरार हो गए थे। घटना के समय महिला का पति ड्यूटी पर गया हुआ था। घर पहुंचने पर उसे पत्नी खून से लथपथ हालत में मिली थी इस मामले में थाना पुलिस, क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग नगर की टीम ने लूट के एक आरा. पी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटा गया माल, रुपये, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद हुए हैं। घटना में प्रयुक्त बाइक भी मिली है।

रुकमणी विहार कॉलोनी निवासी नवीन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर



दी कि वह एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। वह रोजाना की तरह शनिवार सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी पर चला गया। दोपहर करीब 1:50 बजे पड़ोसी ने फोन कर घर में घटना होने की जानक. ारी दी। वह तत्काल घर पहुंचा तो उसकी पत्नी नीरेश फर्श पर खून से लथपथ हालत में पड़ी थी। उसके सिर, गर्दन, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें थीं। पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने इस घटना के बाद आरोपित की तलाश में सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रानिक माध्यमों से जानकारी जुटाई। इसके बाद एक सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सुदीप को नगला करन सिंह, थाना उत्तर, फिरोजाबाद से पकड़ा।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसकी मुलाकात दीपू निवासी विलेज ठाठर राजगढ गंगानगर मरघटी खांडा बरहन आगरा और जितेंद्र उर्फ जयप्रकाश उर्फ जेपी निवासी लोधा थाना मिरहची जनपद एटा से जेल में हुई थी। जेल में ही उनकी जान पहचान बढ़ी। जेल से बाहर आने के बाद जितेंद्र ने करीब 15 दिन पहले उन्हें एक घर दिखाया, इसके बाद तीनों ने मिलकर लूट की योजना बनाई। उन्होंने 23 अक्तूबर को इस घटना को अंजाम दिया था। बरामद किया गया माल उसी लूट से संबंधित है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो कुंडल पीली धातु, दो अंगूठी पीली धातु, छह नाक की लौंग- पीली धातु बरामद की। इसके अलावा दो पाजेब, छह अंगूठी सफेद धातु और 2150 रुपये नकद भी मिले। एक अवैध देसी तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर और घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक भी बरामद की। सुदीप का आपराधिक इतिहास भी है, उसके खिलाफ फिरोजाबाद में हत्या और आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं। अलीगढ़ में भी उस पर लूट और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।

आज पीईटी परीक्षा के चलते बंद रहेंगे बोर्ड स्कूल

अलीगढ़। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के आयोजन के चलते शुक्रवार को जिले में शैक्षणिक अवकाश घोषित किया गया है। डीएम अविनाश कुमार के निर्देश पर सभी बोर्डों के विद्यालय बंद रहेंगे। हालांकि, परीक्षा ड्यूटी में तैनात शिक्षक और कर्मचारी अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करेंगे। ड्यूटी पर न लगाए शिक्षक-कर्मचारी विद्यालय में रहकर कार्य करेंगे। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन कराने के लिए एडीएम सिटी संगीता देवी की अध्यक्षता में 39 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक हुई। अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग और बायोमीट्रिक सत्यापन किया जाएगा। उनका सामान क्लॉक रूम में जमा कराया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहेंगी और लाउडस्पीकर से उद्घोषणा कराई जाएगी। सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजकिशोर ने बताया कि पीईटी परीक्षा 30 अक्तूबर और 1 नवंबर को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 19,104 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिले के बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्ड के विद्यालयों में भी शैक्षणिक अवकाश रहेगा।

अकराबाद से महिला को ले जाने का चचेरे भाई पर आरोप

अकराबाद। कोतवाली इलाके के गांव के युवक ने पुलिस को तहरीर दी है जिसमें कहा है कि उसकी पत्नी को बीती 20 अक्टूबर को उसका ही चचेरा भाई अपने ले गया। जब से पत्नी घर से गई है तब से वह व उसके दोनों बेटे काफी परेशान हैं। घरवालों से शिकायत की तो घर वाले गाली गलौज व मारपीट पर ऊतारू हैं तथा उसे झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे रहे हैं। महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांधी नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट का 20 दिसंबर को चुनाव, डीएम की बैठक में हुआ निर्णय

अलीगढ़। डीएम अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में गांधी नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की। जिसमें मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही उपचार एवं नेत्र शल्य चिकित्सा सुविधाओं, आय-व्यय, चिकित्सकीय प्रशिक्षण और ट्रस्ट के निर्वाचन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि गांधी नेत्र चिकित्सालय में गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

बैठक का संचालन करते हुए सीएमओ डॉ. अजय कुमार सक्सेना ने बताया कि चिकित्सालय में नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन, नई दिल्ली से संबद्ध तीन वर्षीय डीएनबी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है, जिसमें सात चिकित्सक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अटल बिहारी वाजपेयी



मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से संबद्ध 40 सीटों वाला चार वर्षीय बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम, विट्रियोरेटिनल सुपर स्पेशियलिटी में द्विवार्षिक फेलोशिप एवं कॉन्टैक्ट लेंस प्रशिक्षण भी संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में मरीजों को आयुष्मान भारत योजना में भी उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2024 में 94279 मरीजों का पंजीकरण, 6661 मरीजों को भर्ती करने और 122468 छोटे-बड़े नेत्र ऑपरेशन किए गए। वर्ष 2025 में 100608 मरीजों का पंजीकरण, 6492 मरीजों को भर्ती करने और 12654 छोटे-बड़े नेत्र ऑपरेशन किए गए। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष में अगस्त माह तक 41046 मरीजों का पंजीकरण, 1593 मरीजों को भर्ती करने एवं 4551 छोटे-बड़े नेत्र ऑपरेशन किए गए। बैठक में चिकित्सालय की विभिन्न मदों से प्राप्त आय एवं व्यय का लेखा-जोखा भी पेश किया।

ट्रस्ट के लंबित चुनाव संपन्न कराने को डीएम की अनुमति पर एडीएम न्यायिक को चुनाव अधिकारी नामित करने का निर्णय लिया। चुनाव संपन्न होने तक संयुक्त सचिव पिंकी भाटिया सचिव के दायित्वों का निर्वहन करेंगी। बैठक में बताया गया कि ट्रस्ट में 274 क्रियाशील सदस्य हैं, जो निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 दिसंबर को चुनाव होगा। इस दौरान सीडीओ योगेंद्र कुमार, एडीएम सिटी संगीता देवी, एसीएमओ डा. दिनेश खत्री समेत आदि मौजूद रहे।

जिले के 304172 किसानों के खातों में जाएगी सम्मान निधि

अलीगढ़। प्रधानमंत्री शुक्रवार को किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त गुजरात से जारी करेंगे, कार्यक्रम का जिला, विकास खंड, ग्राम पंचायत स्तर पर वर्चुअल रूप से सजीव प्रसारण होगा। कार्यक्रम में जिले के किसान भाग लेंगे।

उप कृषि निदेशक चौधरी अरूण कुमार ने बताया कि कार्यक्रम जिलास्तर पर क्वासी कृषि फार्म परिसर समेत सभी विकास खंडों पर विकास खंड परिसर, ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिवालय में आयोजित होगा। पीएम. किसान उत्सव दिवस का सजीव प्रसारण सुबह 10 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि जिले के 304172 किसानों के बैंक खातों में किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त ट्रांसफर होगी।

हाई-वे पर बाइकों की भिड़ंत में कन्नौज की युवती समेत दो घायल

अकराबाद। नेशनल हाईवे पर गोपाल फार्म के सामने कस्बा की ओर जाने वाले कट पर गुरुवार शाम बाइ. कों में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में युवती समेत चार लोग घायल हो गए।



गांव बिलौठी निवासी बाइक सवार वीरेंद्र, जोधपाल सिंह ने जैसे ही बाइक कट की ओर मोड़ी तभी पीछे से आ रही बिना नंबर की बाइक पीछे से टकरा गई। हादसे में बालनापुर (कन्नौज) निवासी वैष्णवी पुत्री सत्य प्रकाश, आकाश गंभीर रुप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार बीरेंद्र, जोधपाल के भी चोटें आई हैं पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा है। एसआई अनिल कुमार ने बताया कि हादसे में सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जायेगी।

खो-खो, दौड़ और लंबी कूद में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अलीगढ़। न्याय पंचायत एवं ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कंपोजिट स्कूल कोंडरा, विकास खंड धनीपुर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने खो-खो, दौड़ और लंबी कूद सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। विद्यालय प्रधानाध्यापक ताराचंद ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने टीम प्रभारी एवं सहायक अध्यापक श्रीमती वंदना वीरेंद्र यादव के मार्गदर्शन और प्रयासों की सराहना की। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, खेल भावना और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

डीएस कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

अलीगढ़। डी.एस. कॉलेज, अलीगढ़ के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की विभिन्न संकायों एवं कक्षाओं की 25 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. सुनीता गुप्ता, विभागाध्यक्ष, चित्रकला एवं चित्रांकन विभाग; प्रो. अंजना कुमारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षा विभाग; तथा डॉ. नीलम श्रीवास्तव, अंग्रेजी विभाग शामिल रहीं। निर्णायकों ने मेहंदी डिजाइनों की सुंदरता, रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

प्रतियोगिता में फाविहा, एम. ए. फाइनल ईयर ने प्रथम, खुशबू, बी.ए. एलएल.बी., पंचम सेमेस्टर ने द्वितीय तथा अंजलि गौतम, बी.कॉम., तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, ममता, एम.एससी.



फाइनल ईयर तथा लाइबा, बी. एससी., पंचम सेमेस्टर को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. सोनल सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. अंजुल सिंह, डॉ. मंजू सिंह, प्रो. अंशु अग्रवाल, प्रो. मंजू गिरी, प्रो. रेनू सिंघल, प्रो. ज्योत्सना, प्रो. पारुल यादव, प्रो. प्रवीण राणा, डॉ. कुमुद, डॉ. दुर्गा, डॉ. योगिता, डॉ. सिम्मी अग्रवाल, डॉ. स्वाति जैन, डॉ. अस्मिता श्रीवास्तव तथा डॉ. दीपमाला मिश्रा सहित अन्य शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा भारतीय लोककला एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिला। यह आयोजन छात्राओं में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

सर्वेक्षण फार्म पोर्टल पर फीडिंग को करें आवेदन

अलीगढ़। जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम उपदेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों के लगभग 2500 सर्वेक्षण फार्म पोर्टल पर अधिकतम 10 रूपये प्रति फार्म की दी से फीड किए जाने हैं। फीडिंग कार्य के लिए इच्छुक फर्म अपना कुटेशन 03 नवंबर तक विकास भवन डी-ब्लॉक स्थित कक्ष संख्या 08 में प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

आगरा पहुंचकर सपाइयों ने डॉ. आकाश का किया स्वागत

अलीगढ़। आगरा खंड शिक्षक चुनाव क्षेत्र से नवनिर्वाचित सदस्य विधान परिषद डॉ. आकाश अग्रवाल का सपा अलीगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने आगरा स्थित उनके कैंप कार्यालय पर पहुंचकर स्वागत किया।प्रतिनिधि मंडल डॉ. रक्षापाल पाल सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष एवं आगरा शिक्षक विधान परिषद चुनाव के अलीगढ़ प्रभारी के नेतृत्व में आगरा पहुंचा था। डॉ. रक्षापाल पाल सिंह ने कहा कि डॉ. आकाश अग्रवाल की यह जीत शिक्षक समुदाय के संघर्ष की जीत है। 14 साल बाद सपा ने यह सीट जीतकर इतिहास बनाया है।

यह अखिलेश यादव जी की नीतियों पर शिक्षकों के भरोसे का प्रतीक है। प्रदेश सचिव सुभाष लोधी ने कहा कि यह जीत पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत, शिक्षकों के सम्मान की जीत है। डॉ. आकाश विधान परिषद में शिक्षकों की आवाज बुलंद करेंगे। जिला प्रमुख प्रवक्ता बाबा फरीद आजाद ने कहा कि डॉ. आकाश अग्रवाल ने विपरीत परिस्थितियों में भी हिम्मत नहीं हारी। अलीगढ़ से आगरा तक हर शिक्षक ने उनका साथ दिया। यह जीत 2027 के परिवर्तन की शुरुआत है। इस दौरान माधवेंद्र सिंह यादव, जिला सचिव प्रमोद यादव, मोहम्मद नदीम खान आदि मौजूद रहे।



युवक की हत्या का आरोपी ड्राइवर-कंडक्टर गिरफ्तार

❑शराब पीने के विवाद में मार डाला था, 4 दिन बाद हुआ खुलासा



बुलंदशहर। युवक की हत्या के आरोपी ड्राइवर और कंडक्टर को 4 दिन के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। सिकंदराबाद थाना क्षेत्र में चार दिन पुराने हत्याकांड का पुलिस ने विगत शाम किया खुलासा। पुलिस ने मामले में दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल गमछा, वारदात में प्रयुक्त बस, मृतक का मोबाइल फोन और टिफिन बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों आरो. पियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक 26 अक्टूबर 2026 को ग्राम गाजीपुर निवासी अनिता ने सिकंदराबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके भाई सुनील की 21 अक्टूबर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने गोपालपुर कट के पास से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान मोनू उर्फ फोनू पुत्र राम सिंह, निवासी रामलाल गढ़ी मंडावरा, थाना सिकंद. राबाद और सोनू पुत्र लक्खी, निवासी ग्राम झंडा, थाना हाफिजपुर, हापुड़ के रूप में हुई है।

एसपी०सिटी अभिषेक प्रताप ने प्रेसवार्ता में बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी बस संख्या UP13ET 3529 में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें सुनील मिला, जिसे उन्होंने बातचीत के बाद बस में बैठा लिया। बस के अंदर तीनों शराब पीने लगे। इसी दौरान किसी बात को लेकर सुनील और दोनों आरोपियों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों ने कथित तौर पर गमछे से सुनील का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल बस, गमछा, मृतक का मोबाइल फोन और टिफिन बरामद किया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की गई है।

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



बुलंदशहर। अहार थाना क्षेत्र के गांव बढ़पुरा में बुधवार सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

बढ़पुरा निवासी वेदप्रकाश की पत्नी क्षमा देवी (36) काफी समय से बीमार चल रही थीं। पहले उनका अस्पताल में उपचार कराया गया था, जबकि इन दिनों घर पर ही इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह अचानक उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर ग्रामीण सांत्वना देने पहुंच गए। इसी दौरान मृतका के मायके पक्ष के लोग भी घर पहुंच गए, जहां दोनों पक्षों के बीच शोर-शराबा होने लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राहुल कुमार चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

टेंपो खाई में पलटा, महिला और छात्रा की मौत



बुलंदशहर। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव ताल विवयाना के पास अनियंत्रित टेंपो खाई में पलट गया, जिसमें एक महिला और छात्रा की मौत हो गई जबकि चालक और एक अन्य युवती घायल हो गए। टेंपो में सवार तीन महिलाएं अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर की तरफ लौट रही थीं। गांव ताल विवियाना के पास टेंपो चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वह खाई में पलट गया। हादसे में अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दौंका निवासी बीएससी की छात्रा ज्योति (20 वर्ष) पुत्री भानु प्रताप सिंह जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के गांव कत्यावली निवासी रीना (40 वर्ष) पत्नी पंकज और ज्योति की बहन खुशबू के साथ-साथ चालक घायल हो गए। पुलिस ने चारों घायलों को उपचार हेतु अनूपशहर अस्पताल भेज दिया, जहां उपचार के दौरान रीना की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल हुई ज्योति को उपचार हेतु हापुड़ अस्पताल भेजा गया। जहां उसकी भी मौत हो गई। मृतका ज्योति के चाचा राकेश कुमार ने टेंपो चालक के खिलाफ अहमदगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

खोदी जा रही एएमयू प्रोफेसर के पत्नी की कब्र

❑ हत्या के आरोप से बढ़ा विवाद

अलीगढ़। एएमयू लॉ विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर शब्बीर अहमद की पत्नी की कब्र खोदने की कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मजिस्ट्रेट के आदेश पर कब्र खोदी जा रही है। मृतका की बेटी ऐश मोहम्मद ने चाचा और चचेरे भाइयों पर जबरन कब्र खुदवाने का आरोप लगाया है। वहीं, मृतका के भतीजे ने अपनी बड़ी अम्मी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर विश्वविद्यालय के कब्रिस्तान में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रोफेसर शब्बीर अहमद की पत्नी को 18 अगस्त को एएमयू के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था। परिजनों के मुताबिक, वह काफी समय से बीमार थीं। अब उनकी मौत को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं। मृतका की बेटी ऐश मोहम्मद का आरोप है कि उनके चाचा और चचेरे भाई उनकी मां की कब्र जबरन खुदवाना चाहते हैं। दूसरी ओर, मृतका के भतीजे ने आरोप लगाया है कि उनकी बड़ी अम्मी की हत्या की गई थी। उसका दावा है कि मौत से पहले संपत्ति उनके बच्चों के नाम लिखवा ली गई थी।

छतारी थाने में लंगूर के पोस्टर लगाए दो थाना प्रभारी लाइन हाजिर, जन शिकायतों में लापरवाही पर गिरी गाज

❑बंदरों को भगाने के लिए पुलिस ने दीवारों, दरवाजों और बरगद के पेड़ पर चिपकाए पोस्टर



बुलंदशहर। छतारी थाना परिसर में बंदरों के झुंड घुसकर उत्पात मचा रहे थे। इससे पुलिसकर्मियों के लिए काम करना मुश्किल हो रहा था। बंद. रों को भगाने के लिए थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने लंगूर के पोस्टर लगवाए। थाना परिसर की जगह-जगह दीवारों, दरवाजों और बरगद के पेड़ पर पोस्टर चिपकाए गए हैं। एक पोस्टर थाना कार्यालय के मुख्य द्वार पर और दूसरा संतरी पोस्ट के पास बरगद के पेड़ पर लगाया गया। पोस्टरों में लंगूर की दहाड़ती तस्वीर है। पुलिस के मुताबिक इन्हें देखकर बंदर थाना परिसर से दूर भाग रहे हैं।

बंदर फरियादियों का सामान छीन लेते थे और पुलिसकर्मियों का भोजन उठा ले जाते थे। कई बार वे सरकारी कागजात फाड़ देते थे। बंदर मालखाने और थाने के अंदर तक घुस जाते थे। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि बंदरों के कारण फरियादी अपनी फरियाद लेकर आने में डर महसूस कर रहे थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा था। पोस्टर लगाने के बाद बंदरों का आतंक कम हुआ है।

बुलंदशहर। जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और भ्रष्टाचार की शिकायतों पर एसएसपी०दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस विभाग में फेरबदल किया है। सिकंदराबाद और अगौता के थाना प्रभारियों को हटाकर लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं, बुगरासी चौकी इंचार्ज को भी भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर लाइन हाजिर किया गया है। इसके अलावा कई निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। सिकंद. राबाद कोतवाली प्रभारी शैलेष प्रताप सिंह और अगौता थाना प्रभारी संजेश कुमार को उनके पद से हटाकर लाइन हाजिर किया गया है। जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से संजय वर्मा को सिकंद. राबाद कोतवाली और भूपेंद्र कुमार को अगौता थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बुगरासी चौकी इंचार्ज नीटू कुमार को भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों के आधार पर लाइन हाजिर किया गया है। अधिकारियों के मुता. बिक पुलिस विभाग में लाप. रवाही और भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। हालांकि आरोपों के संबंध में विस्तृत जांच के नतीजे सामने नहीं आए है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत डीसीआरबी में तैनात सुनील गौतम को अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर अनूपशहर भेजा गया है। निरीक्षक विजय यादव और वीरपाल सिंह का तबादला सिटी कोतवाली में किया गया है।



वहीं सुरेश कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक के रूप में कोतवाली देहात में तैनाती दी गई है। एसएसपी०दिनेश कुमार सिंह की कार्रवाई में थानों और चौकी स्तर पर जिम्मेदारियां बदली गई हैं। जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों के बाद किए गए इस फेरबदल का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करना है। नई तैनाती के बाद संबंधित अधिकारियों से अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था और शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी संभालने की अपेक्षा है।

बंदर ने दो बच्चों पर हमला किया

एक बच्चे को आंख के पास तो दूसरे को भी चेहरे पर गंभीर चोटें



बुलंदशहर। गुलावठी में बृहस्पतिवार की दोपहर घर के बाहर खेल रहे दो बच्चों पर बंदर ने हमला कर दिया। एक बच्चे की आंख के पास चोट आई। बच्चों को बचाने आई मां बेहा. श हो गई। दोनों बच्चों को गुलावठी सीएचसी०से बुलंदशहर रेफर किया गया।

घटना बृहस्पतिवार को मोहल्ला पीरखां में खतीजा मस्जिद के पास हुई। अल्पेश (4), महबूब का बेटा, पड़ोस में रहने वाले अल्लू (2), वसीम के बेटे के साथ घर के बाहर खेल रहा था। तभी बंदर ने पहले अल्पेश को गिराकर उसकी आंख के पास चोट पहुंचाई। इसके बाद बंदर ने अल्लू पर हमला किया।

बच्चों की आवाज सुनकर अल्पेश की मां आसमा बाहर आईं। बच्चों की हालत देखकर वह कॉलोनी की सड़क पर बेहोश हो गईं। मोहल्ले के मोहम्मद सलमान और मोहम्मद अकरम समेत लोगों का कहना है कि कॉलोनी में एक बंदरिया अब तक कई बच्चों पर हमला कर चुकी है। उन्होंने बंदर को पकड़वाने के लिए नगर पालिका, वन विभाग और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने बताया कि उन्होंने पीरखां में बंदर पकड़ने वाली एक टीम से बात की है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों को पकड़ने का काम वन विभाग का है, लेकिन मोहल्ले के लोगों की परेशानी को देखते हुए वह बंदर को पकड़वाने के लिए कार्रवाई कर रही हैं।

महिलाओं पर अश्लील कमेंट करने के आरोप में युवक गिरफ्तार



बुलंदशहर। गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में महिलाओं पर फब्तियां कसने और गाने गाकर परेशान करने के आरोप में पुलिस ने शाहरुख को गिरफ्तार किया है। आरोपी शाहरुख पुत्र वहीद, मोहल्ला पीरखां का निवासी है। पुलिस ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस के अनुसार गुलावठी कस्बे में एक सार्वजनिक स्थान पर कुछ महिलाएं गुजर रही थीं। इसी दौरान शाहरुख वहां पहुंचा और महिलाओं को देखकर गाने गाने लगा। आरोप है कि उसने महिलाओं पर फब्तियां भी कसीं, जिससे वे असहज हो गईं। मौके पर मौजूद कुछ महिलाओं ने इसका विरोध किया। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज आनंद कुमार मिशन शक्ति टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी०सिटी अभिषेक प्रताप ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने विगत दोपहर करीब 3 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में कार्रवाई जारी रहेगी।

बाइक और वैन की आमने-सामने टक्कर, युवक की मौत

❑दूसरा गंभीर रूप से घायल



बुलंदशहर। स्याना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिगराऊ में बाइक व वैन की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्याना निवासी हसन उम्र 20 वर्ष अपने अन्य साथी शिवा उम्र 17 वर्ष के बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से खानपुर की तरफ जा रहा था। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिगराऊ पहुंचने पर सामने से आ रही वैन और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को नगर के सीएचसी० पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने हसन को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

पीईटी परीक्षा के केंद्रों पर कड़ी निगरानी के निर्देश

❑39 सेक्टर मजिस्ट्रेट करेंगे परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

अलीगढ़। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन कराने के लिए एडीएम सिटी संगीता की अध्यक्षता में सभी 39 सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक आयोजित की। बैठक में सभी अधिकारियों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। एडीएम सिटी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग एवं फ्रिस्किंग सुनिश्चित की जाए। परीक्षार्थियों का सामान पहले क्लॉक रूम में जमा कराया जाए, इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जांच कराई जाए। समय से परीक्षा केंद्र पहुंचने वाले सभी परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन कर उन्हें परीक्षा में सम्मिलित कराया जाए। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोकॉपी की दुकानें बंद रखी जाएं, ताकि परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित न हो।

उन्होंने कहा कि परीक्षा शुरू होने से पहले लाउडस्पीकर के माध्यम से एक-दो बार उद्घोषणा करा ली जाए, जिससे केंद्र के बाहर मौजूद कोई भी परीक्षार्थी समय रहते प्रवेश कर सके। प्रवेश द्वार बंद होने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी समय से पहुंचा परीक्षार्थी अनावश्यक रूप से बाहर न रह जाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्धारित व्यवस्थाओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराएं। सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजकिशोर ने बताया कि पीईटी परीक्षा 30 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और द्वितीय पाली अपराह्न 3 से शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रत्येक पाली में 19,104 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 25 अक्टूबर को पैट परीक्षा का भी सकुशल आयोजन किया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय देखभाल, सहयोग दिवस पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्व. विद्यालय के समाज कार्य विभाग ने सामाजिक विज्ञान संकाय के सम्मेलन कक्ष में 'अंतर्राष्ट्रीय देखभाल एवं सहयोग दिवस' पर विश्वविद्यालय विस्तार व्याख्यान आयोजित किया। इसमें देखभाल से जुड़ी चुनौतियों, देखभाल अर्थव्यवस्था और कमजोर वर्गों की जरूरतों को पूरा करने में समाज कार्य की बदलती भूमिका पर चर्चा की गई।

दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क की प्रख्यात विद्वान प्रो. अर्चना कौशिक ने व्याख्यान दिया। समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद ताहिर ने अतिथि वक्ता और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने व्यावसायिक विकास और व्यक्तिगत उन्नति के लिए इस विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

प्रो. कौशिक ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के '5आर' ढांचे को देखभाल संबंधी चुनौतियों से निपटने का एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण बताया। इसमें देखभाल कार्य को मान्यता देना, उसका बोझ कम करना, जिम्मेदारियों का समान वितरण करना, उचित पारिश्रमिक देना और देखभाल कर्मियों को अपनी बात रखने का अवसर देना शामिल है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं, सामाजिक संस्था के रूप में परिवार की बदलती भूमिका, मौजूदा देखभाल व्यवस्थाओं की कमियों और देखभाल अर्थव्यवस्था की उभरती अवधारणा पर भी चर्चा की।

अध्यक्षीय संबोधन में एएमयू के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. अरशी खान ने देखभाल करने वालों और देखभाल प्राप्त करने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानव जीवन में प्राथमिक और द्वितीयक वस्तुओं की अवधारणाओं पर चर्चा करते हुए समसामयिक सामा. जिक महत्व के विषय पर व्याख्यान आयोजित करने के लिए समाज कार्य विभाग की सराहना की।

कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद अकरम, अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. एम. फिरदौस अहमद तथा महिला अध्ययन उन्नत केंद्र की डॉ. तौसीफ फातिमा और शीराज अहमद उपस्थित रहे। समाज कार्य में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के शोधार्थियों और विद्यार्थियों के साथ सामाजिक विज्ञान संकाय के स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। विश्वविद्यालय विस्तार व्याख्यान के समन्वयक प्रो. मोहम्मद मुहीबुल हक ने कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया।

समाज कार्य विभाग की शिक्षिकाओं और शिक्षकों डॉ. शायना सैफ, डॉ. मोहम्मद आरिफ खान, डॉ. मोहम्मद उजैर और डॉ. समीरा खानम ने कार्यक्रम के आयोजन में योगदान दिया।

ट्रेन पर ड्रोन हमला, 14 की मौत

यूक्रेन के निप्रो स्टेशन पर दो यात्री ट्रेनें निशाने पर; 10 से ज्यादा घायल, इस साल रेलवे नेटवर्क पर 1,600 से अधिक हमले

कीव। यूक्रेन में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जिंदगी पलभर में तबाही में बदल गई। मध्य यूक्रेन के निप्रो शहर में गुरुवार सुबह रूसी ड्रोन ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म को निशाना बनाया। हमले में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। उस समय प्लेटफॉर्म पर एक लोकल इलेक्ट्रिक ट्रेन और एक यात्री ट्रेन खड़ी थीं। ड्रोन हमले के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, हमला जेट इंजन वाले ड्रोन से किया गया। यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी के अनुसार, निशाना बने प्लेटफॉर्म पर निप्रो से जापोरिजिया जाने वाली ट्रेन नंबर 866 खड़ी थी। ट्रेन रवाना होने की तैयारी में थी और प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में यात्री मौजूद थे। हमले से ट्रेनों को नुकसान पहुंचा और स्टेशन पर आपातकालीन हालात पैदा हो गए।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को भयावह बताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने अमेरिका, यूरोपीय संघ और जी-7 देशों से रूस पर नए और कड़े प्रतिबंध लगाने की अपील की। जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध जारी रहने तक रूस और उसकी सैन्य व्यवस्था पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील नहीं दी जानी चाहिए।



चेतावनी के बावजूद प्लेटफॉर्म पर मौजूद थे यात्री

यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी ने बताया कि हमले से पहले खतरे को लेकर चेतावनी जारी की गई थी। इसके बावजूद प्लेटफॉर्म पर यात्री मौजूद थे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ड्रोन हमलों के बढ़ते खतरे के कारण ट्रेनों का संचालन लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई बार ट्रेनों को रोकना और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ता है। हमले के बाद आपातकालीन सेवाओं ने स्टेशन पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को चिकित्सा सहायता दी गई। शुरुआती खबरों में मृतकों की संख्या 13 बताई गई थी, बाद के अपडेट में यह बढ़कर 14 हो गई। घायलों की संख्या को लेकर भी अलग-अलग रिपोर्ट सामने आई हैं।

रेलवे नेटवर्क को लगातार निशाना बना रहा रूस

यूक्रेन के रेलवे नेटवर्क पर हमले युद्ध के दौरान लगातार बढ़े हैं। रेलवे कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, 2026 के पहले आठ महीनों में रेल नेटवर्क, ट्रेनों, इंजनों और रेलवे से जुड़े ठिकानों पर 1,600 से अधिक हमले दर्ज किए गए। इन हमलों से परिवहन व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ा है। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रिय सिबिहा के अनुसार, 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूस के हमलों में 500 से अधिक रेल इंजन क्षतिग्रस्त या नष्ट हो चुके हैं। इनमें से आधे से ज्यादा नुकसान इस साल हुआ। रेलवे यूक्रेन में केवल यात्री परिवहन का साधन नहीं है, बल्कि अनाज, जरूरी सामान और राहत सामग्री पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रेलवे मार्ग बाधित होने से देश के अलग-अलग हिस्सों के बीच आवाजाही प्रभावित होती है। मालगाड़ियों के संचालन में रुकावट से आपूर्ति व्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ सकता है। यही वजह है कि रेलवे पर हमलों को यूक्रेन की परिवहन व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से मांगी मदद

निप्रो हमले के बाद जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों से रूस पर दबाव बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ प्रतिबंधों में ढील देने के बजाय उसे युद्ध रोकने के लिए बाध्य करने वाले कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने अमेरिका, यूरोप और जी-7 देशों से नए प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। जेलेंस्की ने यह भी आरोप लगाया कि तनाव कम करने के बजाय रूस यूक्रेन पर हमले जारी रखे हुए है। उनके मुताबिक, नागरिकों और परिवहन से जुड़े ठिकानों पर हो रहे हमलों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को निर्णायक कदम उठाने चाहिए। रूस की ओर से इस विशेष हमले पर तत्काल प्रतिक्रिया की जानकारी उपलब्ध नहीं थी।

8 महीने में 1,600 से ज्यादा हमले

2026 के पहले आठ महीनों में यूक्रेन के रेलवे नेटवर्क पर 1,600 से अधिक हमले दर्ज किए गए। 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से 500 से अधिक रेल इंजन क्षतिग्रस्त या नष्ट होने की जानकारी यूक्रेनी अधिकारियों ने दी। रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और इंजनों पर हमलों से परिवहन व्यवस्था प्रभावित हुई है।

सितंबर में 5,831 ट्रेनों से यात्री उतारे

यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी के मुताबिक, सितंबर में ड्रोन हमलों के खतरे के कारण 5,831 ट्रेन सेवाओं से यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। यह औसतन प्रतिदिन करीब 194 ट्रेन सेवाएं होती हैं। खतरे की चेतावनी मिलने पर ट्रेनों को रोकना और यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना रेलवे के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

ड्रोन से बचाव की तैयारी

लगातार हमलों के बीच यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी ने ड्रोन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी केंद्र बनाए हैं। खतरे का संकेत मिलने पर ट्रेनों को रोकने और यात्रियों को सुरक्षित उतारने की व्यवस्था की जाती है। हालांकि, निप्रो की घटना ने दिखाया कि चेतावनी जारी होने के बावजूद भीड़भाड़ वाले प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मुश्किल बना हुआ है।

यूपी में प्रदर्शन में शामिल हुए तो नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

लखनऊ। यूपी मे आवेदकों के चरित्र सत्यापन को लेकर नीति और सख्त की गई है, जिसमें बताया गया है कि राजनीतिक विचारधारा के आधार पर ही किसी को अयोग्य नहीं माना जाएगा, लेकिन किसी भी तरह के हिंसक प्रदर्शन में हिस्सा लेने पर सरकारी नौकरी मिलने में दिक्कत हो सकती है। इस तरह से अब उत्तर प्रदेश में जो प्रदर्शन या फिर किसी हिंसक आंदोलन में शामिल होंगे, उन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। यूपी सरकार के इस आदेश में कहा गया है कि यूपी में किसी भी प्रदर्शन में शामिल होकर उसमें किसी भी तरह की हिंसा हुई तो ऐसे अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी नहीं दी जाएगी। यूपी मे आंदोलन में शामिल होने के लिये हिंसा की तो सरकारी नौकरी से होंगे दूर। सरकारी नौकरी के लिए आवेदकों के चरित्र सत्यापन को लेकर नीति और सख्त कर दी है। नये नियम के तहत यूपी के सरकारी विभागों, निगमों, परिषद और स्थानीय निकायों मे सीधी भर्ती के तहत चयन में चरित्र सत्यापन पर सख्ती की गई है।



महिलाओं पर बयान से संसद में मारपीट

आर्मेनिया में सत्ता पक्ष-विपक्ष के सांसद भिड़े, लात-घूंसे चले; कार्यवाही रोकनी पड़ी

येरेवन। महिलाओं पर विवादित टिप्पणी को लेकर आर्मेनिया की संसद गुरुवार को अखाड़े में बदल गई। सत्तारूढ़ दल और विपक्षी सांसदों के बीच तीखी बहस देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। सांसदों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे चलाए और एक सांसद फर्श पर गिर गया। हालात बिगड़ने पर सुरक्षाकर्मियों को हस्तक्षेप करना पड़ा और संसद की कार्यवाही रोकनी पड़ी। विवाद सत्तारूढ़ दल के सांसद तारोन चखोयान और विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन के बीच शुरू हुआ। चखोयान ने कारापेटयन के चचेरे भाई सरगिस कारापेटयन की एक पॉडकास्ट में महिलाओं को लेकर की गई विवादित टिप्पणी का मुद्दा उठाया और माफी की मांग की। इस दौरान परिवार को लेकर की गई टिप्पणी से विपक्षी सांसद नाराज हो गए और स्पीकर के पोडियम की ओर बढ़े। इसके बाद सदन में धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू हो गई। विवाद की जड़ एक पॉडकास्ट में महिलाओं की यौन संतुष्टि और आर्मेनिया की घटती जन्म दर को लेकर हुई चर्चा थी।



रिपोर्ट के मुताबिक, सरगिस कारापेटयन ने टिप्पणी की थी कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर कोई महिला यौन संतुष्टि से वंचित नहीं रहेगी। बातचीत के दौरान ह्यसेक्स मंत्रालयह्ण बनाने जैसी बात भी कही गई थी। इन टिप्पणियों को लेकर विवाद खड़ा हुआ। संसद में चखोयान ने इसी मामले को उठाते हुए सवाल किया कि महिलाओं से माफी क्यों नहीं मांगी गई। इसी मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ा और बहस हाथापाई तक पहुंच गई। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

पाकिस्तानः सिलेंडर फटने से 10 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बृहस्पतिवार को एक एंबुलेंस के भीतर ऑक्सीजन सिलेंडर भटने से एक महिला सहित 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना थारपारकर जिले के नगरपारकर इलाके में हुई, जहां एंबुलेंस एक महिला को डानो धंधल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मीठी शहर के जिला अस्पताल ले जा रही थी। थारपारकर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आरिफ अजीज जाफरी ने बताया, "अब तक महिला समेत 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि प्रसव के बाद जटिलताएं होने के कारण महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था। जाफरी ने बताया कि एंबुलेंस चालक जब सिलेंडर को वाहन के अंदर ले जा रहा था, तभी उसमें विस्फोट हो गया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और मामले की जांच की जारी है।



यूपीः नितिन नवीन ने राष्ट्रीय महासचिवों के साथ की बैठक

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की। इसमें संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों और आने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, स्मृति ईरानी, विनोद तावड़े और सुनील बंसल समेत अन्य नेता शामिल हुए। इस बैठक के बाद नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इससे पहले नितिन नवीन ने भाजपा के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत दिल्ली के चांदनी चौक में एक मार्च का नेतृत्व किया। यह मार्च ऐसे समय में निकाला गया, जब एसआईआर को लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने वोट चोरी के आरोप लगाए हैं।

जान्हवी के मजाक पर नाराज हुए लोग



मुंबई। करण जौहर का पॉपुलर चैट शो कॉफी विद करण सीजन 9 के तीसरे एपिसोड में वरुण धवन और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर नजर आईं। शो में रैपिड फायर सेगमेंट के दौरान जान्हवी ने कुछ ऐसा कहा, जो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। जानिए क्या है पूरा मामला। दरअसल, जान्हवी कपूर हाल ही में अपनी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के सह-कलाकार वरुण धवन के साथ कॉफी विद करण में पहुंचीं। शो के रैपिड फायर राउंड के दौरान होस्ट करण जौहर ने जान्हवी से पूछा कि वह वीर पहाड़िया को डेटिंग को लेकर क्या सलाह देना चाहेंगी। बता दें कि वीर, जान्हवी के पार्टनर शिखर पहाड़िया के भाई हैं। इस सवाल के जवाब में जान्हवी ने कहा, उसे कभी कॉन्सर्ट में मत ले जाना। जान्हवी की यह बात सुनकर वरुण धवन, करण जौहर और शो में नजर आए अर्जुन कपूर भी कुछ देर के लिए शांत हो गए। जान्हवी ने इस बात पर आगे कोई सफाई नहीं दी, लेकिन उनका यह छोटा-सा जवाब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। जान्हवी के इस बयान को लोग दिसंबर 2025 में हुए उस कॉन्सर्ट से जोड़ रहे हैं, जिसमें तारा सुतारिया ने सिंगर एपी ढिल्लों के साथ स्टेज पर परफॉर्म किया था। उस दौरान एपी ढिल्लों ने तारा को गले लगाया और उनके गाल पर किस किया था। इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तारा और वीर के रिश्ते को लेकर कई तरह की अटकलें लगने लगी थीं। कुछ लोगों ने वीर के रिएक्शन को लेकर भी सवाल उठाए थे। हालांकि, वीर ने बाद में स्पष्ट किया था कि उनके असहज दिखने का दावा करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा वीडियो कॉन्सर्ट के किसी दूसरे हिस्से का था। वहीं, तारा ने भी अपने बारे में फैलाई जा रही गलत बातों और कथित पेड पीआर कैंपेन पर नाराजगी जताई थी। अब जान्हवी के बयान के बाद एक बार फिर यह पुराना मामला चर्चा में आ गया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने उनके मजाक को गलत बताया। एक यूजर ने लिखा कि दूसरी महिलाओं को नीचा दिखाना मजेदार नहीं, बल्कि शर्मनाक है। वहीं, एक अन्य यूजर ने कहा कि सिर्फ एक हैम्पर जीतने के लिए जान्हवी ने इतना नीचे गिरना ठीक समझा। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि जान्हवी चाहतीं तो किसी दूसरी महिला पर तंज कसने के बजाय इस सवाल का जवाब देने का कोई और तरीका चुन सकती थीं। हालांकि, कॉन्सर्ट में हुई घटना को लेकर अब तक सामने आई बातों से यह साबित नहीं होता कि तारा और वीर के रिश्ते में क्या हुआ था या उनके अलग होने की असली वजह क्या थी। दोनों ने अपने ब्रेकअप की सटीक वजह सार्वजनिक रूप से नहीं बताई है। ऐसे में जान्हवी के बयान ने एक बार फिर इस पुराने विवाद को हवा दे दी है।

ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में हारे उम्मीदवार ने छोड़ा देश

ट्रंप प्रशासन ने दी थी अमेरिकी वीजा की मंजूरी

ब्राजील (एजेंसी)। के राष्ट्रपति चुनाव में लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा की जीत हुई है। 80 वर्षीय लूला को चौथी बार राष्ट्रपति बनने का मौका मिला है। राष्ट्रपति उम्मीदवार फ्लावियो बोल्सोनारो को हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ बोल्सोनारो ने अपनी पत्नी और बेटियों के साथ देश छोड़ दिया है। वह परिवार संग मियामी पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के हाथों चुनाव में हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

अर्जेंटीना के अधिकारियों और उड़ान संबंधी आंकड़ों के अनुसार, 45 वर्षीय सीनेटर मंगलवार को अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ पहले अर्जेंटीना गए और फिर इक्काडोर पहुंचे। इसके बाद वह मियामी पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी फ्लावियो बोल्सोनारो ने मई में व्हाइट हाउस का दौरा किया था। ट्रंप प्रशासन ने इस सप्ताह उन्हें और उनके परिवार को अमेरिकी वीजा देने की मंजूरी दी थी। फ्लावियो के पिता जायर बोल्सोनारो भी 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में लूला से हारने के बाद फ्लोरिडा चले गए थे। हालांकि, वह तीन महीने बाद ब्राजील लौट आए थे। फ्लावियो बोल्सोनारो ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट की जांच के दायरे में हैं। उन पर भ्रष्टाचार, धनशोधन और कर चोरी के आरोप हैं। कोर्ट ने उन्हें मंगलवार दोपहर तक अपना सामान्य और राजनयिक पासपोर्ट जमा करने का आदेश दिया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उन्होंने आदेश का पालन किया या नहीं। उनके सहयोगियों ने मंगलवार देर रात कहा कि उनके पास इटली का पासपोर्ट भी है। ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अंतिम नतीजों में मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने बाजी मार ली। 25 अक्टूबर 2026 को हुए दूसरे चरण के मतदान में लूला को 51.79 फीसदी वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी फ्लावियो बोल्सोनारो को 48.21 फीसदी वोट हासिल हुए। लूला ने करीब 44 लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर राष्ट्रपति पद पर फिर से अपना कब्जा बरकरार रखा।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९६०
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१
ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

संजय राउत ने सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई से बिना शर्त माफी मांगी

नयी दिल्ली। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने अवमानना के मामले में सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से अवमानना मामले में माफी मांग ली है। संजय राउत ने कहा है कि वो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया और सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते है। संजय राउत ने कहा है कि वो स्वेच्छा से, बिना किसी दबाव या शर्त के माफी मांग रहे है। उन्हें अपने कमेंट पर पछतावा है।वे अपनी टिप्पणियों को किसी भी तरह सही ठहराने या उनका बचाव करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं।



शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने अपने माफीनामे में कहा है कि उनके मन में सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका के प्रति बहुत सम्मान है। वे मानते हैं कि न्यायपालिका कानून का शासन बनाए रखने, संविधान के मूल्यों की रक्षा करने और नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्हें दुख है कि उनकी टिप्पणियों से यह कार्यवाही शुरू हुई। संजय राउत ने कहा है कि उन्हें अपनी टिप्पणी से हुई परेशानी का पछतावा है। वे मानते हैं कि न्यायपालिका के बारे में सार्वजनिक रूप से बोलते समय बहुत सावधानी और जिम्मेदारी बरतनी चाहिए। संजय राउत ने वायदा किया है कि वो भविष्य में न्यायपालिका के बारे में सार्वजनिक बयान देते समय अपनी जिम्मेदारी समझेंगे और सोच-समझकर बोलेंगे। वे भविष्य में अधिक सावधानी और संयम बरतेंगे। संजय राउत ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि उनकी बिना शर्त माफी स्वीकार की जाए, उनके विरुद्ध जारी नोटिस को समाप्त किया जाए और इस कार्यवाही को यहीं खत्म कर दिया जाए।

आपको बता दें कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सांसद संजय राउत को निर्देश दिया था कि वह भारत के चीफ जस्टिस और न्यायपालिका को लेकर की गई टिप्पणियों को लेकर जारी की गई अवमानना की कार्यवाही के सिलसिले में 17 नवंबर को अदालत के पास व्यक्तिगत तौर पर पेश हों। बुधवार को हुई सुनवाई के बाद, राउत ने कहा कि वह इस मामले में दिए गए निर्देश के अनुसार शीर्ष अदालत में मौजूद रहेंगे।



गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

मानवीय अस्तित्व के समस्त क्रियाकलापों में समग्रता का भाव ही जीवन की वास्तविक सार्थकता है। चेतना की वह अवस्था, जहाँ प्रत्येक कृत्य अपनी पूर्णता में घटित होता है, वही योग का आधार बनती है। एक शिशु के व्यवहार में जिस तीव्रता का दर्शन होता है, वह उसकी भावनाओं की शुद्धता और अखंडता का परिचायक है। जब एक शिशु क्रोध व्यक्त करता है, तो उसके शरीर का प्रत्येक अवयव उस रोष में सम्मिलित होता है। उसके रोम-रोम से संवेग प्रकट होता है। इसके विपरीत, वयस्क जीवन में भावनाओं को प्रकट करने में एक प्रकार की कृपणता और संकोच का समावेश हो जाता है। मनुष्य जब अपने भावों को खंडित रूप में व्यक्त करता है, तो वे दमित होकर अंतर्मन में अवसाद का रूप ले लेते हैं। संवेगों की यह अपूर्णता ही मानसिक जड़ता का मूल कारण बनती है। जीवन के प्रत्येक आयाम में तीव्रता का संचरण ही साधक को समाधि के निकट ले जाता है। तीव्रता वह वेग है, जो मन को चंचलता से मुक्त कर उसे एक बिंदु पर केंद्रित करने की क्षमता रखता है। भावों की चरम सीमा पर पहुँचते ही मन स्वत: शांत हो जाता है। जिस प्रकार एक शिशु रुदन की अति के पश्चात अत्यंत शांति का अनुभव करता है, वैसे ही क्रोध, दु:ख, प्रेम अथवा ईर्ष्या जैसे संवेग जब अपनी पराकाष्ठा को स्पर्श करते हैं, तब उसके उपरांत एक नैसर्गिक मौन का उदय होता है। वयस्क जीवन में प्राय: इस प्रखरता का अभाव पाया जाता है। क्षुधा, निद्रा और कर्म सभी में वह तीव्रता शेष नहीं रह जाती। मनुष्य अपनी स्वाभाविक वृत्तियों को तीव्र होने का अवसर नहीं देता, जिसके कारण जीवन में एक प्रकार की शुष्कता और निस्तेजता व्याप्त हो जाती है। भय और सामाजिक संकोच इस मार्ग के सबसे बड़े अवरोधक हैं। संकोच के कारण मनुष्य स्वयं को भीतर ही भीतर इतना आबद्ध कर लेता है कि वह अपनी स्वतंत्र अभिव्यक्ति खो देता है। जब अभिव्यक्ति अवरुद्ध होती है, तब प्रतिभा का ह्रास होने लगता है। तीव्र संवेग वाले व्यक्तित्व के लिए परिवर्तन का मार्ग अत्यंत सुगम होता है। तीव्रता का अर्थ केवल बाह्य उग्रता नहीं, अपितु किसी भी कृत्य में अपनी संपूर्ण शक्ति और प्राणों को नियोजित कर देना है। ईश्वर कोई बाह्य व्यक्तित्व नहीं, अपितु वह अस्तित्व, चेतना और आनंद का पूर्ण स्वरूप है, जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में स्थित है। यह वह चैतन्य सत्ता है, जो क्लेश, कर्म-बंधन और कर्मफल के विपाक तीनों से अप्रभावित है।

ईश्वर कोई बाह्य व्यक्तित्व नहीं, अपितु वह अस्तित्व, चेतना और आनंद का पूर्ण स्वरूप है, जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में स्थित है। यह वह चैतन्य सत्ता है, जो क्लेश, कर्म-बंधन और कर्मफल के विपाक तीनों से अप्रभावित है।